धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
29.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 12



## चौथी बार अबुआ सरकार

## झारखंड के 14वें सीएम के रूप में ली शपथ

# मैं हेमंत सोरेन...





पहला कार्यकाल : 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014





दूसकरा कार्यकाल : 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024





तीसरा कार्यकाल : 4 जुलाई 2024 से 28 नवंबर 2024





चौथा कार्यकाल : 28 नवंबर 2024 से अब तक

- राज्यपाल ने 14वें मुख्यमंत्री के रूप में दिलायी शपथ
- चौथी बार सीएम बननेलाले झारखंड के पहले राजनेता
- खचाखच भरा था मोरहाबादी मैदान, शपथ ग्रहण देखेने झारखंड के कोने-कोने से पहुंची थी जनता
- झामुमो, कांग्रेस, राजद और सहयोगी दलों में भारी उत्साह



**अबुआ सरकार के ये बने गवाह :** हेमंत के माता-पिता रूपी सोरेन और शिबू सोरेन, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पंजाब के सीएम भगवंत मान, कर्नाटक डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, कांग्रेस अध्यक्ष, मलि लकार्जन खड़गे, राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पत्नी सुनीता केजरीवाल, गांडेय विधायक व पत्नी कल्पना सोरेन। इंडी ठबंधन के सभी विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और पार्टी नेता.

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति में हेमंत सोरेन ने रांची के ऐतिहासक मोरहाबादी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में गुरुवार 28 नवंबर को झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही हेमंत सोरेन चौथी बार राज्य की कमान संभालनेवाले झारखंड के पहले राजनेता बन गये। शपथ ग्रहण के बाद उन्हें राज्यपाल समेत तमाम नेताओं ने शुभकामना दी। सीएम हेमंत सोरेन ने मंच पर उपस्थित तमाम नेताओं का अभिवादन किया। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मलि लाकार्जन खड़गे, ममता बनर्जी, भगवंत मान, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल समेत गठबंधन के तमाम नेता मौजूद थे। पिता व पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन का आशीर्वाद ले कर हेमंत शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने पहुंचे। शपथ ग्रहण के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का और तमाम शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बाद में सीएम अपने सचिवालया भी पहुंचे। उनके वहां पहुंचते ही सचिवालय में रौनक आ गयी। फिर सीएम ने कैबिनेट की बैठक कर कई अहम फैसले भी लिये।

## झारखंड के 24 साल में बने 14 मुख्यमंत्री

1. बाबूलाल मरांडी- 15 नवंबर 2000 से 18 मार्च 2003।
2. अर्जुन मुंडा- 18 मार्च 2003 से दो मार्च 2005।
3. शिबू सोरेन- दो मार्च 2005 से 12 मार्च 2005।
4. अर्जुन मुंडा-12 मार्च 2005 से 18 सितंबर 2006।
5. मधु कोड़ा- 18 सितंबर 2006 से 28 अगस्त 2008।
6. शिबू सोरेन- 28 अगस्त 2008 से 18 जनवरी 2009।
7. शिबू सोरेन- 30 दिसंबर 2009 से 31 मई 2010।
8. अर्जुन मुंडा- 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013।
9. हेमंत सोरेन- 13 जुलाई 2013 से 23 दिसंबर 2014।
10. रघुवर दास 29 दिसंबर 2014 से 28 दिसूंर 2019
11. हेमंत सोरेन- 29 दिसंबर 2019 से 31 जनवरी 2024।
12. चंपाई सोरेन- 2 फरवरी 2024 से तीन जुलाई 2024।
13. हेमंत सोरेन- 04 जुलाई 2024 से 27 नवंबर, 2024 तक।
14. हेमंत सोरेन - 28 नवम्बर, 2024 से अबतक



## चार सीएम के शपथ का गवाह बना मोरहाबादी मैदान

### मोरहाबादी में हेमंत ने दूसरीबार ली शपथ

**रांची।** राजधानी रांची का मोरहाबादी मैदान भी अपने नाम रिकॉर्ड कायम करता जा रहा है। अब तक मोरहाबादी मैदान चार मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह का गवाह बन चुका है। हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी में 2019 और फिर 2024 में सीएम की शपथ ली। इस मैदान में सबसे पहले अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद 2014 में रघुवर दास ने इसी मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2019 में हेमंत सोरेन में मोरहाबादी में ही आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सीएम पद की शपथ ली थी। अब एक बार फिर हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सीएम पद की शपथ ली। अन्य मुख्यमंत्रियों ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सीएम पद की शपथ ली थी।





# राहुल, खड़गे, ममता एवं अखिलेश का एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत

## तेजस्वी बोले- हेमंत के नेतृत्व में पांच साल सरकार चलायेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हैमंत सोरेन के शपथ ग्रहण को लेकर झारखंड की राजधानी रांची गुरुवार को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के केंद्र बना रहा। विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 81 में से 56 सीटों पर मिली शानदार जीत को गठबंधन में शामिल सभी दल के नेताओं ने एकजुटता के साथ सेलिब्रेट किया। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया।

एयरपोर्ट से राहुल गांधी एवं खड़गे को कड़ी सुरक्षा के बीच कार तक ले जाया गया। इस दौरान उन्होंने अपने कई समर्थकों से हाथ भी मिलाया। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गईं। शपथ ग्रहण में शामिल होने आए तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन का भी भव्य स्वागत किया गया। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रांची एयरपोर्ट पर कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पांच साल सरकार चलाएंगे, झारखंड को आगे ले जाएंगे. वहीं उत्तर प्रदेश के सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि महाराष्ट्र में चूके,आगे ताकत से जुटेंगे। सपा नेता अखिलेश यादव को एयरपोर्ट पर रिसीव करने झामुमो के पूर्व विधायक मिथिलेश ठाकुर गये थे। एयरपोर्ट पहुंचने पर अखिलेश यादव समेत तमाम नेताओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। पूरा एयरपोर्ट परिसर ढोल नगाड़ों की गूंज से गूंजता रहा। राजद नेता तेजस्वी यादव को रिसीव करने प्रदेश राजद के नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह यादव समेत कई नेता पहुंचे थे।

## सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही हेमंत सोरेन पहुंचे झारखंड मंत्रालय, लौटी रौनक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मोराहाबादी में शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रोजेक्ट भवन सचिवालय पहुंचे। लगभग 5:45 बजे मुख्यमंत्री के मंत्रालय परिसर में आगमन होते ही पुलिस सचिवालय में हलचल शुरू हो गयी। मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। झारखंड मंत्रालय में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल सहित अन्य पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद के नेतृत्व में भी सचिवालय कर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन का स्वागत किया। सीएम के सचिवालय आते ही मंत्रालय में रौनक लौट गई। सीएम जल्द ही कैबिनेट की बैठक करेंगे।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सिदो- कान्हू उद्यान, मोरहाबादी, रांची में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद बिरसा चौक में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा- सुमन अर्पित किये।



## जिधर देखें भीड़, बड़ी संख्या में पहुंची थी महिलाएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में दूर-दूर से लोग पहुंचे थे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। महिलाओं में शपथ ग्रहण से अधिक उत्सुकता उन्हें दिसंबर से मिलनेवाली मईंयां योजना की 25 सौ रुपये प्रतिमाह को लेकर देखा गया। कई महिलाएं आपस में बात करते दिखे कि दिसंबर से उन्हें राशि 1000 से बढ़कर मिलेगा। पलामू, दक्षिणी छोटानागपुर, उत्तरी छोटानागपुर, कोयलांचल, कोल्हान और संथाल से बड़ी संख्या में लोग बसों पर सवार होकर, छोटी गाड़ियों और ट्रेनों से पहुंचे थे। बहुत से बस शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने के बाद रांची पहुंची। रांची की सड़कों विशेषकर मोरहाबादी से जुड़ी पहुंच पथों पर लोग रेंग रहे थे। महिलाओं के अलावा बच्चे भी इस आयोजन में पहुंचे थे। पूरा मोरहाबादी मैदान नेताओं के होर्डिंग, पोस्टर से भरा पड़ा था। झामुमो का झंडा सबसे अधिक दिखा।

सीएम के चुनाव क्षेत्र बरहेट से भी बड़ी संख्या में महिलाएं अपने नेता का शपथ ग्रहण देखने पहुंची थीं। वहीं कल्पना सोरेन के चुनाव क्षेत्र गांडेय विधानसभा से कई बसें रांची पहुंची थी।

## मुख्यमंत्री पति के साथ साये की तरह घूम रही थीं विधायक पत्नी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड झारखंड में चौथी बार अबुआ राज का गठन हो गया है। अबुआ राज के सीएम हेमंत सोरेन बनाए गए हैं। गुरुवार को हेमंत सोरेन की मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार ताजपोशी हुई। पहली और दूसरी ताजपोशी में उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन की भूमिका राजनीतिक रूप से नहीं के बराबर थी। परंतु ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में 1 जनवरी 2024 को जेल भेजे जाने के बाद से उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू राजनीतिक जीवन में सक्रिय हुई और झामुो की फायर ब्रांड नेता के रूप में उभर कर सामने आई। हेमंत सोरेन 5 माह तक जेल में रहे। इस बीच वह संघर्ष करती रहीं और जेल से निकलते ही इन्होंने राजनीतिक में सक्रियता दिखाई। उनकी सक्रियता के बदौलत ही विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की ऐतिहासिक जीत हुई और आज



हुए राजतिलक में उनके पति और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से कैबिनेट की बैठक तक उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन मुख्यमंत्री के साथ साये के रूप में रहीं।

इससे पूर्व दोनों ने सिद्दो-कान्हो पार्क में जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

यहां से बिरसा चौक पहुंचे और बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। यहां से दोनों प्रोजेक्ट भवन की ओर चले गए। यहां से कैबिनेट की बैठक के वह सीएम के साथ कांके रोड स्थित आवास लौट गयीं।

### अविनाश कुमार फिर बने मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव



**रांची।** अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड के पद पर पदस्थापित आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, झारखण्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसे लेकर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने गुरुवार की शाम अधिसूचना जारी कर दी है।

### बाबूलाल मरांडी ने दी हेमंत सोरेन को बधाई

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी बधाई एवं शुभकामनायें दी है। श्री मरांडी हेमंत सोरेन को चौथी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हेमंत सोरेन चुनाव के समय जनता से किये गये हर वायदे को दृढ़ता से धरातल पर

## गरीबों, दलितों के आवाज थे रामविलास : बिरेन्द्र

### झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में मनाया गया लोक जनशक्ति पार्टी का 24वां स्थापना दिवस समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 24वें स्थापना दिवस गुरुवार को डोरंडा स्थित प्रदेश कार्यालय में मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने पार्टी के संस्थापक पद्म भूषण स्व रामविलास पासवान के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामविलास पासवान आजीवन गरीबों, दलितों के उत्थान को लेकर आवाज उठाते रहे। यही कारण है कि उन्हे पद्मभूषण से अलंकृत किया गया। मौके पर बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा रामविलास पासवान के सपनों को पूरा करने का संकल्प भी लिया गया।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने देश एवं प्रदेश में मौजूद पार्टी के सभी कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं




भी दीं। उन सभी महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी श्रद्धाभाव के साथ याद किया गया जिन्होंने सालों तक पार्टी के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। बिरेन्द्र प्रधान के मुताबिक, वह आज विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोक जनशक्ति पार्टी युवाओं की पसंदीदा पार्टी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी में युवाओं का रुझान बढ़ा है। हाल ही में झारखंड में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में गठबंधन के तहत मिली चतरा विधानसभा की सीट पर जीत हासिल की। लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना रामविलास पासवान ने 2000 में की थी। पासवान पहले जनता पार्टी में रहे। फिर जनता दल में आए और उसके बाद जदयू से अलग होकर अपनी पार्टी बना ली। दलितों की राजनीति करने वाले पासवान ने 1981 में दलित सेना संगठन की भी स्थापना की थी।

स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान, आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक राय, प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी, लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम राय, प्रदेश सचिव शिवजी कुमार, लाल बहादुर राम, रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, रांची जिला उपाध्यक्ष विष्णु सोनी समेत पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रिश्वतखोर एएसआई को पांच साल कैद की सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को सात साल पुराने रिश्वत मामले में दोषी करार लोहरदगा के कुडू थाना के तत्कालीन जमादार सेवेयान सुरीन को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने 25 नवंबर को उक्त मामले में दोषी पाया था। दोषी पाये जाने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। अदालत ने अभियुक्त को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की दो धाराओं में क्रमशरू पांच एवं चार साल की सजा सुनाई है। मालूम हो कि उक्त फैसला 19 सितंबर को आनेवाला था। उस दिन अभियुक्त कोर्ट पहुंचा। लेकिन, फैसला सुनाने के पूर्व वहां से फरार हो गया था। गिरफ्तार होने के बाद मामले में दो महीने बाद फैसला आया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने एक हजार रुपये रिश्वत लेते 22 फरवरी 2017 को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत मो अब्दुल रशीद नामक व्यक्ति से बाइक को छोड़ने के एवज में ले रहा था। थाने में जब्त बाइक को कोर्ट ने छोड़ने का आदेश दिया था। बाइक छोड़ने के एवज में अभियुक्त एक हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। सूचक ने इसकी शिकायत एसीबी एसपी से की थी। इसके बाद धावा टीम गठित कर रिश्वत लेते रंगे हाथ सेवेयान सुरीन को गिरफ्तार किया गया था।

## मुख्यमंत्री के माता-पिता से मिले गवर्नर, पूछा हाल-चाल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार गुरुवार को झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को सीएम पद की पद दिलाने के बाद उनके माता-पिता से मिले और हाल-चाल पूछा।

राज्यपाल ने सीएम हेमंत सोरेन के पिता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनकी माता रूपी सोरेन का कुशलक्षेम पूछा।

# कल्पना समेत 12 महिला विधायक बिखेरेंगी सदन में चमक

## कांग्रेस की पांच, भाजपा की चार एवं झामुमो की तीन महिला विधायक चुनी गयी हैं

**उदय चौहान**

रांची। सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो की स्टार विधायक कल्पना सोरेन सहित 12 महिला विधायक सदन में अपनी चमक बिखेरने को बेताब हैं। पहली बार विधानसभा में रिकार्ड 12 महिलायें विधायक चुनीं गयी हैं। इनमें कांग्रेस से पांच, भाजपा से चार और झामुमो से तीन महिला विधायक शामिल हैं। कल्पना सोरेन, लुइस मरांडी और निशत आलम जैसी महिला नेताओं ने अपने दम पर बड़ी जीत हासिल की है। जानकारी के अनुसार झारखंड गठन के वक्त 2000 में यहां तीन महिला विधायक थीं। जबकि, 2019 में 10 महिला विधायक निर्वाचित हुईं थीं। चुनी गयी महिला विधायकों में ज्यादातर पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं।



हालांकि, कुछेक ने अपने बूते भी राजनीति में अपनी पहचान और धमक कायम की है। 12 में से सर्वाधिक पांच विधायक कांग्रेस से तो भाजपा से चार और तीन महिला विधायक झामुमो से चुनी गयी हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड के गठन के 24 साल के दौरान राज्य की हर विधानसभा चुनाव में महिला विधायकों की संख्या में क्रमिक बढ़ोतरी देखी गई है। 2000 में यहां तीन महिला विधायक थीं। जबकि 2005 में यह संख्या बढ़कर आठ और 2014 में नौ हो गई। 2019 में 10 महिला विधायक निर्वाचित हुईं थीं।

**सबसे अधिक वोटों से जीती निशत आलम :** कांग्रेस की निशत आलम को पाकुड़ सीट पर सबसे ज्यादा 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत का श्रेय जाता है। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लान्ड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशत आलम ने अपने पति की सीट पर पहली बार चुनाव लड़कर कामयाबी पाई। स्वर्गीय समरेश सिंह की पुत्रवधू श्वेता सिंह बोकारो से भाजपा के बिरंची नारायण को हराकर निर्वाचित हुईं। महगामा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भाजपा के अशोक कुमार को हराया है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर झामुमो में शामिल हुई पूर्व मंत्री लुईस मरांडी भी जामा सीट से निर्वाचित हुई हैं। इसी तरह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली शिल्पी नेहा तिर्की भी मांडर सीट से दूसरी बार चुनी गयीं हैं। इन सबमें गांडेय से चुनी गयी कल्पना सोरेन सबसे खास हैं। उन्होंने अपने दम पर राजनीति में काफी कम समय में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने में सफलता पाई। इस वर्ष के आरंभ में पति की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में झामुमो का नेतृत्व संभाला। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने सघन प्रचार अभियान चलाया। वहीं, उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू की विधानसभा में पहली बार एंट्री होगी। उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से कद्दावर कांग्रेसी नेता डा. अजय कुमार को हराने में कामयाबी पाई। इस बार झामुमो से डॉ लुइस मरांडी, सबिता महतो व कल्पना सोरेन की जीत हुई है। जबकि, भाजपा से मंजू कुमारी, नीरा यादव, रागिनी सिंह और कांग्रेस से श्वेता सिंह, दीपिका पांडेय सिंह, निशत आलम, ममता देवी एवं शिल्पी नेहा तिर्की चुनी गयी हैं।

### सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया 4 सप्ताह के भीतर शुरू करें : सुप्रीम कोर्ट

**रांची।** राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को जल्द भरने का आग्रह करने वाली हाई कोर्ट के अधिवक्ता अधिवक्ता शैलेश पोद्दार की याचिका की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने मामले में झारखंड के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया 4 सप्ताह के भीतर शुरू हो और अनुपालन हलफनामा दायर किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार के वकील ने दलील दी कि चयन समिति में अपेक्षित कोरम का अभाव था और इस तरह झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां नहीं की जा सकीं है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), गार्डन रीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए **ई-निविदा सूचना संख्या: 4545-जीआरसी-सीई-सी-एचक्यू-67-2024। कार्य का संक्षिप्त विवरण:** महत्वपूर्ण पुल संख्या 57 का निर्माण रूपनारायण नदी पर डाउन और मिडिल लाइन (2x30.5 मीटर ओडब्ल्यूजी + 7x91.4 मीटर ओडब्ल्यूजी + 2 x 30.5 मीटर ओडब्ल्यूजी) सहित दोनों ओर वायडक्ट (11x30.5 मीटर) कंपोजिट गर्डर + 15x30.5 मीटर कंपोजिट गर्डर और कोलाघाट स्टेशन पर एलिवेटेड प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 का निर्माण, हावड़ा-खड़गपुर मार्ग पर दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल में परियोजना संरेखण पर इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में। **अनुमानित लागत:** ₹ 593.32/- करोड़। **कार्य की पूर्णता अवधि:** 30 महीने। **बोली सुरक्षा:** ₹ 2,00,00,000/-। **निविदा बंद होने की तिथि:** 17.01.2025, भारतीय समयानुसार 12:00 बजे। **प्री-बिड बैठक की तिथि:** 16.12.2024, समय: 12:00 बजे। **स्थान:** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) का कार्यालय, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/विवरण/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी मामले में इन वस्तुओं के लिए मैन्युअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी। नोट: संभावित बोलीकर्ता अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-841)

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार
29.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 137



## न्यूज डायरी

### प्रियंका गांधी ने ली सदस्यता की शपथ

**नयी दिल्ली।** प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा सदस्य के रूप में गुरुवार को शपथ ली। वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में वह चुनी गयी हैं। प्रियंका गांधी आज कुछ अलग लुक में लोकसभा में नजर आयीं। पहली बार संसद पहुंची प्रियंका सफेद रंग की गोल्डन बॉर्डर वाली साड़ी में नजर आयीं। उनके साथ उनकी मां और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी भी थीं।

### सीएम हेमंत पहुंचे मंत्रालय, लौटी रौनक

**रांची।** शपथ ग्रहण करते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रोजेक्ट भवन सचिवालय पहुंचे। लगभग 5:45 बजे उनके मंत्रालय परिसर में पहुंचते ही सचिवालय में हलचल शुरू हो गयी। सीएम के साथ उनकी धर्मपत्नी व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी थीं। मुख्य सचिव अलका तिवारी, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल सहित अन्य पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सीएम के सचिवालय आते ही मंत्रालय में रौनक लौट गयी।

### घूसखोर एएसआई को पांच साल की सजा

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को रिश्वत लेने के दोषी करार एएसआई सेवईया सुरीन को पांच साल की सजा सुनायी है। अदालत ने मामले में एएसआई को 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लोहरदगा के कुडू थाना के तत्कालीन एएसआई सेवईया सुरीन को गत बुधवार को अदालत ने दोषी करार दिया था। एसीबी ने एक हजार रुपये रिश्वत लेते 22 फरवरी 2017 को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### शपथ ग्रहण में दिखी गठबंधन की एकजुटता

**रांची।** गुरुवार को रांची हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा रहा। शपथ ग्रहण के बहाने गठबंधन के नेताओं ने अपनी एकजुटता दिखायी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प बंगाल की सीएम ममता बनर्जी बहुत दिनों के बाद एक मंच पर नजर आये। वहीं अरविंद केजरीवाल और डीके शिवकुमार भी मंच पर एकसाथ नजर आये। मंच के बायीं ओर सबसे किनारे बैठे पप्पू यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, गुरुजी शिबू सोरेन, रूपी सोरेन से मिलने के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव और सपा के अखिलेश यादव के समीप राहुल गांधी पहुंचे। इन लोगों ने एक दूसरे का अभिवादन किया बल्कि हाथ मिलाकर राहुल गांधी ने कुशलक्षेम भी पूछा।







# झारखंड में अबुआ सरकार ...

## जनता से खचाखच भरे स्टेडियम में हेमंत सोरेन ने ली सीएम पद की शपथ | राहुल, ममता, तेजस्वी समेत इंडी गठबंधन के कई प्रमुख नेता समारोह में हुए शामिल | हेमंत के पिता शिबू सोरेन- माता रूपी सोरेन व पत्नी कल्पना भी मौजूद थीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेताओं की उपस्थिति में हेमंत सोरेन ने रांची के ऐतिहासक मोरहाबादी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इसके साथ ही चौथी बार राज्य की कमान संभालनेवाले हेमंत सोरेन झारखंड के पहले राजनेता बन गये। सीएम ने अकेल शपथ ली। मंत्रिमंडल का विस्तार दिसंबर के पहले सप्ताह में होगा।

**ये दिग्गज बने गवाह :** शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मलि लाकार्जन खड़गे, ममता बनर्जी, भगवंत मान, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल समेत गठबंधन के तमाम नेता मौजूद थे। पिता व पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन का आशीर्वाद ले कर हेमंत शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने पहुंचे। हेमंत के समारोह में आते ही उनके नारे से स्टेडियम गूंज उठा। हेमंत ने आम जनता का अभिवादन किया और उनका आभार जताया। समारोह में आते ही श्री सोरेन ने मंच पर पहुंच तमाम बड़े नेताओं का अभिवादन किया। पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। मंच पर जेएलकेएम के नवनिर्वाचित डुमरी विधायक जयराम महतो भी थे।

**समारोह स्थल पर उत्सव का नजारा :** झामुमो, कांग्रेस और अन्य दलों के कार्यकताओं ने भारी उत्साह दिखाया। गाजे- बाजे के साथ लोग समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। समारोह स्थल पर उत्सव सा नजारा था। समारोह में नवनिर्वाचित इंडी गठबंधन के सभी विधायक पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक भी समारोह में शामिल हुए। मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हजारों की संख्या में शामिल हुए। मंच पर आते ही हेमंत सोरेन ने हाथ हिलाकर भीड़ का अभिवादन किया।

**शानदार जीत की शपथ ग्रहण :** हेमंत सोरेन की शानदार जीत की शपथ ग्रहण मोरहाबादी में हुआ। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 56 सीटें हासिल कर शानदार जीत हासिल की, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 24 सीटें मिलीं। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गठबंधन में सिर्फ 43 सीटों पर चुनाव लड़ा और 34 सीटें हासिल की है।



### यातायात व्यवस्था में बदलाव

शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजधानी की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया था। दोपहर 12 बजे के बाद अधिकांश सड़कों पर बैरिकेडिंग लगा दी गयी थी। राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था सख्त थी।



### सुरक्षा कड़ी

वीवीआइपी अथितियों को जिन-जिन होटलों में ठहराया गया था, वहां और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। सभी प्रमुख नेताओं को स्टेट गेस्ट घोषित किया गया था। मोरहाबादी मैदान में 12 बजे से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। बाहर से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गयी थी। समारोह खत्म होने के बाद राजधानी की अधिकांश सड़कों पर जाम लग गया।

# अनुराग गुप्ता बने प्रभारी डीजीपी भजंत्री रांची डीसी, डुंगडुंग देवघर एसपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अबुआ सरकार पार्ट-2 का गठन होते ही वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को एक बार फिर से झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया गया है। वहीं डीजीपी रहे आइपीएस अजय कुमार सिंह को पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। चुनाव से पूर्व वह इसी पद पर पदस्थापित थे। वहीं चुनाव आयोग के आदेश पर हटाये गये मंजूनाथ भजंत्री को फिर से रांची का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किया गया है।





इसके अलावा देवघर अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर का एसपी बनाया गया है। देवघर के एसपी रहे आइपीएस अंबर लकड़ा को जैप 03 का समादेष्टा बनाया गया है।

सीएम का पदभार फिर संभालते ही हेमंत सोरेन ने रांची डीसी का तबादला कर दिया। मंजूनाथ भजंत्री को रांची का उपायुक्त फिर से बना दिया। श्री भजंत्री अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ बंदोबस्त पदाधिकारी, रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वरूण रंजन को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्रबंध निदेशक औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम, रांची (जिडको) के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। श्री रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ खान आयुक्त, झारखण्ड के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### हेमंत सोरेन सोरेन का राजनीतिक कद बढ़ा

**रांची।** झारखंड, रांची का मोरहाबादी मैदान में इंडिया गठबंधन को मिली सफलता के बहाने दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। राहुल , खड़गे, ममता बनर्जी, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा नेता अखिलेश यादव, आप नेता अरविंद केजरीवाल, माले के दीपांकर भट्टाचार्य सहित कई बड़े चेहरे मंच पर मौजूद थे। एक साथ एनडीए विरोधी दलों के नेताओं का जमावड़ा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक कद को बढ़ाने का काम किया है। सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने तमाम बड़े नेताओं का स्वागत किया और उन्हें भेंट भी प्रदान की। हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का भी आशीर्वाद लिया।

# मईयां सम्मान राशि 2500 करने पर कैबिनेट की मुहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शपथ ग्रहण के बाद गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहली कैबिनेट की बैठक में ही हेमंत की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 करने पर मुहर लग गयी। दिसंबर से हर हाल में 2500 सम्मान राशि देने का भी फैसला हुआ। अधिकारियों को इसे सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में विधानसभा का विशेष सत्र 9 दिसंबर से शुरू करने की मंजूरी दी गयी। यह विशेष सत्र 12 दिसंबर तक आहुत होगा। वरिष्ठ नेता और विधायक स्टीफन मरांडी प्रोटेम स्पीकर बनाये गये। विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विश्वास मत हासिल करेंगे। कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बात करते हुए फैसलों की जानकारी दी।

**एक दो दिनों में विस्तार :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि जल्द ही झारखंड में बहुमत की सरकार का गठन होगा। एक-दो दिनों के अंदर ही मंत्रिमंडल का विस्तार संभव है। सरकार बहुत ही मजबूती से आने वाले दिनों में काम करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि राज्य का राजस्व बढ़ाने पर खनन के विभिन्न दरों की समीक्षा की जायेगी। खनन पर लगने वाले टैक्स को बढ़ाने पर विचार किया जायेगा इसके लिये कमेटी बनेगी।

**विधानसभा का विशेष सत्र 9 से 12 दिसंबर तक**



■स्टीफन मरांडी बनाये गये प्रोटेम स्पीकर
■नयी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक

### कैबिनेट के अन्य फैसले

गुरुवार को कैबिनेट में कुल सात निर्णय लिये गये। शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की माता हुलासी देवी को 10 लाख का चेक दिया। साथ ही, उनके भाई बलराम महतो को नियुक्ती पत्र सौंपा। असम में 22 नवंबर को मुठभेढ़ में अर्जुन महतो शहीद हो गये थे। उत्पाद सिपाही की प्रक्रिया पूरी हो गयी पर इस दौरान हुए युवाओं की मौत की समीक्षा करने की भी बैठक में मंजूरी दी गयी। इसके अलावा असम में जो झारखंडी चाय बागान में कार्यरत हैं, उनकी सुविधाओं के लिए एक विशेष सर्वदलीय समिति बनेगी और उसका रिपोर्ट झारखंड सरकार को सौंपेगी। असम चाय बगान में काम रहे झारखंड के मूलवासियों की स्थिति को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल असम जायेगा। वित्त विभाग को ये निर्देश दिया गया कि वह कोषांग गठित करें, जो भारत सरकार के पास लंबित एक लाख 36 करोड़ रुपये लाने का कार्य करें। इसके लिये कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर एक जनवरी 2025 से पहले जारी करने का निर्देश दिया गया।

# बनना था इंजीनियर पर राजनीति में रिकार्ड बनाने लगे हेमंत

**अविनाश ठाकुर**


**रांची।** किस्मत का खेल निराला होता है। कोई भी नहीं जानता कि उसकी किस्मत कब किस ओर करवट ले ले। इसका ताजा उदाहरण हैं अबुआ राज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। 10 अगस्त 1975 में रामगढ़ के नेमरा शिबू सोरेन- रूपी सोरेन के पुत्र के रूप में जन्मे हेमंत बनना तो चाहते थे इंजीनियर, पर उनकी किस्मत में तो राजनेता बन कर राजनीति उंचाईयों पर पहुंचने का रिकार्ड बनाना था। लिहाजा इंजीनिय नहीं बन सके, एक राजनेता बन कर झारखंड में नया इतिहास रच दिया है। अब तक कोई भी सीएम लगातार दो टर्म नहीं जीत सका था, हेमंत ने इसे तोड़ दिया। लगातार दूसरी बार भारी बहुमत से जीत कर फिर सीएम बनने का रिकार्ड दर्ज कर दिया। इतना ही 24 साल के झारखंड में अब तक कोई भी चार बार सीएम नहीं बना था। हेमंत ने इस रिकार्ड को भी तोड़ दिया और गुरुवर 28 नवंबर को चौथीबार सीएम पद की शपथ ली।

**विपरीत परिस्थिति में तप कर उभरे :** सीएम हेमंत का पिछला कार्यकाल चुनौतियों से भरा रहा। शुरुआती दो साल तो कोरोना महामारी में लोगों की मदद में बीता। महामारी के बाद जब फिर कामकाज ने तेजी पकड़ी तो लगातार साजिशों के शिकार हो रहे। सीएम के तौर पर विकास कार्य तेज हुआ ही था कि इडी ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया और कमान अपने वरिष्ठ सहयोगी चंपई सोरेन को सौंप दी। उनके जेल में रहते पत्नी कल्पना सोरेन ने शानदार ढंग से संभाली। कल्पना सोरेन ने शानदार ढंग से पार्टी और संगठन को संभाला। झारखंडी जनता में सीधी पैठ बना ली। वह एक शानदार महिला नेता के रूप में झारखंड में उभरीं। पांच महीने बाद जेल से लौटने पर एक बार फिर सीएम पद की शपथ ली। पर समय से पूर्व झारखंड में चुनाव की घोषणा हो गयी। विधानसभा चुनाव-2024 में कल्पना के अद्भुत नेतृत्व का बड़ा लाभ मिला। झामुमो और सहयोगी दलों से शानदार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। झारखंड में ऐसा पहली बार हुआ था कि कोई भी सरकार रिपीट हुई हो। इसके साथ ही हेमंत सोरेन ने सीएम पद की शपथ लेते हुए एक रिकॉर्ड अपने नाम किया और चौथी बार झारखंड का सीएम बनने वाले पहले शख्स बने।

**शुरूआती सफर :** हेमंत सोरेन ने अपनी शुरूआती पढ़ाई खत्म करने के बाद पटना हाई स्कूल से इंटर किया। फिर रांची में ही बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एडमिशन ले कर इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की। हालांकि वे यहां अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सके, पर यहीं उनकी मुलाकात कल्पना से जरूर हुई जो बाद में इनकी जीवन साथी बनीं। अतनाक बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन के बाद हेमंत की राजनीति में एंट्री हो गयी। सबसे पहले युवा मोर्चा की जिम्मेदारी संभाली। उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन जब धीरे-धीरे शारीरिक रूप से जब कमजोर होने लगे,तो पार्टी की पूरी बागडोर हेमंत सोरेन के हाथ में आ गयी। हेमंत सोरेन ने 2009 में पहली बार विधायक बने। 2010 में अर्जुन मुंडा की सरकार में डिप्टी सीएम बनें। फिर कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। अब तो झारखंड में हेमंत सोरेन के नामकई रिकार्ड दर्ज हो गये हैं।

## स्पीड न्यूज

### सेवानिवृत शिक्षक का निधन, शोक



मेदिनीनगर। सेवानिवृत्त शिक्षक सह आरपीएम शैक्षणिक संस्था के संस्थापक और ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल के निदेशक विनोद मिश्र के पिता राजेंद्र मिश्र (93) का निधन बुधवार की रात हो गया। इनका अंतिम संस्कार कोयल नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र विजय शंकर मिश्र ने दी। वे चार पुत्र तीन पुत्री समेत परिवार छोड़ गये हैं।

### साइबर क्राइम का अभियुक्त अनिमेश दलाई वाराणसी से गिरफ्तार

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने यूपी के वाराणसी से साइबर क्राइम के अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। साइबर क्राइम थाना में अज्ञात अपराधियों का मामला 16 अक्तूबर 2023 को दर्ज किया गया था। अनुसंधानकर्ता प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजेश यादव हैं। अनुसंधान में एसपी के निर्देश पर तकनीकी शाखा के सहयोग से कांड के उदभेदन के लिए प्रशिक्षमान पुलिस उपाधीक्षक राजेश यादव व सशस्त्र बल के साथ यूपी के सिंगरा वाराणसी गये। कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त अनिमेश दलाई पिता अनिल दलाई ग्राम जगरनाथ करबर, थाना ईगरा जिला पूर्वी मेदिनीपुर पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर क्राइम थाना लाये। पुलिस ने उसके पास से एक रेडमी नोट 11 फोन, सिम सहित ठगी में प्रयोग जीयो सीम कार्ड बरामद किया है। अनिमेश 2022 में ईगरा थाना जिला पूर्वी मेदिनीपुर पश्चिम बंगाल से साईबर ठगी के मामले में जेल जा चुका है।

### निगम की कार्रवाई : दो बिल्डिंग संचालकों को कम होल्डिंग टैक्स दर्शाने पर नोटिस

मेदिनीनगर। नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर गुरुवार को शहर के दो बड़े प्रतिष्ठानों के होल्डिंग टैक्स का रीअसेसमेंट किया गया। इसमें गणपति धर्मशाला रोड में अवस्थित वी बाजार की जांच की गयी। जांच में बिल्डिंग के स्वामी के तीन गुणा कम होल्डिंग टैक्स दर्शाने की पुष्टि हुई। इस पर बिल्डिंग संचालक को नक्शा पास होने से संबंधित डॉक्यूमेंट और ट्रेड लाइसेंस के साथ निगम कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया गया। निगम टीम ने वैरायटी साड़ी के होल्डिंग टैक्स का रीअसेसमेंट किया। इसमें भी कम होल्डिंग टैक्स की पुष्टि हुई। तब बिल्डिंग के ओनर को नक्शा पास होने से संबंधित डॉक्यूमेंट और ट्रेड लाइसेंस के साथ निगम कार्यालय में उपस्थित कराने को कहा।

**किराया नहीं दे रहे थे दुकानदार, अभियान चलाकर 80 हजार से अधिक राशि की वसूली :** निगम टीम ने गुरुवार को 6 माह से अधिक बकाया रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध भी अभियान चलाया। इसमें दर्जन भर दुकानों से 80 हजार से अधिक की वसूली की गयी। टीम ने पाया कि कई दुकानों में संचालक अतिक्रमण भी किये हैं।

### पायोनियर 27पी 37 धान बना विजेता



पाटन पलामू। प्रखंड के पाटन में कोरटेवा पायोनियर धान बीज कंपनी ने फसल कटाई दिवस मनाया, जिसमें पायोनियर हाइब्रिड धान 27पी 37 का उत्पादन अन्य धान के मुकाबले प्रति एकड़ 5 पांच क्विंटल से विजयी रहा। 5/5 वर्ग मीटर में कटाई कर धान को तौल कर दिखाया गया। जिसमें पायनियर 27पी37 वजन अन्य हाइब्रिड धान से ज्यादा रहा। मैनेजर अमरेश कुमार ने किसानों को बताया कि पायोनियर 27पी 37 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान का किस्म है। मौके पर पाटन के क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद रजक ने किसानों को धान की जानकारी दी। मौके पर सैकड़ों किसान भी थे।

### पलामू ने पश्चिमी सिंहभूम को हराया




मेदिनीनगर। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के जिला स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 धनबाद में कराया। पलामू और वेस्ट-सिंहभूम के बीच धनबाद के बीच जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का मैच खेला गया। पलामू ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पश्चिमी सिंहभूम टीम 126 रन पर ऑल आउट हो गयी। मैन ऑफ द मैच सुमित ने सर्वाधिक 38 रन और 1 विकेट लिया। कोच कुमार सर्वेश एवं आर्यन क्रिकेट अकादमी के संचालक हिमांशु तिवारी ने खिलाड़ियों को बधाई देकर हौसला बढ़ाया।

### यातायात प्रभारी समाल अहमद ने दूसरे दिन भी चलाया जांच अभियान



मेदिनीनगर। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने व शहरवासियों को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर ट्रैफिक पुलिस गंभीर है। यातायात प्रभारी समाल अहमद द्वारा लगातार दूसरे दिन भी पुल पर सादिक चौक के पास व टेंपो स्टैंड पास सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया वाहन, दोपहिया तथा टेंपो एवं ई-रिक्शा सवारी गाड़ी का जांच किया गया। जिसमें दो पहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे तो उनके वाहन को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है।

### ज्योतिबा ने कुप्रथाओं और अंधश्रद्धाओं को खत्म करने में काम किया : ब्रह्मदेव



मेदिनीनगर। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद ने प्रमंडलीय कार्यालय 02 नंबर. टाउन, रेडमा में क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर पुण्य तिथि मनाया। श्री प्रसाद ने कहा कि क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के अधिकार को बढ़ावा देना था। उन्होंने भारतीय समाज की संरचना को चुनौती दी, जहां जाति और वर्ग के आधार पर भेदभाव होता था। उन्होंने अपने जीवन को उन लोगों के उत्थान के लिए समर्पित किया, जिन्हें समाज ने लंबे समय तक दबी हुई आवाजों के रूप में देखा।

# एक को बरवाडीह-चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन परिचालन का शुभारंभ करेंगे पलामू सांसद

■ पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में नहीं होगी परेशानी : विष्णुदयाल राम

खबर मन्त्र संवाददाता



विष्णुदयाल राम, पलामू सांसद।

मेदिनीनगर। सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास सफल साबित हुआ है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 05653/03654 का परिचालन 01 दिसम्बर को रात्रि 2:30 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री राम के द्वारा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर परिचालन प्रारम्भ किया जायेगा। उक्त संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना प्रदान कर दी गयी है। इस संबंध में सांसद ने लोकसभा में नियम 377 एवं शून्य काल के तहत मामले को लगातार उठाया गया था। साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। विदित है कि कोविड-19 के दौरान बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। उक्त ट्रेन के परिचालन बंद हो जाने के कारण पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। सांसद श्री राम ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# आयुक्त ने किया अनुसूचित जाति बालिका विद्यालय, लेस्लीगंज का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

■ मच्छरदानी से लेकर बेड-विछावन एवं रसोईघर तक का किया अवलोकन

■ कमियों-खामियों को तत्काल दूर करने का निर्देश



जानकारी लेते पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त व अन्य।

नीलांबर पीतांबरपुर। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आज नीलांबर-पीताम्बरपुर/लेस्लीगंज में अवस्थित राजकीय अनुसूचित जाति बालिका आवासीय प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के वर्ग कक्ष, विश्राम/शयन (हॉस्टल) कक्ष, भोजन करने का स्थान, रसोईघर, शौचालय, पेयजल एवं विद्यालय में उपलब्ध अन्य मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वर्ग कक्ष में अध्यनरत छात्राओं से बात कर खाने की व्यवस्था, पाठ सामग्री, स्टेशनरी/स्कूल कीट की उपलब्धता, छात्राओं की पढ़ाई सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वर्ग कक्ष का अवलोकन करते हुए वहां अध्यनरत छात्राओं से कई सवाल भी पूछे।

**खास बातें :** उनकी पुस्तक एवं कॉपियों का अवलोकन कर उन्हें मिल रही शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन किया। साथ ही छात्राओं को विद्यालय की ओर से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। आयुक्त ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल इंसान बनने की शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यरत शिक्षक- शिक्षिकाओं को रचनात्मक एवं प्रयोगात्मक तरीके से पढ़ाने का निर्देश दिया। आयुक्त ने विद्यालय में छात्राओं को मिलने वाले भोजन एवं आवासन/विश्राम कक्ष का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। भंडार कक्ष में रखे चावल आदि खाद्य सामग्री की भी जांच की। छात्राओं के आवासन वाले कमरों में वेस्ट मटेरियल रखे होने तथा बिना कवर के तकिया तथा गंदे एवं फटे बिछावन, विद्यालय के मुख्य द्वार पर पड़े कचरे एवं मुख्य द्वार पर अनावश्यक तरीके से वाहनों को पार्क कर गेट को जाम किये जाने आदि मुख्य समस्याओं को देख आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जतायी।

# चौकीदार नियुक्ति के लिए 30 को होगी शारीरिक दक्षता परीक्षा

■ डीसी ने तैयारी को लेकर पदाधिकारियों संग बैठक की

■ पूरे प्रकिया की वीडियोग्राफी होगी, ड्रोन से रखी जायेगी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी।

मेदिनीनगर। पलामू जिला के चौकीदारी नियुक्ति विज्ञापन सं. 01/2024 के शारीरिक दक्षता का आयोजन 30 नवंबर को पूर्वाह्न 7 बजे चियांकी हवाई अड्डा, मेदिनीनगर में किया जाना है। इस पूरे आयोजन को निष्पक्ष एवं स्वच्छ रूप से संपादित करने को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। उन्होंने नगर आयुक्त को पूरे आयोजन को निष्पक्ष आयोजित कर देने का निर्देश दिया है। **अलग-अलग ट्रैक में दौड़ेंगे अभ्यर्थी निगरानी हेतु मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात :** 30 नवंबर को होने वाले शारीरिक दक्षता परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों के दौड़ने को लेकर अलग-अलग ट्रैक बनाया जायेगा। इस दौरान जगह-जगह विडियोग्राफी की व्यवस्था रहेगी। स्टॉप वाच के माध्यम से दौड़ की अवधि को कैलक्यूलेट किया जायेगा। वहीं ड्रोन से निगरानी भी रखी जायेगी। विधि-व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी की प्रतिनियुक्ति भी की जायेगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों व विभिन्न कर्मचारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**चियांकी हवाई अड्डा पर 30 को अभ्यर्थी और ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मी के अलावे कोई बाहरी व्यक्ति प्रवेश न करें :** उपायुक्त ने कहा कि 30 नवंबर को आयोजन स्थल पर कोई भी बाहरी व्यक्ति की मौजूदगी न रहे, यह सुनिश्चित हो। इसी के साथ आयोजन स्थल पर दौड़ में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी को एडमिट कार्ड के अलावे कोई एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने पूरे प्रक्रिया की नॉनस्टॉप वीडियोग्राफी कराने की बात कही।

# बनते ही दरकने लगी सड़क, तोड़कर बनाया जा रहा दुबारा, गुणवत्ता पर उठ रहा सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

■ जिला पार्षद ने केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री को लिखा पत्र, जांच के बाद कार्रवाई की मांग

■ मामला पड़वा मोड़ से शंखा तक एन एच 39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का



विश्रामपुर (पलामू)। शंखा से रेहला तक एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्न से निम्नतर है। एक तरफ से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है वहीं दूसरी ओर नवनिर्मित सड़क दर्जनों जगह दरकने लगा है जिसे फिर से तोड़ कर बनाया जा रहा है। यहां बताते चलें कि भागीडीह से शंखा तक एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य भारत वाणिज्य द्वारा कराया जा रहा है। बिश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने गुरुवार को निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया है। कहा कि सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राक्कलन की अनदेखी कर रही है। भरावट में लाल मोरंग मिट्टी के बजाए काली केवली मिट्टी का प्रयोग किया गया है, जिससे सड़क जगह-जगह से दरक रहा है। आगे सड़क के धसने का खतरा भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत वाणिज्य कंपनी द्वारा निर्माणाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है जिससे सड़क पर सारा दिन धूल उड़ रहा है। इससे सड़क पर लोगों का चलना दूभर हो गया है।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी से कार्रवाई की मांग

जर्जर सड़क की शिकायत करने या उसका विरोध करने पर कंपनी द्वारा ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। श्री रविदास ने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

# सिगसीगी के लोहरदगा स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड के सिगसीगी पंचायत स्थित लोहरदगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच को साइकिल वितरित किया गया। इसे ले विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां युवा समाजसेवी पिंटू चौधरी व विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोरखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से बच्चों के बीच वितरण किया। मौके पर समाजसेवी सह मुखिया पति पिंटू चौधरी ने कहा कि साइकल मिल जाने से ग्रामीण छात्राओं को स्कूल आने जाने में अब काफी सहूलियत होगा। इसके अलावा सुदूर ग्रामीण इलाके की छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी जन कल्याणकारी योजनाए, पंचायत क्षेत्र में धरातल पर उतरे इसके लिए, मिलकर कार्य करना होगा। इनका प्रयास है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

# कुश्ती युवाओं को पहचान व कैरियर बनाने का बेहतर माध्यम : भोलानाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

■ पिपरा में 25 वीं राज्य स्तरीय महिला पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता प्रारंभ



हरिहरगंज पलामू। कुश्ती से युवाओं को पहचान व कैरियर बनाने का अवसर मिलता है। झारखंड में कुश्ती की शुरुआत पीपरा गांव से हुई है। इस धरती पर नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन कराने का लक्ष्य है। उक्त बातें हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को कही। वे पीपरा प्रखंड के खेल मैदान पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ व जिला कुश्ती संघ के दो दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय महिला पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लेने वाला खिलाड़ी हैदराबाद में होने वाले नेशनल सीनियर महिला पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता में जायेंगे। इससे पहले आयोजन कमेटी ने मुख्य अतिथि तथा उनके बड़े भाई पहलवान काशीनाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि सीओ जितेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी विमल कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### ऑक्सफोर्ड में 10-12वीं के लिए हुआ टेस्ट सीरीज

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार से दसवीं व बारहवीं के छात्रों के लिए सीबीएसई बोर्ड मॉडल से संबंधित विशेष टेस्ट सीरीज कराया जा रहा है। जिसमें सभी विषयों के लिए अलग दिन निर्धारित है। प्रत्येक विषय के लिए 3 घंटे का समय रखा गया है। विद्यार्थियों को चैप्टर वाइज बोर्ड परीक्षा पर आधारित वर्क सीट पहले ही दिया जा चुका है। इस प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि-यह टेस्ट बच्चों के बेहतर अंक लाने एवं उससे संबंधित कठिनाइयों को दूर करने का सरल उपाय है।

### संत मरियम स्कूल के खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश के ट्रेडिशनल गेम ठोडा में भाग लेने हुए रवाना



मेदिनीनगर। संत मरियम आवासीय विद्यालय के 7 विद्यार्थी प्रीतम राज, अंश कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार, अभय कुमार, नैतिक राज गुप्ता, प्रीतम मेहता आज ठोडा नेशनल गेम में भाग लेने के लिए जयपुर के लिए रवाना हुए। ठोडा हिमाचल प्रदेश में पाया जाने वाला तीरंदाजी का एक भारतीय रूप है, जिसमें नृत्य और संगीत के तत्व शामिल होते हैं। ठोडा का उद्देश्य दो विरोधी टीमों द्वारा दूसरी टीम के पैरों पर तीर चलाना होता है। निदेशक अविनाश देव ने कहा कि खेलकूद बच्चों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, एवं विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की कला सिखाता है। शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन कहा कि ठोडा खेल हिमाचल प्रदेश राज्य से संबंधित मार्शल आर्ट का एक रूप है। धनुष और तीर इस खेल को खेलने के लिए आवश्यक मुख्य हथियार हैं।

### बेसहारा बच्चों को संरक्षण की जरूरत : पी डी जे



मेदिनीनगर। नालसा स्कीम चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसका शुभारंभ व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित सभा कक्ष में पी डी जे नीरज श्रीवास्तव ने किया। पीडीजे ने कहा कि समाज में अभिवंचित, बेसहारा व अनाथ बच्चों को अधिकार सुनिश्चित करने की जरूरत है। बच्चों के अधिकार को लेकर नालसा के निर्देश पर गठित लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन के कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि ऐसे बच्चे जिन्हें तत्काल सहायता की जरूरत है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संरक्षण देना है। इसके लिए बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण निकाय, जुबेनाइल जस्टिस बोर्ड के तालमेल से गठित टीम को बेहतर सेवा देने की जरूरत है।

# मिशन वात्सल्य पर प्रमंडल स्तरीय परामर्श आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। बाल संरक्षण और बच्चों के अधिकारों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के मार्गदर्शन में,समाज कल्याण विभाग पलामू के सहयोग से बाल कल्याण संघ और मिरेकल फाउंडेशन के तत्वावधान में मिशन वात्सल्य के तहत प्रमंडल स्तरीय परामर्श डीआरडीए हॉल में किया गया। मौके पर बाल हित में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, बाल संरक्षण विशेषज्ञों, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डीडीसी शब्बीर अहमद भी शामिल थे। मौके पर डीडीसी ने मिशन वात्सल्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना बताया। इस योजना का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास और समग्र विकास का बढ़ावा देना है।

### राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश सचिव संगठन से निष्कासित

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए प्रदेश सचिव मुकेश तिवारी को संगठन से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर मुकेश तिवारी को आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी करने का दोषी पाया गया है। पूर्व से भी उनके द्वारा संगठन की गरिमा एवं मर्यादा को भंग कर टिप्पणी करने की शिकायतें मिल रही थी।

# छतरपुर पुलिस ने मवेशियों से भरा कंटेनर किया जब्त

■ वाहन जांच में पुलिस को मिली भारी सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता





छतरपुर पलामू। छतरपुर पुलिस ने उदयगढ़ मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान ग्राम दीनादाग के पास मवेशियों से भरा एक कंटेनर को जब्त किया है। वाहनों पर लदा कुल मवेशी 24 भैंस, 12 भैंसा कुल 36 मवेशी को उतारकर पुलिस सुरक्षित रखा है। समाचार के अनुसार बीती रात्रि को छतरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ़ मोड़ 4 के समीप पुलिस गश्ती दल ने वरीय पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर छतरपुर थाना पुलिस पदाधिकारी के द्वारा एनएच 98 कउवल उदयगढ़ मोड़ वाईपारा के पारा रात्रि गस्ती पदाधिकारी पुअनि शिवनाथ हरिजन एवं सैप सशस्त्र बल के साथ चेकिंग लगाया गया।

# तरहसी पुलिस ने किया महिला की हत्या मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार,जेल

■ गिरफ्तार चंदन ने महिला की हत्या करने की बात स्वीकार की

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी।

तरहसी पलामू। तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम पारपपरा निवासी अंजु देवी 32 वर्ष पति अनुप कुमार की हत्या 24 नवंबर की देर रात युवकों ने गला रेतकर की थी। हत्या उस समय की गई थी जब महिला घर में अकेले थी। मृतिका स्वास्थ्य सहिया थी। इस संबंध में मृतिका अंजु देवी के पति अनुप कुमार के आवेदन पर अज्ञात के विरुद्ध पहसुल से गला रेतकर हत्या करने के आरोप में तरहसी थाना में 25 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य सहिया के हत्या के दो अभियुक्त चंदन कुमार पिता श्याम बिहारी महतो परपाईन तरहसी व मालती देवी पति रामकृत भुईयां ग्राम बागला तरहसी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तरहसी पुलिस ने बताया कि कांड अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आया कि मृतिका के घर के बगल का रहनेवाला चंदन कुमार घटना के वक्त अपने घर में नहीं था। साथ ही उसकी स्थिति संदेहास्पद लग रहा था। अनुसंधान के क्रम में चंदन कुमार से पूछताछ के दौरान यह पाया गया कि चंदन के गले में नाखुन का खरोंच लगा हुआ है और घटनास्थल पर स्निफर डॉग आने की सूचना पर उसके द्वारा गुगल में स्निफर डॉग से बचने के उपाय का सर्च हिस्ट्री पाया गया। पूछताछ में चंदन कुमार के द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके पिता को अचानक थरथराने की बिमारी होती है व उसकी मां और स्वयं को भी हमेशा कुछ न कुछ बीमारी होते रहता है। 30-31 अक्तूबर को चंदन कुमार अपना गाड़ी चलाकर जाने के क्रम में लगातार दो दिन दुर्घटना में बकरी का नुकसान हुआ।

# अविनाश वर्मा ने किया पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा से नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने पांकी रोड स्थित अपने आवास पर पुष्प गुच्छ देकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मौके पर स्वागत भाव से भावविभोर श्री मेहता ने अविनाश वर्मा समेत पूरे परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि जीवन में अगर भाव है तो अभाव कोई मायने नहीं रखता इसलिए मैं सभी अपनों के साथ पूरे क्षेत्र के मतदाताओं का ऋणी हूं जहां लोगों ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया है। मौके पर श्री वर्मा ने कहा कि कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खिंची है। इस कारण क्षेत्र की जनता ने श्री मेहता को दोबारा विधायक निर्वाचित किया है। आशा है कि श्री मेहता आगे भी पांकी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने श्री मेहता से लगातार क्षेत्र में बने रहने, सबके सुख दुख में शामिल रहने के साथ अपने क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति समर्पित रहने को एक बड़ा आधार बताया। उन्होंने कहा कि आज पलामू प्रमंडल में भारतीय जनता पार्टी के जीते हुए सभी विधायक एक परिवार के सदस्य हैं जो हम सभी भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के लिए प्रसन्नता का विषय है। इसी दरम्यान भावनात्मक विचारों के आदान-प्रदान के बीच प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने दूरभाष पर विधायक को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर पिंकी वर्मा, अभिलाष वर्मा, युवा नेता कृष्ण कांत मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा, प्रो बच्चन ठाकुर, आकांश वर्मा, हिमांशु कुमार, नवीन तिवारी एवं मित्र मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सिकछा कर भेंट गतिविधि को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यरार्थी ने समाहरणालय गुमला अवस्थित अपने कार्यालय कक्ष में झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के अधिकारियों के साथ सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत समीक्षा बैठक करते हुए फरवरी 2025 में आयोजित होने वाले कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत उत्तीर्णता हेतु आवश्यक रणनीति तय की। उपायुक्त ने बैठक में सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ अधिकारियों की फिर से टैगिंग करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में बहुत कम समय शेष रहने के कारण अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक रूप से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि किसी अधिकारी को दो से अधिक स्कूल के साथ संबद्ध नहीं किया जाए। विद्यालयों में लंबे समय से अनुपस्थित एवं कमजोर बच्चों के लिए उन्हें एक्टिव टीचर के साथ टैगिंग कर ग्रुप बनाते हुए टेलीफोन, व्हाट्सएप के द्वारा समन्वय कर नियमित होमवर्क व टेस्ट के मॉडल प्रश्न भेजने और नियमित मूल्यांकन तथा अनुसमर्थन के निर्देश दिए गए। 9 दिसंबर से निर्धारित प्री बोर्ड परीक्षा के आयोजन तथा मॉडल प्रश्नों को नियमित रूप से शिक्षकों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने हेतु शिक्षकों की कोर टीम के गठन करते हुए परीक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मॉडल प्रश्न विषयवार तैयार कर नियमित रूप से स्कूल एवं छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यालयों को सम्मानित करते हुए उन विद्यालयों की आवश्यकतानुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर देने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, एडीपीओ ज्योति खलखो, लेखा पदाधिकारी माधुरी मिंज, सहायक अभियंता शमशाद अली, एपीओ रोज मिंज एवं शुभकामना प्रसाद, सूफिया खान, रामचंद सिंह के साथ सिकछा कर भेंट गतिविधि के सहायक नोडल पदाधिकारी सह बीपीओ दिलदार सिंह उपस्थित थे।

## शिक्षक ने छात्र को बेरहमी से पीटा आंख में लगी गंभीर चोट



जारी। जारी प्रखंड के सीकरी स्कूल में शिक्षक की पिटाई से छात्र असमीत उरांव घायल हो गया। छात्र के आंख में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुसार घटना बुधवार को उस समय हुई जब छात्र असमीत उरांव अपने सहपाठियों के साथ कक्षा में बैठा था। तभी सभी छात्र हल्ला करने लगे। जिसके कारण शिक्षक ने छात्र को डंडे से पीट दिया। जिससे बच्चे के आंख में गंभीर चोट लग गई। छात्र जब अपने घर पहुँचा तो परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन बच्चे को लेकर थाना गये। जिसके बाद पीड़ित बच्चे को चैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना की सूचना पर चैनपुर सीओ भी अस्पताल पंहुच कर मामले की जानकारी ली और कहा की घटना की जांच करा कर दोषी के उपर कारवाई की जाएगी। मामले में शिक्षक रणविजय सिंह से दूरभाष पर पूछने पर उन्होंने बताया कि बच्चे क्लास रूम में शोर मचा रहे थे। तभी मैं उन्हें शांत कराने के उद्देश्य से गया। जिसमें भागादौड़ी की क्रम में बच्चे को डंडे से खरोंच लग गई। मारपीट की बात बेबुनियाद है। मैंने बच्चे के साथ मारपीट नहीं की है।

## पब्लिक ट्रांसपोर्ट बसों में ओवर लोडिंग का बढ़ता खतरा



चैनपुर। पब्लिक ट्रांसपोर्ट बसों में ओवर लोडिंग की समस्या एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। जिसमें आम जनता के साथ-साथ छात्र भी शामिल हैं। ये बसें अक्सर निर्धारित बैठने की क्षमता से अधिक यात्री लेकर चल रही हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सुबह और शाम के समय जब छात्र स्कूल और कॉलेज जाते हैं तो बसें अत्यधिक भरी हुई होती हैं। इस ओवर लोडिंग के कारण बसों की सुरक्षा में कमी आती है। जिससे दुर्घटनाएं होने का जोखिम बढ़ जाता है। स्थानीय निवासी ने बताया कि यह देखकर चिंता होती है कि हमारे बच्चों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। जब बसें इतनी भरी होती हैं, तो कोई भी दुर्घटना बेहद गंभीर हो सकती है।

## 55 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण किट का किया गया वितरण



घाघरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में टीवी मुक्त भारत अभियान को लेकर 55 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। इस क्रम में यक्ष्मा मरीज के बीच पोषण खाद्य पदार्थ हिंडालको सीएसआर के सहयोग से दी गई। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि यक्ष्मा रोग के मरीज आप डरे नहीं लड़े। उक्त बीमारी ठीक होती है। आप परहेज में रहे। दवा चिकित्सा के सलाह पर ले। नशापान से दूर रहे यक्ष्मा रोग से आपको मुक्ति मिलेगी आप स्वस्थ होंगे। मौके पर कई कर्मी हिंडाल्को के कर्मचारी और यक्ष्मा रोगी उपस्थित थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने पद से दिया इस्तीफा, प्रदेश अध्यक्ष को भेजा पत्र

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र प्रेषित कर जिलाध्यक्ष पद से विमुक्त करने की अपील करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लाल ने कहा कि वे जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लिये हैं। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम किया। पार्टी ने मुझे सम्मान देते हुए जिला अध्यक्ष गुमला का दायित्व दिया। प्रदेश कार्यसमिति गुमला में भी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रदेश संगठन में प्रदेश महामंत्री के रूप में मैं अपने कार्यकाल पूर्ण किया। अनेक जिला रांची ग्रामीण, पलामू प्रमंडल, चतरा, सिमडेगा जिला, बोकारो जिला के प्रभारी के रूप में काम किया। साथ ही अनेक विधानसभा के चुनाव में प्रदेश में काम करने का मौका मिला। प्रदेश के बाहर छत्तीसगढ़, बंगाल, उत्तराखंड के डोईवाला विधानसभा, आसाम प्रदेश के सिलचर और करीमगंज विधानसभा, उड़ीसा के सुंदरगढ़ विधानसभा में काम करने का सौभाग्य मिला।

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाना जरूरी : डीडीसी लोहरदगा

खबर मंत्र संवाददाता






लोहरदगा। जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान जो 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलने वाली है। समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में लोहरदगा के बड़ा तालाब परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया मौके पर मुख्य अतिथि डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रचार प्रसार एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हिंसा पर सभी जगह परिचर्चा एवं चिंतन होना चाहिए। महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को लागू करने की सामाजिक जिम्मेदारी है। समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक दंडनीय अपराध है समाज के सभी लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहिए उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की किए हुए हिंसा के खिलाफ चुप रह कर इसका सहभागी न बने। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ साथ दे। उन्होंने हिंसा के खिलाफ शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 एवं साइबर सेल 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक बताई। जिले की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि आप अपने साथ होने वाली प्रताड़ना या फिर किसी प्रकार की समस्यायों को निःसंकोच होकर पुलिस प्रशासन के समक्ष रखें निश्चित रूप से त्वरित कार्रवाई किया जाएगा। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि आप अपने हक अधिकार को लेकर एकजुटता दिखाते हुए आगे बढ़ें और हर चुनौतियों का सामना करें, पुलिस प्रशासन आपके साथ हमेशा खड़ा है। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रिंवादा कुमारी, एवं सखी मंडल के दीदी एवं अन्य उपस्थित थी।

## गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# बाक्साईट के अवैध खनन का हुआ जांच

### जांच दल में डीएफओ, एसडीओ, एसडीपीओ, 40 पुलिसकर्मियों और 6 अमीन शामिल थे

### जांच में जंगल एरिया में खनन के मिले पर्याप्त साक्ष्य, एफआईआर दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार गुरूवार को विशुनपुर अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन के खिलाफ एक व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन गुमला जिला टास्क फोर्स और लोहरदगा एवं गुमला फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्रवाई में वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला अहमद बेलाल अनवर की अध्यक्षता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर व गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, जिला खनन पदाधिकारी गुमला और अंचल अधिकारी घाघरा सहित कई अधिकारी शामिल थे। सुबह 7:00 बजे से शुरू हुए इस औचक छापेमारी अभियान के दौरान कई स्थानों पर अवैध खनन गतिविधियां उजागर हुईं। जांच के दौरान पाया गया कि बिशुनपुर एवं अमतीपानी क्षेत्र में पट्टा क्षेत्र से बाहर बाक्साईट की अवैध खनन गतिविधियां की जा रही थी। ऐसे स्थानों पर लगभग 20 एकड़ जमीन पर खनिज उत्खनन से जुड़ी अनियमितताओं के प्रमाण मिले जो खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 का उल्लंघन है। यहां पर भी वन भूमि सहित अन्य क्षेत्रों में बाक्साईट के अवैध उत्खनन के स्पष्ट प्रमाण पाए गए। बाउंड्री पिलर्स गायब एवं क्षतिग्रस्त पाए गए और कुछ स्थानों पर ब्लास्टिंग के संकेत भी मिले। पिडहापाट मोड़ में लगभग 30 एकड़ भूमि पर अवैध बॉक्साइट खनन की गतिविधियां पाई गईं। उपायुक्त द्वारा गठित त्रिस्तरीय जांच समिति की अनुशंसा पर खनन क्षेत्रों में अनियमितताओं के आधार पर संबंधित खनन पट्टों की समीक्षा और रद्दीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। अवैध खनन में संभावित संलिप्तता की जांच के लिए विस्तृत पड़ताल का आदेश दिया गया। मामले दर्ज किए गए। इस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इन अवैध गतिविधियों से सरकारी राजस्व और राष्ट्रीय संपत्ति को बड़ा नुकसान हो रहा था। छापेमारी के दौरान 40 पुलिसकर्मियों और 6 अमीनों की तैनाती की गई। अवैध खनन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

## किशोर ने भूल बस खाया जहर, स्थिति गंभीर

लोहरदगा। जिला के कुडू प्रखंड क्षेत्र के रोनहया गांव में एक किशोर ने गुरुवार को भूल बस जहर खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लेकर आएं। जहां डॉक्टर ने उसकी जान बचा ली। किशोर की पहचान कुडू रोनहया गांव निवासी दुर्गा भगत के 11 वर्षीय पुत्र अनिकेत उरांव के रूप में हुई है। अनिकेत घर में अकेला था इसी दौरान भूल बस दवा समझकर जहर पी लिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA.**

**Short e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-06/2024-25
Date :- 25/12/2024

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- Construction of Parkala Solar Powered L.I.Scheme Block- Kurdeg | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) |
| | | 1,08,20,000-00 | 2,16,400.00 | 10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 04/12/2024 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 19/12/2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in ) 19/12/2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 21/12/2024 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. | | |
| 8(a) | Contact no. of Procurement officer | 7004377291 | | |
| (b) | E-mail of e-procurement Officer | midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
M.I.Division,Simdega.

PR 340541 (Simdega) 24-25 (D)


## गुमला उपायुक्त ने हेदमी ग्राम का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता





घाघरा। घाघरा प्रखंड के दीरगांव पंचायत स्थित हेदमी ग्राम का गुरूवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दौरा किया। दौरे के क्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को उपायुक्त ने सुना और क्षेत्र में विकास योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा की। हेदमी ग्राम जो अपनी सुदूरवर्ती स्थिति के कारण हाल ही में चर्चा में था। यहां के नागरिकों ने पिछले दिनों वोट बहिष्कार का नारा दिया था। इस संबंध में उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा ने तुरंत कार्रवाई की और ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने ग्राम में जल मीनारों की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया और नए जल मीनारों के निर्माण के लिए संभावित स्थलों का भी जायजा लिया। उन्होंने पानी की आपूर्ति के मुख्य स्रोत का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शिविर में सिकल सेल एनीमिया, हीमोग्लोबिन और डायबिटीज जैसी बीमारियों की जांच की गई। वहीं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाओं, वृद्धा पेंशन योजना, मंईया सम्मान योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं का लाभ दिया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी घाघरा आशीष मंडल सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## मृतक के आश्रितों से मिले विधायक प्रतिनिधि निशीथ



कैरो। विगत दिनों कैरो प्रखंड के ग्राम उतका निवासी जितेंद्र कुमार यादव एवं पीताम्बर प्रजापति की ग्राम खण्डा के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। जिसकी सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल कैरो पहुंच मृतक के आश्रितों से मिलकर ढांढस बंधाया एवं तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान किया। मौके पर कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव एवं कांग्रेस परिवार इस दुख की घड़ी में शोकित परिवार के साथ है। मौके पर तनवीर गौहर, विशाल डूंगडुंग, असलम अंसारी, जमील अंसारी, रसीद अंसारी, मुजाहिर, सफीक अंसारी, राजेश सोनी, आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 07/2024-25
पत्रांक–721 लातेहार / दिनांक–27.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | खाखाढोढ़ा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण प्रखंड–,गारू जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 55.345 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 02.12.2024 1.00 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.12.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 23.12.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 26.12.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.340608 Water Resource(24-25):D


## घाघरा : बाइक से गिरकर युवक घायल

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के बेती पतराटोली तालाब के समीप इचा बखरीटोली निवासी बबलू सिंह मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बबलू सिंह मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से घाघरा की ओर आ रहे थे। जहां बेती पतराटोली तालाब के पास और अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप सेघायल हो गया।

## अवैध बालू परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त

खबर मंत्र संवाददाता



सेन्हा-लोहरदगा। चुनाव खत्म होते ही अवैध बालू के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलते हुए कोयल नदी से दो ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करने के दौरान जब्त किया गया। विदित हो की विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन का मामला आए दिन प्रकाश में आते ही पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। उसी के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र के दतरी कोयल नदी से रात में ट्रैक्टर से अवैध बालू ढुलाई किया जा रहा था। जिसकी गुप्त सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही टीम गठित कर क्षेत्र में छपेमारी अभियान चलाया गया। वही छपेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के दो ट्रैक्टर को दतरी कोयल नदी से बालू उठाव कर परिवहन करते हुए जप्त कर सेन्हा थाना लाया गया और अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अगले आदेश तक अवैध बालू, पत्थर एवं कालाबजारी के विरुद्ध कारवाई जारी रहेगा साथ ही उन्होंने कहा अवैध रूप से बालू ढुलाई की सूचना देर रात प्राप्त हुआ था। जिसके विरुद्ध कारवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया है और खनन अधिनियम के तहत विभागीय निर्देश के उपरांत कानूनी कारवाई किया जाएगा।


**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**
ddczpkoderma@gmail.com

**सूचना**

सरकार के प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या 01स्था (वि0)–74 / 2023 / 2178 रांची, दिनांक 04.09.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में झारखण्ड बिल्डिंग बायलॉज 2016 को संकल्प संख्या 3428 दिनांक 10.10.2017 के द्वारा राज्य के पंचायती राज संस्थाओं के क्षेत्राधिकार के लिए अंगीकृत किया गया है। उक्त संकल्प के आलोक में 5000 वर्गफीट या उससे अधिक के RCC छत वाले पक्के मकानों को नक्सा की स्वीकृति की शक्ति संबंधित जिला परिषद को है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 SFT या उससे उपर बनने वाले सभी प्रकार के सरकारी, गैर सरकारी एवं निजि भवनों का Jharkhand Unified Building Bye-Laws 2016 के प्रावधानों के अनुसार जिला परिषद से नक्सा पारित कराना अनिवार्य है। बिना नक्सा पास कराये भवन निर्माण अवैध होंगे एवं उसमें प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई भी की जायेगी। जिला परिषद कोडरमा से नक्सा पारित करने हेतु जिला परिषद कोडरमा से निबंधित LTP (Licenced Technical Person) के माध्यम से Online आवेदन किया जा सकता है।

LTP के निबंधन हेतु कोई भी Architect, Engineer, Structural Engineer, Town Planner तथा Supervisor/Draftman अपना निबंधन Jharkhand Unified Building Bye-Laws 2016 के Annexure-1 के अनुसार जिला परिषद में Online कर सकते है। Online आवेदन एवं विशेष जानकारी हेतु BPAMS Portal के वेबसाईट http:103.13.97.2 पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 340646 Panchayati Raj (24-25)_D


## जामताड़ा व सरायकेला-खरसावां के बीच मैच ड्रॉ






### जेएससीए अंडर 14 क्रिकेट

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जेएससीए अंतर जिला अंडर -14 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच गुरूवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में जामताड़ा व सरायकेला-खरसावां के बीच खेला गया। रोमांचक मैच बराबरी पर रहा। टाई मैच में दोनों ही टीमें दो -दो अंक के साथ अगले चक्र में पहुंची। खेले गये मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते जामताड़ा की पूरी टीम 11.2 ओवरों में महज 60 रनों पर ढेर हो गयी। टीम की ओर से प्रियांशु कुमार ने सर्वाधिक 15 व शकिल अहमद ने दस रनों का सहयोग किया। खरसावां की ओर से जय कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी करते छः ओवरों में 27 रन देकर सात विकेट लिये। टीम की ओर से अमन व विवन को एक-एक विकेट लिया। मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी खेरसावां की टीम भी तु चल मैं आया के तर्ज पर खेली। टीम की ओर से किशन ऋषि ने 16 रन बनाये। सर्वाधिक योगदान अतरिक्त का 22 रनो का रहा और पूरी टीम 60 रन पर सिमट गयी। जामताड़ा की ओर से अंकित कुमार व शकिल अहमद ने चार -चार विकेट हासिल किया।

उम्दा प्रदर्शन के बदौलत जय कुमार प्लेयर ऑफ द मैच बने। टीआरडीओ रोनित सिंह, सचिव जितेन्द्र सिंह, अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार व स्कोरर शशिभूषण मिश्रा ने जय कुमार को ट्रॉफी व पांच हजार नगद देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, लाल चंद्रशेखर, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर जारी रहेगा प्रयास : सुनीता उरांव

खबर मंत्र संवाददाता



सेन्हा-लोहरदगा। महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रखंड क्षेत्र में लगतार प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर विभिन्न तरह का रूप रेखा तैयार कर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये छोटी छोटी योजनाएं चलाया जा रहा है। उसी निमित सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित महिला विकास मंडल के ज्ञान ज्योति संकुल प्रांगण में महिला विकास मंडल के स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के बैंक मित्र एफ एल, सीआरपी, जे आर पी, नवजीवन सखी, सेतु दीदी के साथ महिला समूह की गति विधि का समीक्षा नवम्बर माह के लिये गया। दिसंबर माह का प्लानिंग मीटिंग किया गया महिला विकास मंडल के अध्यक्ष सुनीत उरांव ने कहा कि महिला को अधिक से अधिक स्वरोजगार से जोड़े और शसक्त बनाए। बैठक के दौरान सचिव संगीता देवी, कोषाध्यक्ष शिला देवी, महिला विकास मंडल के संकुल स्तरीय क्षेत्रीय समन्वयक उमंग कुमार, बी एल एफ ए, रफत परवीन, ज्ञान ज्योति के अध्यक्ष शांति उरांव, सचिव मीना कुमारी, कोषाध्यक्ष अमृता टोप्पो आदि उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-08/2024-25
Letter no:-636 Date: - 28.11.2024
Details of Works:-

| Serial No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Check Dam on Aslaahi Nala at Block-Chandwara, Dist-Koderma | 56.480 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 09.12.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 19.12.2024 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 19.12.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 21.12.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: -1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Koderma.

PR 340640 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

# हेमंत से उम्मीद

झारखंड में हेमंत सरकार के शपथ लेते ही युवाओं, महिलाओं और समाज के उपेक्षित वर्ग में एक उम्मीद बंध गयी है। लोकतांत्रिक मूल्यों में सर्वोच्च कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के तहत राज्य की नीतियां तय होगी। राज्य की वित्तीय स्थिति बेहतर है और राजकोषिय घाटा भी नियंत्रित है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद खनिज की रॉयल्टी भी अधिक मिलने की संभावना है। साथ ही घोषणा पत्र में उल्लेखित वादों के पूरा होने की भी पूरी उम्मीद है। राज्य निमार्ण के बाद परिपक्व होती आम जनता को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर स्कूल, शिक्षकों की नियुक्ति की आस है तो वहीं चिकित्सा के क्षेत्र में हर जिला मुख्यालय में एक मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य बीमा की उम्मीद है। हर जिला मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज खोलने की बात असंभव भी नहीं है। राज्य में कोल इंडिया, अडानी, टाटा समूह, बिड़ला समूह सहित केन्द्र सरकार से सहयोग लेकर यह कार्य हो सकता है। क्योंकि इनके उद्योग राज्य में हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने से राज्य के छात्रों को डॉक्टर बनने का अवसर मिलेगा वहीं राज्य के लोगों को दूसरे राज्यों में ईलाज के लिये नहीं जाना पड़ेगा। चूंकि इन उद्योग समूहों के सीएसआर फंड में हजारों करोड़ रुपये होते हैं और इनके कंपनियों से प्रदूषण फैलता है इस कारण झारखंड की जनता को चिकित्सा सुविधा मिले यहउनका हक है। हेमंत सरकार अगर राज्य को मेडिकल हब बनाने के लिये ही नीति बना दे तो पूरी दुनिया से लोग ईलाज कराने के लिये झारखंड आ सकते हैं। राज्य के 24 जिलों और शहरों में इसके लिये जमीन एक रुपये की टोकन मनी पर दी जा सकती है। राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में नये विवि और तकनीक में भी तेज निवेश के लिए सार्थक प्रयास किये जाए। युवा राज्य को युवा सीएम मिलना जनता के लिये एक बड़ा अवसर है बेहतरी का।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या :** बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9


# निजी सम्पत्ति अधिग्रहण पर राह दिखाने वाला फैसला



**अपने** फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह भी रेखांकित कर दिया कि आपातकाल के समय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता के साथ समाजवाद शब्द जोड़कर भारतीय शासन व्यवस्था में समाजवादी तौर-तरीके अपनाने का जो काम किया गया था, वह निरर्थक एवं औचित्यपूर्ण नहीं था।

सुप्रीम कोर्ट ने हर निजी सम्पत्ति पर सरकार कब्जा नहीं कर सकती वाला राह दिखाने वाला फैसला देकर जहां निजी सम्पत्ति धारकों के अधिकारों की रक्षा की है, वही अर्थ-व्यवस्था को तीव्र गति देने के धरातल को मजबूत बनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने जाहिर किया है कि निजी संपत्ति के भी अपने अधिकार हैं, जिसकी अवहेलना नहीं की जा सकती। अब सरकारों यानी नीति निमार्ताओं को भूमि अधिग्रहण और अन्य निजी संपत्ति अधिग्रहण करने के लिए अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी रूपरेखा बनानी होगी। नया फैसला अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है और आदर्श शासन एवं न्याय व्यवस्था का द्योतक है। यह फैसला केवल इसलिए ऐतिहासिक नहीं है कि यह नौ सदस्यीय संविधान पीठ की ओर से दिया गया, बल्कि इसलिए भी अनूठा है, क्योंकि इसने उस समाजवादी विचार को आईना दिखाया, जिसे सरकारों की रीति-नीति का अनिवार्य अंग बनाने का दबाव रहता था। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन समाजवादी और वामपंथी सोच वालों के लिए भी झटका है, जो यह माहौल बनाने में लगे हुए थे कि देश में गरीबी और असमानता तभी दूर हो सकती है, जब सरकार संपत्ति का पुनर्वितरण करने में सक्षम हो और उसे यह अधिकार मिले कि वह किसी की भी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है।

ताजा फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक संसाधन को केवल इसलिए समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता क्योंकि वह भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कोर्ट ने कहा कि किसी निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को समुदाय के भौतिक संसाधन के योग्य मानने के पहले उसे कुछ कठोर परीक्षणों को पूरा करना होगा। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत आने वाले संसाधन के बारे में जांच कुछ विशेष चीजों पर आधारित होनी चाहिए। इसमें संसाधनों की प्रकृति, विशेषताएं, समुदाय की भलाई पर संसाधन का प्रभाव, संसाधनों की कमी तथा ऐसे संसाधनों के निजी हाथों में केंद्रित होने के परिणाम जैसे कारक हो सकते हैं। इसके लिये पहचान एवं परीक्षण अपेक्षित होगी। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विकसित पब्लिक ट्रस्ट के सिद्धांत भी उन



**- ललित गर्ग**

> प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने महाराष्ट्र के एक मामले में संविधान पीठ को भेजे गए कानूनी सवालों का जवाब देते हुए यह फैसला सुनाया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीतियां तय करना नहीं है, क्योंकि इसके लिए लोगों ने सरकार को वोट दिया है।

संसाधनों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं जो समुदाय के भौतिक संसाधन के दायरे में आते हैं। ऐतिहासिक रूप से भारत में भूमि अधिग्रहण अक्सर विवादास्पद रहा है, जिसमें औद्योगिक परियोजनाओं या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर अधिग्रहण से महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए हैं। सिंगूर और नंदीग्राम जैसे मामलों ने सरकारी अधिग्रहण के खिलाफ भूमि मालिकों और किसानों के प्रतिरोध को उजागर किया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निजी संपत्ति का अधिकार एक मानवाधिकार माना जाता है। इसलिये राज्य के लिये किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है।

चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 में दिए गए अपने ही फैसले को पलट कर न केवल जनहित की रक्षा की है बल्कि कानून की एक बड़ी कमी को सुधारा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस फैसले पर एकमत थे, वहीं जस्टिस बी.वी नागरत्ना फैसले से आंशिक रूप से सहमत थे जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। विद्वान जजों ने निजी संपत्तियों को समुदाय के भौतिक संसाधन मानते हुए राज्य द्वारा कब्जा करके या अधिग्रहण करके सार्वजनिक भलाई के लिए वितरित करने के अधिकार पर रोक लगाते हुए कहा है कि सभी निजी संपत्तियां समुदाय के भौतिक संसाधनों का हिस्सा नहीं बन सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि सरकार एक हद तक ही निजी सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर सकती है।

अपने फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह भी रेखांकित कर दिया कि आपातकाल के समय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता के साथ समाजवाद शब्द जोड़कर भारतीय शासन व्यवस्था में समाजवादी तौर-तरीके अपनाने का जो काम किया गया था, वह निरर्थक एवं औचित्यपूर्ण नहीं था। अच्छा हो कि इस निरर्थकता को वे लोग भी समझें, जो संपत्ति के सृजन से अधिक अहमियत उसका पुनर्वितरण करने पर देते हैं। यह देश को समृद्धि की ओर ले जाने का रास्ता नहीं है। हो भी नहीं सकता, क्योंकि दुनिया भर का अनुभव यही बताता है कि जिन देशों ने अपने लोगों की भलाई के नाम पर अतिवादी समाजवादी तौर-तरीके अपनाए, वे आर्थिक रूप से कठिनाइयों से ही घिरे। आज जबकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से उसे अधिक तीव्र गति मिल सकेगी एवं निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। अर्थ-व्यवस्था एवं बाजार को तीव्र गति देने के लिये निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने महाराष्ट्र के एक मामले में संविधान पीठ को भेजे गए कानूनी सवालों का जवाब देते हुए यह फैसला सुनाया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीतियां तय करना नहीं है, क्योंकि इसके लिए लोगों ने सरकार को वोट दिया है। लेकिन यदि सभी निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन माना जाएगा, तो यह संविधान के मूल सिद्धांतों का हनन है, इसलिये इसे रोकना कानून के दायरे में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि 1990 के बाद से अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है और अब बाजार उन्मुख आर्थिक मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इसके लिये राष्ट्रवादी सोच जरूरी है। संविधान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि जस्टिस अय्यर का दृष्टिकोण समाजवादी थीम पर आधारित था और इससे सहमति नहीं जताई जा सकती। 1977 में कर्नाटक बनाम रंगनाथ रेड्डी मामले में जस्टिस अय्यर ने निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन बताया था। 1982 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने जस्टिस अय्यर के फैसले से सहमति जताई थी।

## लेटर टू एडिटर

### तकनीक का खतरा

**लेबनान** में पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोटक रखकर किए गए धमाके दिल दहला देने वाले हैं। यह नई तकनीक का खतरनाक उपयोग दशार्ता है। पहले से ही लोग साइबर अटैक से चिंतित हैं, अब मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे गैजेट्स भी खतरा बन गए हैं। इस्राइल ने युद्ध में दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो तरीका अपनाया है, वह न केवल नया है, बल्कि खतरनाक भी। विशेषज्ञों को मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों से होने वाले संभावित खतरों के खिलाफ उपाय खोजने चाहिए।

**– रविन्द्र सिंह, रांची**

### संदेह के घेरे में

**प्राचीन** काल में विभिन्न शक्तियों का दुरुपयोग मानव जाति के लिए हानिकारक होता था। आज विज्ञान की सुविधाओं का भी दुरुपयोग हो रहा है। राष्ट्रविरोधी तत्व तकनीक का दुरुपयोग कर सकते हैं।यह स्थिति चिंता का विषय है।

**–प्रिया सिन्हा, हजारीबाग**

## ट्वीट

संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना - जिसकी सीधी ज़िम्मेदार भाजपा सरकार है। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं।

संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# 28 आदिवासी सीटों को माइनस करने की नीति भाजपा को भारी पड़ी

**एनके मुरलीधर**

**चुनाव** में हार और हार का अंदेशा दो बात होती है। चुनाव की योजना और उसकी सफलता-विफलता राजनीति में एक चिर परिचित स्थिति है। झारखंड में भाजपा की जीत की योजना के बारे में चर्चा है कि राज्य के 28 आदिवासी के लिए आरक्षित है जिन पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व गंभीर नहीं था। 9 सीट एससी के लिये था उस पर भी मोटा-मोटी का फार्मूला चलाया जा रहा था। शेष बची सामान्य सीटों पर जीत कर झारखंड में राज्य पाने का रोड मैप दिल्ली को समझाया गया था। इस रोड मैप में भाजपा के प्रांतीय अध्यक्ष की पूरी छाया थी। चूंकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने एक बदलाव का प्रयोग किया था इस कारण राज्य के शीर्ष नेताओं में यह भय था कि जिन लोगों से चुनाव में जीत के बाद चुनौती मिल सकती है उन्हें चुनाव के पहले बाहर का रास्ता दिखा दिया गया या फिर चुनाव की ऐसी राजनीति बनायी गयी जिससे वो परास्त हो जाए। भाजपा ने एक इतिहास रचने का प्रयास किया जो झारखंड में संभव ही नहीं है। आरक्षित सीटों को छोड़कर सामान्य सीटों के बदौलत सत्ता हासिल करने का प्रयास और इस प्रयास को जमीन पर उतारने की दृष्टि से की गयी राजनीति।

अहम सवाल है कि बाबूलाल मंराडी की स्थिति और उनके जनाधार का भी अंदाज शीर्ष नेताओं को नहीं लग पाया। उन्हें लगा कि मंराडी तुरुप का पत्ता साबित होंगे जबकि मंराडी ने तो विकास मोर्चो का वोट हंस्तातरित करा पाये और न एसटी सीटों पर कोई कमाल दिखा पाये। इस चुनाव में जिन आदिवासी नेताओं को भाजपा ने अपने दल में शामिल कराया और उनकी जीत को लेकर आश्वस्त भीथे वे सभी हार गये चंपाई सोरेन को छोड़कर।

इसके पहले जब भी भाजपा को सत्ता हासिल हुई तब आरक्षित सीटों पर उन्हें

## चर्चा में

बड़ी सफलता मिली। भाजपा का जड़ ही एसटी सीटोंपर जीत के कारण बना रहा। राज्य बनाने का श्रेय भाजपा को था और इसका जबाव भी वोट के रुप में बदला।

लेकिन भाजपा जैसी बड़ी पार्टी ने जिस प्रकार की आयतित राजनीति झारखंड में की है उससे उसका आदिवासियों के बीच जनाधार खत्म होता जा रहा है। आदिवासी जन मानस आज भी सरल और सहज है। उनके मस्तिस्क पर फूल को स्थापित करना उतना कठिन भी नहीं था। लेकिन लगातार केन्द्र मेंशासन की हनक और मोदी के चमत्कार के भरोसे भाजपा नहीं चल सकती। पार्टी में लगातार नेता को खिंच के लाने की एक होड़ सी हो गयी है।

आखिर झारखंड की राजनीति में स्थानीय और अपने नेताओं पर पार्टी ने भरोसा क्यों नहीं किया? राज्य निमार्ण के बाद पार्टी ने जिन संवेदनशील मुद्दों में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया उसका असर भी अब दिखने लगा है। आज जिस प्रकार कांग्रेस दूसरे दर्जे की पार्टी बनकर रह गयी है और उसका संगठन कमजोर हो गया है उसी प्रकार झारखंड भाजप के पास भी संगठन नहीं रह गया है। पार्टी के कई गुट आपसी खींचातान तो कर ही रहें हैं अब कुछ कर्मठ कार्यकत्ता दब जुबान से यह स्वीकार कर रहें हैं कि जिन लोगों ने पूरा जीवन पार्टी के लिये लगा दिया उसका काई महत्व पार्टी में शेष नहीं बचा है। नेता अधिक कार्यकत्ता नदारद।

कई दलों के नेता सीधे पार्टी ज्वाईन कर टिकट पाने में सफल हो रहे हैं। ऐसा हर दल में हो रहा है फिर भाजपा अन्य दलों से अलग कैसे बची है?

यह सचहै कि धनबल का चुनाव में बड़ा असर होता जा रहा है लेकिन इस चुनाव में हार के बाद भाजपा को जनबल की कठिनाई भी सामने आ रही है। किसी एक नेता के साथ अब उसके वोटर्स भी शिफ्ट नहीं होते यह समझना होगा।

भाजपा की स्थिति अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गयी खेत को चरितार्थ करती हुई दिखती है। भाजपा की चुनावी रणनीतिकारों ने कुछ हल्के विषय पर ही चुनाव में जीत का विषय बनाया जैसे धुसपैठ। संथाल परगणा के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर राज्य भर में इस विषय के प्रचार का क्या मतलब था। भ्रष्टाचार पर भाजपा क्या बोल सकती है जब उसके दल में वो सभी लोग शामिल हो चुके हैं जो भ्रष्टाचारके बड़ें आरोपी है। आदिवासी सीटों पर जब नीति स्पष्ट न हो नेता मेंआत्मविश्वास न हो ऐसे में शहरी सीटों पर भी भाजपा की हार क्या संकेत दे रही है? बोकारो, कांके, खिजरी सहित सामान्य सीटों पर हार बड़ा संकेत देती है कि भाजपा को शहरी वोटर भी नकार रहा है। झारखंड में ट्राइबल रिजर्व सीट को नकारने की रणनीति के शिल्पकार प्रांतीय भाजपा अध्यक्ष महोदय की बात मानने वाली टीम की हार दोहरायी जाती रहेगी।

(चीफ सब एडिटर खबर मन्त्र)

# अडानी मामले में करीब 2.5 करोड़ छोटे निवेशकों को नुकसान हुआ

**कमलेश पांडे**

**खरीदारों** के बिना सौदा आगे नहीं बढ़ सकता था और दोनों कंपनियों के सामने बड़े नुकसान का जोखिम था। इसलिए अदाणी ग्रुप और एज्योर पावर ने भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की योजना बनाई। तो फिर यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर में रिश्वत का हिस्सा किनको किनको मिला? उसमें भी सबसे बड़ा हिस्सा किनको मिला? इसके जवाब भी अमेरिकी प्रशासन के आरोपों से मिलते हैं।

अमेरिकी प्रशासन के आरोपों के मुताबिक, इन लोगों ने तय किया कि सरकारी अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वो राज्य बिजली वितरण कंपनियों को एसईसीआई के साथ बिजली आपूर्ति समझौते में शामिल होने के लिए तैयार करेंगे। शायद इसलिए उन्होंने भारतीय अफसरों को करीब 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया, जिसका एक बड़ा हिस्सा आंध्र प्रदेश के अधिकारियों को दिया गया। फलाफल यह निकला कि इसके बाद कुछ राज्य बिजली कंपनियां सहमत हुईं और दोनों कंपनियों से सौर ऊर्जा खरीदने के लिए एसईसीआई के साथ समझौता किया।

इससे साफ है कि भारतीय ऊर्जा कंपनी और अमेरिकी इश्यूअर ने मिलकर रिश्वत का भुगतान किया। इतना ही नहीं, अपनी संलिप्तता छिपाने के लिए कोड नामों का भी इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय (न्यू यॉर्क) के अनुसार, रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के मामले में जिन्हें आरोपी बनाया गया है उनमें गौतम एस. अदाणी, सागर एस. अदाणी, विनीत एस. जैन, रंजीत गुप्ता, सिरिल कैबनेस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा, रुपेश अग्रवाल के नाम प्रमुख हैं।

हालांकि, अमेरिकी कानूनों के तहत ऐसे मामलों में आमतौर पर डेफर्ड प्रॉसिक्यूशन एग्रीमेंट्स या नॉन प्रॉसिक्यूशन एग्रीमेंट्स के जरिए सेटलमेंट की इजाजत है। जिसके मुताल्लिक कुछ गलतियां स्वीकार करने, नियमों का अनुपालन बेहतर करने के वादे और जुमार्ना चुकाने के साथ ही यह मामला सुलझाया जा सकता है। इससे पहले भी सीमेंस ने 80 करोड़ डॉलर और एरिक्सन ने 1 बिलियन डॉलर का जुमार्ना चुकाया था। लिहाजा, अदाणी ग्रुप भी चाहे तो ऐसा कुछ कर सकता है। हिंडनबर्ग मामले के चलते अमेरिका में अदाणी ग्रुप की कंपनियों का

## आर्थिक

बाजार मूल्य जितना घटा था, उससे दोगुनी गिरावट अमेरिकी अदालत में ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी पर लगे आरोपों के चलते आई है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला ग्रुप की साख के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है, लेकिन अमेरिका में इस मामले के निपटारे के रास्ते भी की कंपनियों के शेयर इस गिरावट से जल्द उबर सकते हैं, हालांकि निवेशकों को फिलहाल सेटलमेंट की गुंजाइश चुनिंदा है। सवाल है कि अमेरिका के अगले राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की संभावित नीतियों, चीन में राहत पैकेज और रूस-यूक्रेन संकट गहराने और इजरायल-फिलिस्तीन विवादों के बढ़ते चले जाने के चलते भारतीय शेयर बाजार में पहले से ही कमजोरी दिख रही थी। फिर, अडाणी मामले ने इसे और हिला दिया। अलबत्ता, ताजा मामले का इस ग्रुप पर जैसा भी असर पड़े, लेकिन इतना तय है कि देश की इकॉनमी पर आंच नहीं आने जा रही। भारत में लॉन्ग टर्म में अर्थव्यवस्था का दमखम, कंपनियों के मुनाफे में अच्छी बढ़त और रेगुलेटरी साख ही शेयर बाजार के लिए अहम है। ऐसे में भारत पर दांव लगाने वाले विदेशी निवेशक इन चीजों को नजरंदाज नहीं करने जा रहे।

इस पूरे मामले का दिलचस्प पहलू यह है कि जब भी भारत में संसद सत्र शुरू होने वाला होता है तो भारत के प्रतिपक्ष को अमेरिका एक नया मुद्दा थमा देता है। अब जबकि सोमवार 25 नवम्बर से शीतकालीन सत्र शुरू होगा तो यह नया मामला सामने आ गया। लिहाजा, उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोपों पर विपक्षी पार्टियों ने बीजेपी और केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने इस मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) जांच की मांग की। राहुल गांधी ने कहा है कि संसद के शीतकालीन सत्र में नेता प्रतिपक्ष के नाते वह और पूरा विपक्ष अदाणी से जुड़े मामले को उठाएगा। बता दें कि राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अदाणी पर लगे आरोपों पर कहा कि उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि गौतम अदाणी की गिरफ्तारी नहीं होगी क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी और वह एक हैं और इसीलिए दोनों सेफ हैं। यह राजनीतिक, वित्तीय और अफसरशाही से जुड़े लोगों का पूरा नेटवर्क है। एक तरफ ये नेटवर्क देश के राजनीतिक तंत्र को कब्जे में करता है, दूसरी तरफ मुनाफे का काम करता है। इसलिए सेबी चीफ माधवी पुरी बुच को पद से तुरंत हटाकर जांच हो।

वहीं, कांग्रेस के हमलों पर बीजेपी ने भी पलटवार किया है। बीजेपी सांसद व प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस, राहुल गांधी और सोनिया गांधी 2002 से ही नरेन्द्र मोदी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे सफल नहीं हुए है। राहुल गांधी ने आज जिस तरह का व्यवहार दिखाया है, यह कोई नई बात नहीं है। कंपनी के खिलाफ अमेरिका के आरोपों में जिन चार राज्यों का जिक्र है, उनमें से किसी में भी बीजेपी का मुख्यमंत्री नहीं था। गांधी परिवार और कांग्रेस ये सहन नहीं कर पा रहा है कि भारत लगातार दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। यही कारण है कि ये भारत की मार्केट पर आक्रमण कर रहे हैं। आज सुबह चार बजे से इनका पूरा स्ट्रक्चर भारत के शेयर मार्केट को गिराने में लगा हुआ है। इससे करीब 2.5 करोड़ छोटे निवेशकों को नुकसान हुआ है।

# जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना प्राथमिकता : प्रदीप प्रसाद

## सदर विधायक ने विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, ट्रांसफार्मर लगाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को कार्यालय सभागार में क्षेत्र की बिजली समस्याओं के समाधान के लिए बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।अधिकारियों के द्वारा विधायक प्रदीप प्रसाद को पौधा भेंट कर उन्हें बधाई दी । बैठक में क्षेत्र के बिजली आपूर्ति में आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर गहन चर्चा की गई। मुख्य रूप से ट्रांसफार्मर की आपूर्ति, ट्रांसफार्मर तेल की उपलब्धता, और बिजली तारों की मरम्मत जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

शहरी क्षेत्रों में 2 घंटे के भीतर नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाएं, ग्रामीण क्षेत्रों में 5 से 6 घंटे के भीतर नए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति सुनिश्चित हो,क्षेत्र में झूलते और जर्जर तारों की तत्काल मरम्मत की जाए ताकि भविष्य में बिजली की समस्याओं से जनता को राहत मिले। बैठक में उपस्थित जीएम दिनेश कुमार ने विधायक के निर्देशों का समर्थन करते हुए कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को मजबूत और सुचारू बनाने के लिए विभाग हर संभव प्रयास करेगा।

उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में कम से कम समय के भीतर स्टैंडबाय ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास रहेगा की 24 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मर बदलने या उपलब्ध कराया जाए।

विधायक ने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से क्षेत्र के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। जी.एम दिनेश कुमार ने यह भी कहा कि विभाग और विधायक मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि क्षेत्र में बिजली की समस्याओं का स्थायी समाधान हो। विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की योजना तैयार की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से इ.एस.ई एके उपाध्याय, ई.ई.ई आयुष कुमार, ए.ई टाउन आर.पी. सिंह, ए.ई कटकमसांडी के.डी. प्रजापति, और जे.ई टाउन अवधेश कुमार उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि तय समय सीमा में कार्य पूरा किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि बिजली क्षेत्र के विकास के बिना क्षेत्र की प्रगति अधूरी है। जनता को निर्बाध बिजली सेवा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। क्षेत्र के हर नागरिक को बिजली की मूलभूत सुविधाएं सुलभ कराने के लिए मैं हरसंभव प्रयास करूंगा। विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर इस दिशा में तेजी से काम किया जाएगा। यह बैठक क्षेत्र की बिजली समस्याओं को स्थायी रूप से हल करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ समाहरणालय में भूकंप को लेकर एनडीआरएफ ने किया मॉक ड्रील



**रामगढ़।** भूकंप के सुरक्षा मानकों को लेकर गुरुवार को 9 वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम से इंस्पेक्टर रणविजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में टेबल टॉक एवं अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के परिसर में मॉक ड्रिल किया। समाहरणालय सभाकक्ष में टेबल टॉक के दौरान एनडीआरएफ टीम के पदाधिकारियों के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूकंप के दौरान सुरक्षा दृष्टिकोण से संचालित की जाने वाली गतिविधियों सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई । वहीं, इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग तिवारी के द्वारा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। टेबल टॉक के उपरांत अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के परिसर में भूकंप के दौरान रेस्क्यू सहित अन्य आकस्मिक स्थिति में संचालित की जाने वाली गतिविधियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया।

### सुरक्षा कर्मियों ने चोर को पकड़ा

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना के सुरक्षा कर्मियों ने ऑफिसर कॉलोनी के पास एक क्वार्टर में घुस कर सामान को निकाल रहा चोर को पकड़ा। साथ ही उसे कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। मामले को सुरक्षा प्रभारी शंकर राम ने चोर के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमे उन्होंने कहा है कि दोपहर में गश्ती करने के दौरान ऑफिसर कॉलोनी के पास एक क्वार्टर में चोर ताला तोड़कर अंदर गया था। साथ ही अंदर पड़े सामानों को ले जाने का प्रयास कर रहा था। इसके बाद जब उसकी नजर हमलोग पर पड़ी तो वह भागने लगा। जिसके बाद उसे धर दबोचा। उसके पास से एक लोहे का छोटा सबल भी था। पूछताछ में उसने अपना नाम मासूम रजा पिता अख्तर अंसारी तोपा बस्ती निवासी बताया। उन्होंने कुजू पुलिस से चोर के खिलाफ मामला दर्ज करने का आग्रह किया है।

### गोष्ठी में बच्चों के विकास पर चर्चा



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में गुरुवार को कक्षा दशम एवं द्वादश के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की गोष्ठी हुई। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रकाश पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अभिभावक गोष्ठी में छात्रों की प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियों और आगामी शैक्षणिक योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य, आचार्य, और अभिभावकों ने मिलकर विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किया। चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि इस तरह की गोष्ठियों का आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ मिलकर काम करने और उनके सपनों को पूरा करने में मदद करने का आग्रह किया। गोष्ठी में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अभिभावकों का स्वागत किया और बच्चों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे अभिभावक घर पर बच्चों को पढ़ाई में मदद कर सकते हैं और उनके भविष्य के लिए बेहतर निर्णय लेने में उनकी सहायता कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना, आचार्य अक्षय कुमार सिंह, इंद्रजीत कुमार सिंह, शशि कान्त, शेखर कुमार, अनूप झा, ज्योति राजहंस, आरती झा आदि की प्रमुख भूमिका रही

### लोकोस एप में लेनदेन को ले प्रशिक्षण



**रामगढ़।** लोकोस एप में एसएचजी/ वीओ/ सीएलएफ के वित लेनदेन एंट्री पर 4 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सीएमटीसी गोला में चल रहा है। भाग लेने वाले ब्लॉक चितरपुर, दुलमी, रामगढ़ सदर तथा मांडू ब्लॉक का प्रशिक्षण केवी के मांडू में चल रहा है। लोकोस भारत सरकार के ग्रामीण एवं विकास मंत्रालय द्वारा विकसित एक एप्लिकेशन है। इसका मुख्य उद्देश्य एसएचजी/ वीओ/सीएलएफ के सभी वित लेनदेन डेटा को एकत्र करना है और यह आजीविका विकास के अवसरों की पहचान करने में मदद करता है और ग्रामीण एसएचजी सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। डीपीएम, जेएसएलपीएस ने प्रशिक्षण के दौरान भाग लिया और ई-बीके कैडरों को 100फीसदी प्रोफाइलिंग तथा वित लेनदेन डाटा सभी एसएचजी/ वीओ/ सीएलएफ का लोकोश एप्लिकेशन के माध्यम से एकत्र करने के लिए निर्देश दिया गया।

### सेंट्रल सौदा में मनी फुले की पुण्यतिथि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली मालाकार उत्थान समिति रामगढ़ ने गुरुवार को सेन्ट्रल सौन्दा में महात्मा ज्योतिबा फुले का 134वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर समिति के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर उदय मालाकार, पिंटू मालाकार, रामकृपाल मालाकार, धनंजय मालाकार, राजू मालाकार, बुल्लू मालाकार, योगेंद्र भगत, बबलू भगत, डॉ रवि कुमार, विशाल कुमार, नंदलाल भगत, प्रमोद मालाकार, संजय मालाकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बीएड कॉलेज लारी में नयी शिक्षा नीति पर चर्चा

**रजरप्पा ।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में शोध एवं नवाचार के नवीन प्रविधियों पर तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रमके अंतिम दिन सर्वप्रथम डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कुल गीत एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की गई। प्रो. (डॉ.) मृत्युंजय प्रसाद, शिक्षा विभाग, विभावि, हजारीबाग ने नई शिक्षा नीति, शिक्षा में नवाचार तथा आदर्श शिक्षक बनने इत्यादि पर विस्तृत चर्चा किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में दौलत महतो मेमोरियल टीचर्स, ट्रेनिंग कॉलेज, बनासो, हजारीबाग के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी, विद्यार्थी वह व्यक्ति होता है जो कोई चीज सीख रहा होता है। विद्यार्थी दो शब्दों से बना होता है। विद्यार्थी किसी भी आयुवर्ग का हो सकता है, बालक, किशोर, युवा, या वयस्क। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वह कुछ सीख रहा होना चाहिए।

## विभावि का 28वां युवा महोत्सव 18 दिसंबर से



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय का 28 वे अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव, झूमर का आयोजन चतरा कॉलेज चतरा की मेजबानी में 18 से 20 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। स्वामी विवेकानंद सभागार के बैठक कक्ष में गुरुवार को आयोजित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कला एवं संस्कृति परिषद की वार्षिक बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार ने किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभागियों का चयन करके युवा महोत्सव में भाग लेना सुनिश्चित करें। ऐसे महोत्सव के सफल आयोजन के लिए प्रायोजकों से सहयोग लेने पर भी विचार किया जाए। प्रत्येक प्रतिभागी से अंडरटेकिंग लेने के बाद ही उसे दल में शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि हर हालत में निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए तथा एआईयू के निर्देशों का पालन किया जाए। बैठक में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह ने पिछले एक वर्ष की गतिविधियों का प्रतिवेदन पाठ किया। सदन ने इसे सर्व समिति से अनुमोदित किया। इसके बाद 2024 में विभावि अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव के आयोजन, पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव तथा राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की प्रतिभागिता को स्वीकृति प्रदान की गई। यह भी तय हुआ कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को युवा महोत्सव में सहभागिता के अवसर प्रदान करने के लिए 15 से 21 दिसंबर के परीक्षा कार्यक्रम में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। चत्रा महाविद्यालय को निर्देश दिया गया की शोभायात्रा के समय एक सुसज्जित घोष दल की भी व्यवस्था करेंगे।

### युवक ने उड़ाया भाजपा मंडल अध्यक्ष की पत्नी का सोने की चेन

**चौपारण।** कंपनी का प्रचार करने के नाम से अब उच्चके घूमते हैं गांव में लोगों को बनाते हैं अपना शिकार। ताजा मामला गुरुवार को सिंघरावां के टिटहि से भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी की पत्नी का सोने की चेन छीन कर भाग गए चोर। जिसके बाद सीसीटीवी में दो युवकों का चेहरा साफ तौर पर दिख रहा है। बताया जाता है कि दोपहर करीब 1:40 बजे श्री चंद्रवंशी का गेट खटखटाया गया जिसके बाद उनकी पत्नी ने गेट खोला तब युवक जिसका साथी कुछ दूरी पर बाइक पर खड़ा था उनसे जेवर साफ करवाने की बात करने लगा। उसने कहा कि वह वीम बार कम्पनी का प्रचार करता है। जिसके बाद महिला उन्हें मना कर गेट बंद करने लगी इसी बीच मौके का फायदा उठा उक्त युवक उनकी गले से सोने की चेन छीन कर बाइक पर बैठ कर भागने लगा। घटना के बाद लोग पीछे दौड़े तब तक युवक जीटी रोड से भाग निकले। घटना से आसपास के लोगों में डर भी हो गया है।

### रामगढ़ एसपी-डीसी से मिले बड़कागांव और मांडू विधायक



**रामगढ़।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और मांडू विधायक निर्मल महतो ने गुरुवार को रामगढ़ डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार से मुलाकात की। इस औपचारिक मुलाकात के दौरान दोनों विधायकों ने क्षेत्र के विकास के बारे में भी चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर विकास कार्यों को धरातल पर उतारने और विधानसभा क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए डीसी से पूर्ण सहयोग करने की बात कही। साथ हीं साथ एसपी अजय कुमार से मिलकर क्षेत्र में बढ़े अपराध को नियंत्रित करने की बात कही। विगत दिनों हुए कुजू क्षेत्र में गोलीबारी कांड में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और कानूनी कार्रवाई करते हुए पूरे जिला को भयमुक्त और अपराधमुक्त बनाने की बात भी कही।

### एला एंग्लाइज विद्यालय के स्काउट्स व गाइड्स ने ली राष्ट्र सेवा की शपथ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में गुरुवार को स्काउट्स और गाइड्स के सदस्यों ने राष्ट्र सेवा की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि स्काउट्स और गाइड्स का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना है। स्काउट्स और गाइड्स के सदस्यों ने कहा कि हम राष्ट्र की सेवा करने के लिए तैयार हैं। हम अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। इस दौरान राष्ट्रीय गीत, बैलेंस स्पेशल पिरामिड, कमल पिरामिड और 321 पिरामिड का प्रदर्शन कर सबों को अचंभित कर दिया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि आप सभी राष्ट्र के भविष्य हैं। आपकी राष्ट्र सेवा से देश को मजबूती मिलेगी।

### इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा के निधन पर कायस्थ महासभा ने जताया शोक



**रामगढ़।** धनबाद साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक राजेश सिन्हा के निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं रामगढ़ जिला अध्यक्ष ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि धनबाद साइबर थाना में पदस्थापित पुलिस इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा हमारे बीच नहीं रहे । सरल सहज स्वभाव के धनी राजेश सिन्हा 1994 के बैच के पुलिस पदाधिकारी थे । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा से जुड़ कर सामाजिक कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके आकस्मिक निधन पर प्रदेश एवं जिला के चित्रांशों ने दुःख जताया है। प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव और जिला अध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने बताया कि जमशेदपुर चित्रगुप्त समाज एवं अन्य प्रबुद्ध व्यक्तियों से उनका बहुत मधुर संबंध था । भगवान उनकी आत्मा को शांति दे एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों एवं शुभचिंतकों एवं हम सभी को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के पुत्र और महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा राजेश सिन्हा के अंत्येष्टि में शामिल हुए और परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया ।

## फुटबॉल खिलाड़ी हरीश बेदिया का जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)।सरना यूनाइटेड फुटबॉल क्लब लपंगा के खिलाड़ी सह भदानीनगर के लपंगा बस्ती निवासी सेवालाल बेदिया का पुत्र हरीश बेदिया के संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टुर्नामेंट में नेशनल झारखंड टीम से खेल कर वापस आने पर गुरुवार को सम्मानित किया गया। भदानीनगर के आइएजी फुटबॉल मैदान में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुखिया आनंद दुबे और खेल प्रेमियों ने फुटबॉल हरीश बेदिया को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। हरीश बेदिया का चयन झारखंड फुटबॉल टीम से संतोष ट्रॉफी के लिए हुआ था। जहां कल्याणी स्टेडियम कोलकाता में आयोजित फुटबॉल टुनार्मेंट में हरीश ने झारखंड टीम की ओर से बंगाल, बिहार और यूपी की टीम से मैच खेलकर वापस आया है। इसी खुशी में खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हरीश को बधाई दी। साथ ही जोरदार स्वागत करते हुए सम्मानित किया। बताते चलें कि सरना फुटबॉल क्लब लपंगा के खिलाड़ी हरीश बेदिया कम उम्र में नेशनल टीम में खेलने वाला रामगढ़ जिला का दूसरा खिलाड़ी बनने का गौरव पाया है। मौके पर स्थानीय मुखिया आनंद दुबे, सेवालाल बेदिया, जाबिर अंसारी, हाशिम अंसारी, सुनील बेदिया, बृजमोहन प्रसाद, बालदेव बेदिया, जाहेरन करमाली, चंद्रिका चौधरी, राज करमाली, गौतम बेदिया, अंकित बेदिया, सूरज बेदिया, रमेश, तपेश, गज्जू, प्रीतम सहित कोच, मैनेजर और दर्जनों खेल प्रेमियो ने हर्ष व्यक्त करते हुए हरीश के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कोटरेवा पायोनियर ने फसल की दी जानकारी

**कुजू।** क्षेत्र के कठरेहवा में विश्व के अग्रणी बीज कंपनी कोटरेवा पायोनियर द्वारा गुरुवार को किसानों के बीच कंपनी के 27पी 37 की खड़ी फसल दिखाकर उसके गुणों और विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान धान के बालियों का दंगल भी कराया गया। जिसमें मुखलाल महतो का पायोनियर 27पी37 धान की कटाई क्षेत्र 2 मीटर लंबा और दो मीटर चौड़ा रहा। इस पर मुखलाल महतो को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कंपनी के क्षेत्रीय प्रतिनिधि अशोक कुमार गिरि ने बताया कि पायोनियर धान हर हाल में बेमिसाल है, और 27d37 धान दो नंबर खेत में सबसे ज्यादा पैदावार देने वाला धान है। जिसकी लंबी व गुच्छेदार बालियां होती है।

## एक नजर में

### चौपारण : खेत से तीन पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, होटल संचालक से पूछताछ





**चौपारण।** सरदारपुर में एक होटल लुधियाना पंजाब लाइन होटल के पीछे खेत से तीन पेटी अंग्रेजी शराब मिली। जीटी रोड के किनारे संचालित अधिकतर होटलों में अवैध शराब की बिक्री की जाती है। इसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने जीटी रोड सरदारपुर के होटल में जांच करने पहुंचे। पर होटल में कुछ बरामद नहीं हुआ। जिसके बाद पीछे के खेत मे 3 पेटी में रॉयल स्टैग 375एमएल का 72 बोतल बरामद किया गया। जिसके बाद अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर ठग से रहें सावधानः थाना प्रभारी



**टाटीझरिया।** थाना क्षेत्र में लगातार साइबर फ्रॉड का मामला सामने आते रहा है अब से साइबर ठग नया नया तरीका से लोगों को साइबर फ्रॉड करने में लगा हुआ है टाटीझरिया थाना क्षेत्र के : मुरुमातु निवासी विनोद अगरिया को साइबर ठगी का शिकार होते होते बचाया गया बता दे कि विनोद अगरिया को मो नंबर 8451802896 से सीमेंट , ईंट,बालू , छरी ,छड़ का ऑनलाइन ऑर्डर दिया जा रहा है यह नंबर गौरव सिंह पिता अनिल सिंह कटकमसांडी वर्तमान पता महाराष्ट्र है जबकि फोन पे मोबाइल नंबर 9608423054 गौरव कुमार सिंह के नाम से दर्ज है जब विनोद अगरिया छड़ सीमेंट सहित अन्य सामग्री का ऑर्डर ऑनलाइन किया जब फोन पे में रकम डालने को कहा गया तो इसे शक हुआ तुरंत अपनी सूझ बूझ से स्थानीय मुखिया सुरेश यादव को सूचना दिया उसके बाद उन्होंने थाने आवेदन देने को कहा आवेदन देने के उपरांत टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने टीम गठित कर साइबर ठगी होने से बचाया थाना प्रभारी ने कहा कि अब साइबर फ्रॉड के कई तरीका अपनाया जा रहा है ऑनलाइन में यदि आप पेमेंट करते है तो अच्छी तरह से जांच ले तभी पेमेंट डाले जितने भी छोटे बड़े दुकानदार व्यवसाई है सावधान रहे जागरूक हो सुरक्षित रहे।

### टाटीझरिया में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात



**टाटीझरिया।** डहरभंगा पंचायत केशडा गांव निवासी सरजू महतो पिता सुकर महतो,महफूज मिया पिता करीम मिया के सिंदरबांध में आस पास लगे खेत में हरे साग सब्जियों में आलू,गोभी ,मूली को अपने पैरों तले रौंदकर नष्ट कर दिया और खेत में लगे चार दिवारी को भी तोड़ फोड़ दिया किसानों को लाखों का नुकसान हुआ। किसानों ने बताया कि हमलोग ब्याज पर रुपए लेकर खेती करते हैं और 23 हाथियों की झुंड ने फसल को नुकसान कर दिया। किसानों ने कहा कि हमलोग खेती बाड़ी करके अपने परिवार का जीवन आपन करते है। किसानों ने संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग की है। खबर लिखे जाने तक 23 हाथियों के झुंड भराजो पंचायत के आमनारी गांव करमाटांड़ घुघुलिया जंगल में बताया जा रहा है ।

### विधायक मनोज यादव आज करेंगे बैठक

**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे मदनगुंडी टोल प्लाजा पर एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का उद्देश्य स्थानीय वाहनों को टोल टैक्स में छूट दिलाने और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर चर्चा करना है। बैठक का उद्देश्य स्थानीय वाहनों को टोल छूट दिलाने के लिए रणनीति तैयार करना। मदनगुंडी टोल प्लाजा पर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना है। विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं। यह बैठक स्थानीय विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित होगी। इस सभा में शामिल होकर अपनी सहभागिता देने और इसे सफल बनाने की अपील की गई। कहा कि यह पहल हमारे क्षेत्र के विकास और जनसुविधा के लिए अहम है। यह बैठक बरही क्षेत्र में स्थानीय लोगों के अधिकारों और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डीडीसी ने की ग्रामीण विकास की समीक्षा



**हजारीबाग।** उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में गुरुवार को को जिला परिषद सभागार में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस समीक्षा बैठक में 15 वें वित,मनरेगा एवं आवास योजना की समीक्षा की गई। बैठक में डीडीसी ने 15 वें वित्त के अंतर्गत खर्च को बढ़ाने,मनरेगा योजना में पुरानी योजनाओं को बंद करने, एनआरएम खर्च को बढ़ाने, प्रत्येक ग्राम में पांच योजना जारी रखने इत्यादि का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। वहीं आबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला समन्वयक आवास, डीपीएम पंचायत उपस्थित थे।

### भाजपा नेता के पिता के निधन पर शोक

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के वरिष्ठ नेता विनोद मिश्रा के पिता सुदामा मिश्रा उम्र 97 का आकस्मिक निधन मंगलवार रात 9.30 बजे हआ । निधन इ का समाचार सुन भाजपा नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करने गुरुवार सुबह उनके सी एन कॉलेज के निकट स्थित आवास पहुंचे। परिजनों के आने के उपरान्त 3:30बजे गांधी घाट मुक्ति धाम दामोदर नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि विनोद मिश्रा ने किया । निधन पर रंजीत पांडेय, राजीव पामदत, संतराज पासवान, राकेश कुमार सिन्हा,नीरज प्रताप सिंह, मुकेश कुमार तिवारी, सुरेश गणक, सुभाष कुमार पांडेय, मिक्की साव, पवन मिश्रा, राजेश पाठक, प्रभात पाठक, शुभम मिश्रा, सौरभ पांडेय, मनोरंजन पांडेय सहित परिवार के सदस्य तथा बड़ी संख्या में सामाजिक और राजनीति लोग उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, रणंजय कुमार, इला रानी पाठक,रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा,महेन्द्र प्रजापति, बलराम महतो,राजू चतुर्वेदी, सरदार अनमोल सिंह, भगवान प्रसाद सूर्यवंश श्रीवास्तव, शिव कुमार महतो, उमेश प्रसाद,सुशांत पांडेय, ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मण्डल ,अजीत कुमार गुप्ता, अभिषेक चौधरी,सुरजीत सिंह छाबड़ा भीमसेन चौहान, धीरज कुमार साहू, विजय पाठक, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत चौधरी, सत्यजीत सिंह, अखिलेश प्रसाद, वसुध तिवारी ख़ुशीलाल महतो नमेंद्र चंचल जोगेंद सिंह जगगी सहदेव ठाकुर सुबोध सिंह रमेश वर्मा दीनदयाल कुमार धनंजय कुमार पुटुस मनोज गिरि,संजय साह आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

स्पीड न्यूज

### जिला अधिवक्ता संघ ने शोक सभा का आयोजन किया

**चतरा।** जिला अधिवक्ता संघ ने अपने सदस्य शिवकुमार सहाय के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा की अध्यक्षता अधिवक्ता रमेश जायसवाल ने की। शोक सभा में संघ के नेता एवं बार के वरिष्ठ अधिवक्ता मुरली मनोहर मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता शामिल हुए। शोक सभा में अधिवक्ता शिवकुमार सहाय के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। अधिवक्ता शिवकुमार सहाय के निधन को अधिवक्ता संघ के लिए एक बड़ी क्षति बताया गया। शोक सभा के बाद अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से खुद को अलग रखा और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चतरा को पत्र भेजकर इसकी सूचना दी।

### कुआं में गिरने से युवक की मौत

**कुंदा।** थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी जतन यादव के 28 वर्षीय पुत्र विनय यादव की गुरुवार को सुबह कुएं में गिरने से दुखद मौत हो गई। विनय यादव खेत में मोटर चलाने के लिए घर के पास कुएं से पानी भर रहा था, तभी उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया और वह कुएं में गिर गया। ग्रामीणों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह कुएं में ही दम तोड़ चुका था। विनय यादव के पीछे दो बेटे और एक बेटी है। उसकी मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

### हेमंत के शपथ ग्रहण समारोह में महागठबंधन कार्यकर्ता हुए शामिल

**गिद्धौर।** गुरुवार को झारखंड में हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में प्रखंड क्षेत्र से महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, हेमंत है, तो हिम्मत है सहित अन्य नारे लगाए। प्रखंड प्रभारी बैद्यनाथ कुमार दांगी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दोबारा महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में षड्यंत्रकारियों की चाल धराशायी हो गई और झारखंड में हेमंत दोबारा लौटकर मजबूती के साथ सरकार बना रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दोबारा सरकार बनाए जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर बिनोद ठाकुर, संतन सोनी, राजद नेता कमलेश रजक, पुरूषोतम गुप्ता, संदीप दांगी, कामदेव दांगी, ज्ञानी दांगी, मुनेश्वर यादव, मनोज दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सबानो पंचायत मुखिया ने अपने ऊपर लगे आरोपों का किया खंडन

**सिमरिया।** प्रखंड के सबानो पंचायत के मुखिया नरेश साव ने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ लगातार छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि आवास बनने के बाद निजी स्वार्थ और विपक्षियों के इशारे पर यह काम किया जा रहा है। लाभुक राम कुमार पासवान ने भी कहा है कि उन्होंने मुखिया को रिश्वत के रूप में कोई रुपए नहीं दिया है और मुखिया को झूठ में बदनाम करने की लगातार कोशिश की जा रही है।

### बीडीओ ने किया योजनाओं की जांच

**सिमरिया।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने गुरुवार को सबानों पंचायत में नरेगा अबुआ आवास आम बागवानी कूप आदि योजनाओं का जांच किया। जांच के दौरान उन्होंने पंचायत सचिव रोजगार सेवक और बीएफटी को कई दिशा निर्देश दिए। साथ हीं उन्होंने लाभुकों से रूबरू हुए। वहीं प्रखंड विकाश पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार सेवक द्वारा मनरेगा योजना में लापरवाही बरतने के कारण उन्हें शौकॉज किया जा रहा है वहीं मनरेगा कूप योजना निर्माण हो जाने पर भुगतना नहीं होने की योजना का समीक्षा की गई जिसमें जेइ को जांच करने का निर्देश दिया कि अब तक भुगतान क्यों नहीं हुआ। वहीं पूर्व से आवास योजना में गड़बड़ी का मामला में तत्कालीन पंचायत सचिव सुरेश साव को शौकौज किया गया है।

# करोड़ों की लागत से बन रही आवासीय भवन में बरती जा रही भारी अनियमितता

## अधिकारियों ने कहा, जांचोंपरांत संवेदक के खिलाफ की जायेगी विभागीय कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के पत्थलगड्डा प्रखंड कार्यालय परिसर में करोड़ों की लागत से बनाई जा रही आवासीय भवन में इन दिनों भारी अनियमितता बरती जा रही है। ज्ञात हो कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चतरा के द्वारा करोड़ों रुपयों की लागत से यह कार्य कराया जा रहा है, जिसमें संवेदक द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि जब आवासीय भवन निर्माण को लेकर चहारदीवारी का निर्माण शुरू किया गया था उसी समय से जनप्रतिनिधियों ने संवेदक पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया था, जिसे लेकर विभिन्न अखबारों में खबर प्रकाशित की गई थी लेकिन आज तक इस ओर विभागीय कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि इस मामले को लेकर कई जनप्रतिनिधियों ने कहा है कि संवेदक के खिलाफ विभाग के द्वारा कठोर कार्रवाई की जानी चाहिये। कलींद्र साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी पत्थलगड़ा ने कहा : मीडिया के माध्यम से मुझे जानकारी मिली है की पत्थलगड़ा ब्लॉक परिसर में बनाए जा रहे आवासीय भवन निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने कहा, गुणवत्ता पूर्ण सामग्री से यदि कार्य नहीं किया जा रहा है तो इस पर विभाग के द्वारा जांचों प्रांत कनीय अभियंता व संवेदक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहते हैं सुरेश राम, कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चतरा):** प्रखंड परिसर में बन रहे आवासीय भवन में भारी अनियमितता बरती जाने की सूचना मिली है, जांचों प्रांत विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# बिरहोर की समस्याओं को सुन बिरहोर बस्ती पहुंचे डीसी

## आज बिरहोर बस्ती में लगेंगे विभिन्न योजनाओं के विशेष शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** सदर प्रखंड के गोढ़ाई पंचायत के आरूदाना समीप बिरहोर बस्ती के अजुबा बिरहोन ने दो दिन पहले मंगलवार को आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार में वनपट्टा सोलर लाइट की गुहार लगाते हुए उपायुक्त रमेश घोलप को आवेदन देकर अपनी समस्याओं को रखा। उपायुक्त रमेश घोलप ने अजुबा बिरहोर से प्राप्त आवेदन का अवलोकन कर स्वयं जिला स्तरीय विभिन्न अधिकारियों के साथ बिरहोर बस्ती पहुंचे और बिरहोर परिवारों के बीच बैठकर एक-एक कर समस्याएं सुनीं और समस्याओं का निष्पादन का भरोसा दिया। बिरहोर परिवार के साथ संवाद के क्रम में उनको विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की आवश्यकता को महसूस करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त समेत जिले के व प्रखंड के अधिकारियों को बिरहोर बस्ती पहुंच 29 नवंबर 2024 को विशेष शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया। जिसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवास, पेंशन, चिकित्सा शिविर, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, श्रम कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं का फॉर्म भरकर नियमसंगत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बिरहोर बस्ती के आदिम जनजाति परिवारों को वन पट्टा निर्गत करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों के अनुरोध पर बिरहोर बस्ती में नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु स्थान चिन्हित करने को कहा गया। साथ ही, पूर्व से बने जलमिनार को 24 घंटे के अंदर मरम्मत कर चालू करने का निर्देश दिया गया।

**बच्चों के बीच स्वेटर एवं मिठाई का वितरण :** समाज कल्याण विभाग के तरफ से उपायुक्त रमेश घोलप ने ठंड से बचाव हेतु स्वेटर और मिठाई का वितरण किया। उन्होंने बिरहोर बस्ती में बच्चों और अभिभावकों से संवाद करते हुए मेहनत कर शिक्षा ग्रहण करने की अपील की और सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। गोढ़ाई पंचायत के सरकारी विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। इसके अलावा, उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र लिखकर सभी आदित जनजाति परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वे करने और उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने विभिन्न प्रपत्रों में किए गए सर्वे और प्रतिवेदन भेजने के साथ ही लगातार इसकी समीक्षा करने की भी बात कही।

### उपायुक्त ने क्या कहा

जनता दरबार में सदर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत गोढ़ाई आरूदाना समीप बिरहोर बस्ती के अजुबा बिरहोर की समस्याओं को सुनने के बाद, शुक्रवार को मैं पंचायत पहुँचा। मैंने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और आरूदाना समेत जिले के सभी आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

उक्त मौके पर जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा हरिनाथ महतो, पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के संबंधित अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### 2022-24 का फेयरवेल कम फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**कोडरमा।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय बीएड संभाग में बुधवार को सत्र 2022-24 के उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं एवं 2024-26 के नव प्रशिक्षुओं के लिए एक फेयरवेल कम फ्रेशर पार्टी का आयोजन बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कुलानुशासक सह छात्र कल्याणध्यक्ष प्रो. डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह रहे।

### कोडरमा घाटी में तेल लदा टैंकर दुर्घटनाग्रस्त

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा माइल घाटी के समीप तेल लदा टैंकर दुर्घनाग्रस्त हो गया। इस घटना में चालक बाल बाल बच गये। मिली जानकारी के अनुसार टैंकर उड़ीसा से तेल लेकर पटना जा रही थी। इसी दौरान नौवा माइल के समीप ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घनाग्रस्त हो गई, जिसके बाद तेल सड़क पर बिखर गया।

एक नजर में

## ललिता नर्सिंग होम द्वारा प्रसव कराने वाली महिलाओं से की जा रही है ठगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गोमे गांव में संचालित ललिता नर्सिंग होम के संचालक और कर्मी सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं और उनके परिजनों को बहला-फुसलाकर अपने क्लिनिक में ले जा रहे हैं और उनसे मोटी रकम वसूल रहे हैं। हाल ही में कुंदा थाना क्षेत्र के सिकीदाग पंचायत के कोजरम गांव निवासी वीणा देवी को प्रसव के लिए कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, लेकिन ललिता नर्सिंग होम के कर्मचारियों ने उन्हें बहला-फुसलाकर अपने क्लिनिक में ले गए। बाद में उन्हें प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनका प्रसव कराया गया।

**महिलाओं को बहला-फुसलाकर अपने क्लिनिक ले जा रहा है ललिता नर्सिंग होम**

इस मामले की शिकायत चिकित्सा प्रभारी डॉ कुमार संजीव को मिली है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ललिता नर्सिंग होम के संचालक रविन्द्र कुमार को कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन वे अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। चिकित्सा प्रभारी ने कहा है कि अगर कोई भी निजी क्लिनिक के संचालक मरीज को बहकाते हैं या उसे बिना रेफर किए परिजनों को बहला-फुसलाकर अपने निजी क्लिनिक में ले जाते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चतरा सदर अस्पताल में कार्यरत एक स्वास्थ्यकर्मी ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर ललिता नर्सिंग होम नामक एक क्लीनिक का संचालन शुरू किया है। यह क्लीनिक खुद का रजिस्ट्रेशन नंबर बताकर लोगों को गुमराह कर रहा है और प्राथमिकी उपचार के नाम पर जिला प्रशासन को भी गुमराह किया जा रहा है।

क्लीनिक में प्रसव और ऑपरेशन भी किए जाने की बात सामने आई है। इसके अलावा, क्लीनिक संचालक अपने निजी वाहन को किराए पर चलाकर परिवहन विभाग के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। परिवहन विभाग का नियम है कि यदि वाहन का रजिस्ट्रेशन कॉमर्शियल है तो ही उसे किराए पर चलाया जा सकता है, लेकिन इस मामले में वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर निजी है।

## स्वच्छता माहवारी को लेकर कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत मसमोहना में अनाहत फोर चेंज फाउंडेशन और फ्यूजन फाइनेंस संस्था द्वारा संचालित गरिमा परियोजना के तहत महिलाओं और किशोरियों के साथ स्वच्छता माहवारी को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हेल्थ ट्रेनर प्रीति राम ने स्वच्छ माहवारी से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा की, जिसमें माहवारी चक्र पर समझ, माहवारी के समय सही तरीके से साफ सफाई, पैड निपटार के बारे में जानकारी दी गयी। वहीं मुखिया चांदनी कुमारी ने जानकारी दी कि अभी भी माहवारी को लेकर कई भ्रांतियां फैली हुई है और इस तरह के कार्यशाला से लोगों में माहवारी स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। वहीं सहिया सोनी कुमारी पाण्डेय ने यह संदेश दिया कि माहवारी से जुड़ी गलत जानकारी को बढ़ावा न दें, बल्कि यह एक प्राकृतिक प्रकिया है। मौके पर शिवलाल सिंह, रूबी देवी, ललिता कुमारी, रिया कुमारी, दीपा कुमारी, प्रभाकर कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय अंतर विद्यालय चित्रकला, भाषण

# सामूहिक लोक नृत्य एवं नृत्य नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** श्री कोडरमा गौशाला समिति द्वारा बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में 74वां गोपाष्टमी पूजा के अवसर पर शिक्षण संस्थानों के बच्चों के बीच जिला स्तरीय अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक लोक नृत्य एवं नृत्य नाटिका प्रतियोगिता और विशिष्ट दानदाताओं, सहायक एवं प्रशासनिक टीम का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वहीं बुधवार की शाम समिति के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, उपाध्यक्ष महेश दारूका, कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ, सचिव ओमप्रकाश खेतान, संयुक्त सचिव अरुण कुमार समेत उपस्थित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता की शुरुआत आकाश योगा सेंटर की छात्रा पीहू कुमारी के द्वारा प्रस्तुत स्वागत योग नृत्य के साथ हुई। इसके बाद स्कूली बच्चों के द्वारा कोडरमा गौशाला का कार्य एवं उसके विकास के लिए प्रेरणात्मक सुझाव और उपाय पर अपनी दमदार प्रस्तुति दी गई।

बच्चों की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। भाषण प्रतियोगिता में पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा समृद्धि सिंह ने प्रथम, ग्रीजली विद्यालय के छात्र श्लोक बड़गवे ने द्वितीय और सीडी गर्ल्स सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्रा मना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में गुरूवार को विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत माध्यमिक एवं उत्तर माध्यमिक विद्यालय से दो अतिरिक्तविद्यालय आरोग्य दूतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 28 नवम्बर से 2 दिसम्बर 2024 तक संचालित होगा। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संस्थान के प्राचार्या सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कंचन कुमारी, प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार, डाइट संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद, अमित कुमार, प्रदीप कुमार यादव एवं सीथ्री रांची से जिला समन्वयक अभिनव कुमार एवं जिले के सभी साधन सेवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बताते चलें कि पांच दिवसीय विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण आरोग्य दूतों के प्रशिक्षण में 16 विषयों पर प्रशिक्षण होना है। जिसमें स्वास्थ बढ़ाना, भावनात्मक कल्याण एवं मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम व प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य एचआईवी की रोकथाम, हिंसा एवं चोट के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, दहेज प्रथा, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक भावनात्मक कौशल शामिल है। वहीं प्राचार्य कंचन कुमारी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास का देवटेक बताया और इस विद्यालय स्तर पर अनिवार्य रूप से लागू करने पर विशेष जोर दिया। वहीं प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष रखा, वहीं प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद, अमित कुमार एवं प्रदीप कुमार यादव के द्वारा विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम पर अपने विचारों को प्रकट किया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए 12 जिला साधन सेवी अपना योगदान दे रहे हैं। जिसमें गिरधर प्रसाद, राणा पवन, मनोज कुमार बाजपेई, कपिल देव सिंह, रमन छाबड़ा, विनोद कुमार गुप्ता, वीरेंद्र दास, प्रदीप कुमार, हारून राशिद आलम, सुनीता कुमारी, स्मिता कुमारी बर्णवाल एवं क्षमावति आदि लोग शामिल हैं।

## शहर में सोलर लाइट लगाने के नाम पर करोड़ों की हेराफेरी

खबर मन्त्र संवादाता



**चतरा।** शहर में लगाई जा रही सोलर लाइट्स में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। बाजार में 19 हजार रुपये में उपलब्ध सोलर लाइट को 72,500 रुपये में खरीदा गया है, जिससे साफ है कि विकास के नाम पर पैसे की बंदरबांट की जा रही है। नगर परिषद ने सोलर लाइट लगाने के लिए इंफोटेक नामक कंपनी से करार किया है, जिसने इसे 3 करोड़ 47 लाख 27 हजार 500 रुपये में लिया है। कंपनी के वर्कर दिन-रात मुख्य सड़कों पर सोलर लाइट लगा रहे हैं, लेकिन कई लाइटें अधिष्ठापन के साथ ही खराब हो गई हैं या जल नहीं रही हैं। कुछ लाइटें तो दो-तीन घंटे में ही बंद हो जा रही हैं और जो जल रही हैं, उनमें रोशनी भी कम है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कम पावर की लाइट लगाई जा रही है, जिससे लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। बता दें कि 2023 में, जिला प्रशासन ने नगर परिषद क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन के लिए 3 करोड़ 82 लाख 8 हजार तीन सौ रुपये की निविदा निकाली थी, जिसमें 1950 स्ट्रीट लाइटें लगानी थीं। लेकिन यह निविदा रद्द हो गई। एक साल बाद, नगर परिषद ने फिर से निविदा निकाली, लेकिन इस बार निविदा की राशि में कोई बदलाव नहीं किया गया, लेकिन स्ट्रीट लाइट की संख्या 1950 से घटाकर 478 कर दी गई, जिससे प्रति स्ट्रीट लाइट की कीमत 72,500 रुपये हो गई।

**सवालों के घेरे में नगर परिषद् पदाधिकारी**

इस टेंडर को 3 करोड़ 47 लाख 27 हजार 500 रुपये में शार्प इंफोटेक नामक कंपनी को दे दिया गया। हालाँकि, स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं किया गया, जिससे नगर परिषद पदाधिकारी सवालों के घेरे में आ गए हैं। चतरा के डीसी रमेश घोलप ने मिली शिकायत पर अपर समाहर्ता के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बनाकर मामले की जांच करवाई। जांच में पाया गया कि सभी लाइटें जैम पोर्टल से खरीदी गई हैं और दर से लेकर बल्ब की गुणवत्ता तक कोई समस्या नहीं है। हालाँकि, कुछ लाइटें नहीं जल रही थीं, जिन्हें दुरुस्त किया जा रहा है।

## व्यापारिक गतिविधियों के लिए नगर पंचायत के नियमों का पालन आवश्यक

# ट्रेड लाइसेंस अवश्य प्राप्त करें : शम्भु प्रसाद कुशवाहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नगर पंचायत प्रशासक शम्भु प्रसाद कुशवाहा द्वारा बताया गया कि सभी प्रकार के भवन का होल्डिंग कर निर्धारण करवाना, होल्डिंग संख्या प्राप्त करना एवं होल्डिंग टैक्स भुगतान करना आवश्यक है।

झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 152 एवं 161 तथा झारखंड नगर पालिका संपत्ति कर (निर्धारण संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के तहत नागरिकों से निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 एवं 600 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**संपत्ति कर :** संपत्ति का आकलन झारखंड नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 की कंडिका 13 के तहत नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रान्तर्गत सभी संपत्ति मालिकों को अपनी संपत्ति का समय पर असेसमेंट करवा कर होल्डिंग संख्या प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा न करने पर संपत्ति स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रावधान है। इसलिए जिन लोगों ने अपनी संपत्ति के असेसमेंट नहीं कराया है, उन सभी को 15 दिनों के अंदर स्वकर निर्धारण प्रपत्र भर आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न कर अपने वार्ड के टैक्स कलेक्टर या नगर पंचायत के जन सुविधा केंद्र पर अनिवार्य रूप से जमा करवायें।



**होल्डिंग टैक्स भुगतान :** झारखंड नगर पालिका संपत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 की कंडिका 12.2 झारखंड नगर पालिका कर भुगतान (समय प्रक्रिया और वसूली) नियमावली 2017 की कंडिका 3.1.4 एवं 3.1.5 के अनुसार संपत्ति मालिकों को होल्डिंग टैक्स समय पर जमा करना अनिवार्य है। होल्डिंग टैक्स की देरी या अदायगी न होने पर संबंधित धारक के खिलाफ ब्याज एवं आर्थिक दंड (पेनल्टी) लगाया जाएगा। 15 दिनों के अंदर अपने बकाया राशि का भुगतान करके आर्थिक दंड से बचे।

**म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस :** झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 455 एवं झारखंड म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस रूल 2017 की कंडिका 2 के तहत किसी भी आवासीय या व्यावसायिक परिसर में बिना वैद्य ट्रेड लाइसेंस के व्यापार संचालित करना कानून का उल्लंघन है। दंड का प्रावधान इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 455, 600 एवं झारखंड म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस रूल 2017 की कंडिका 19, 20 के अंतर्गत ट्रेडर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मयंक सिंह गिरोह के अपराधियों ने मचाया तांडव, विगत डेढ़ माह के अंदर आपराधिक एवं उग्रवादियों ने चार बड़ी घटनाओं का दिया गया है अंजाम

# बालूमाथ कोयला साइडिंग पर गोलीबारी, दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना से महज दो किलोमीटर दूर बालूमाथ रेलवे कोयला साइडिंग में आपराधिक गिरोह मयंक सिंह गिरोह के गुर्गों ने अडानी पॉवर प्लांट के लिए कोयला ढुलाई कर रहे हाइवा में अंधाधुंध गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। घटना गुरुवार की अहले सुबह 4:30 बजे की बताया जाता है। जहां एक अपाची मोटरसाइकिल से दो की संख्या में आए अपराधियों ने कोयला लदे दो हाइवा वाहन पर लगभग 25-30 राउंड एके-47 और पिस्टल से गोलियां चलाई। जिसमे एक हाइवा जेएच 19ई3276 के सामने का शीशा में छह जगह समेत 26 गोलियां चलाई। वहीं दूसरा हाइवा जेएच 19ई 6183 में दो गोली चलाई। जिससे टेल फ्रॉन्ट की टंकी फट गई। गोलीबारी के दौरान दोनो हाइवा के चालक हाइवा में छुपकर अपनी जान बचाई।

वहीं अपराधी अपने साथ एके-47 और पिस्टल लेकर आए हुए थे। घटनास्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर साई कृपा कंट्रक्शन जो टोरी-शिवपुर थर्ड रेल लाईन का कार्य कर रहा है उसमें बसिया पुलिस कैम्प अवस्थित है। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार घटनास्थल पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुट गयी है एवं अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। वहीं घटना से इलाके में दहशत का मौहोल व्याप्त है। पुलिस ने मौके पर से भारी मात्रा में एके-47 और पिस्टल का खोखा बरामद किया है।


Mayank Singh
1h

प्रेस विज्ञप्ति ~ 28/November/2024 (गुरुवार),

जय श्री राम...

आज Balumath Railway Siding में जो घटना हुआ है ये मेरे(MAYANK SINGH) द्वारा कराया गया है....

ये सिर्फ़ ट्रेलर है - कान का पर्दा खोलने के लिए, आज के घटना के बाद जो कोई भी हमसे Settlement /मैनेज नहीं करता है, तो लाश का अम्बार लगा देंगे इकठ्ठा करते रह जाओगे....

Jharkhand के 5/ पाँच जिला ~ चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, लातेहार, पलामू- में जो कोई भी काम कर रहे हैं,

मुझसे -*MAYANK SINGH* से पहले Settlement /मैनेज करे उसके बाद ही काम करें वर्ना अंजाम भुगते के लिए तयार रहे, यमराज के द्वार तक पहुँचाने का व्यवस्था कर देंगे....

जय श्री राम...

फेसबुक में डाला हुआ पोस्ट।

## लगातार घट रहे घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर उठने लगा है प्रश्नचिन्ह

बालूमाथ थाना क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न आपराधिक गिरोह एवं उग्रवादियों द्वारा लगातार घटना को अंजाम दिए जाने से पुलिस के कार्य प्रणाली पर प्रश्न उठने लगा है। महज डेढ़ माह के भीतर कई घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसमें 17 अक्टूबर की रात मगध कोल परियोजना के चमातु में एक हाइवा में आग लगा कर अपराधी संगठन के प्रदीप गंझू ने लिया था घटना की जिम्मेवारी, पांच नवम्बर की शाम बालूमाथ थाना क्षेत्र के गोलिताण्ड में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन ने दो वाहनों पर लगाई थी आग, और पर्चा छोड़ लिया था घटना की जिम्मेवारी, 19 नवम्बर की रात्रि हेरहंज थाना क्षेत्र के लात ग्राम में जेपीसी उग्रवादी संगठन ने 5 हाइवा को आग के हवाले कर घटना स्थल पर पर्चा फेंक ली थी घटना की जिम्मेवारी, वही 28 नवम्बर की अहले सुबह बालूमाथ रेलवे साइडिंग पर दो कोयला लदे हाइवा पर गोलीबारी कर मयंक सिंह गिरोह के अपराधियों ने लिया जिम्मेवारी।


शीशा में गोली का निशान।

### बालूमाथ कोयला साइडिंग में हुई गोलीबारी घटना की जिम्मेवारी मयंक सिंह गिरोह ने लिया

इधर बालूमाथ रेलवे कोयला साइडिंग में गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी गैंगस्टर मयंक सिंह ने फेसबुक पोस्ट कर लिया है। उसने अपने फेसबुक प्रोफाइल में लिखा है कि आज जो बालूमाथ कोयला रेलवे साइडिंग में घटना हुआ है। वह मयंक सिंह द्वारा कराया गया है। आगे लिखा है कि यह ट्रेलर है। आज की घटना के बाद जो हमसे मैनेज करके काम नहीं करता है। तो लाश का अंबार लगा देंगे। उसने झारखंड के पांच जिले चतरा, हजारीबाग, लातेहार, रामगढ़, पलामू के व्यवसाईयों को मैनेज कर काम करने की बात कही है।


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस।

### घटनास्थल के 100 मीटर दूरी पर है बसिया पिकेट

बालूमाथ रेलवे साइडिंग में अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी की घटना स्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर टोरी शिवपुरी रेल लाईन निर्माण कार्य कर रही साई कृपा कंपनी के कैंप है। इसी कैम्प में बसिया पुलिस पिकेट स्थापित है। वहां आईआरबी के दर्जनों जवान व पुलिस पदाधिकारी तैनात हैं। पुलिस पिकेट से 100 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर निकलते बने। लेकिन पिकेट में जवान तैनात पुलिस कर्मियों ने कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की। जबकि घटनास्थल और पुलिस द्वारा बनाया गया मोर्चा आर-पार स्पष्ट दिखाई पड़ता है।

### डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम चला रही है छापेमारी अभियान

बालूमाथ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के नेतृत्व में बालूमाथ पुलिस की कई टीम छापेमारी अभियान चलाकर अपराधियो के धर-पकड़ के लिए अभियान चला रही है। डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि हमलोग कई पहलुओं को ध्यान में रखकर हमलोग काम कर रहे है। कहा कि अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## लोजपा ने पार्टी का मनाया 25 वां स्थापना दिवस


केक काटते कार्यकर्ता।

**लातेहार।** प्रदेश अध्यक्ष के निदेशानुसार गुरूवार को लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास जिला कार्यालय में पार्टी का 25वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान केक काटकर और एक दुसरे को खिलाकर बधाई दिए। सर्वप्रथम लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय राम विलास पासवान को नमन किया गया। झारखंड प्रदेश में लोक जनशक्ति पार्टी जनशक्ति पार्टी का पदार्पण होने की चर्चा हुई। कई कार्यकताओं के द्वारा लातेहार विधानसभा का टिकट नहीं मिलने पर दुख प्रकट किया गया एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में नागेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष, शिवनंदन पासवान उपाध्यक्ष, राधिका पासवान उपाध्यक्ष, विकास दुबे उपाध्यक्ष जोगेंद्र शुक्ला, सौरभ कुमार गुप्ता, शिव दर्शन पासवान अध्यक्ष आईटी सेल, अवध नारायण सिंह अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त बनाने को लेकर वैदिक सोसाइटी संस्था ने किया प्रेस वार्ता


प्रेस वार्ता करते संस्था के अधिकारी।

**लातेहार।** बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान पर वैदिक सोसाइटी के सचिव चन्द्रशेखर सिंह व जिला समन्वयक प्रेम प्रकाश ने गुरुवार को प्रेस वार्ता किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लातेहार जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए हमारी संस्था लगातार काम कर रही है। बिते शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री अनपुर्णा देवी के द्वारा देश में बाल विवाह के विरूद्ध अभियान शुरू की गई है। अभियान का शुभारंभ के समय देश के लगभग 25 करोड़ लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ लिया है। वेदिक सोसाइटी बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइटॅस फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी है। वेदिक सोसाइटी तीन-चार साल से बाल विवाह के विरूद्ध सक्रियता से काम कर रही है।

## 24 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर मे 21 कुण्डीय लक्ष्मी नारयण महायज्ञ सह हनुमत स्थापना दिवस के अवसर पर त्रिडडी बक्सर बिहार से आए जगत गुरु मधुसूदनाचार्य एवं कृष्णा पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, व्यास पाण्डेय, बिनोद पाण्डेय द्वारा विधिवत अखंड कीर्तन अखंड हवन का आयोजन किया गया था जो गुरुवार को विधिवत सम्पन्न हो गया। बुधवार सुबह से लगातार 24 घंटे तक अखंड कीर्तन मे मकरा, भाटचतरा, कुसम्हा, बेसरा, झिरमतकोमा सहित पांच गांव के श्रद्धालू सम्मलित रहे। कार्यक्रम से आस-पास में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ रहा। कार्यक्रम 27 नवम्बर को प्रारम्भ हुआ है और 28 नवम्बर गुरुवार को भव्य भंडरा के साथ समापन किया गया। मौके पर डब्लू सिंह, जय प्रकाश सिंह, बब्लु सिंह, विजय सिंह कुलदीप यादव, विशेश्वर यादव, अरविन्द यादव, अनिल सिंह, संजय विश्वकर्मा, यशवंत यादव सहित कई लोग अहम भूमिका निभा रहे थे।

## संविधान दिवस संपन्न होने के बाद कार्यकर्त्ताओं ने किया समीक्षा बैठक


बैठक करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड स्थित सरना भवन नचना मे संविधान निर्माण दिवस कार्यक्रम समापन होने के पश्चात गुरुवार को समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे सभी सामाजिक कार्यकर्त्ता, महिला पुरुष, मीडियाकर्मी एंव अंचल और प्रखंड कमीर्यों को आभार जताया। वहीं कहा की सभी सामाजिक अगुआ और प्रखंड-अंचल कर्मी सहित गन्य मान्य महिला पुरुष बुद्धिजीवियों के सहयोग से कार्यक्रम बेहतर रूप से सफल हुआ इसके लिए धन्यवाद दिया। वहीं चर्चा के दौरान कहा की बारियातू प्रखंड क्षेत्र के कुछ सरकारी विद्यालय मे संविधान निर्माण दिवस मनाया गया जबकि अधिकतम विद्यालय मे संविधान निर्माण दिवस नहीं मनाया गया। सभी विद्यालय मे सरकारी आदेश निर्देश प्राप्त था इसके बावजूद भी निर्देश को ताक मे रखते हुए कई विद्यालय मे संविधान निर्माण दिवस नहीं मनाया गया जिससे संविधान से सम्बंधित ज्ञान छात्रों को नहीं मिला। जिसको लेकर समाजसेवियों और अभीभावकों मे रोष व्याप्त है। मौके पर मनोज लोहरा, अरुण कुमार, राकेश लोहरा, अजय कुमार राम, रामा शंकर लोहरा,राजू रामवृक्ष लोहरा सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस ने गांजा की खेती को किया नष्ट



**बारियातू।** पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की मिली गुप्त सूचना के आधार बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठन कर डाढ़ा पंचायत के डुमरा गांव मे लगभग 2 एकड़ मे लगे अवैध गांजा की खेती को लठी से पीटकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की डुमरा मे गांजा की खेती तैयार होने की स्थिति मे है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सहित पुअनि निर्मल कुमार मंडल, जीतेन्द्र कुमार व थाना के शस्त्र बल के जवान ने खेती को नष्ट किया। वहीं गांव के सभी ग्रामीणों को इस संदर्भ में स्पष्ट चेतावनी दी गई की किसी भी प्रकार का मादक पदार्थों गांजा, पोस्ता इत्यादि की खेती नहीं करेंगे, तो नियम संगत कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 13 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण


वितरण करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय स्थित स्थिति पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 योजना अंतर्गत 90 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत अनुदान के तहत 13 लाभुकों के बीच 4 बकरी तथा 1 बकरा का वितरण किया गया। जिसमे आमरवाडीह, बारियातू बालूभांग, साल्वे इन सभी पंचायतो के लाभुको को इस योजना का लाभ दिया गया। वही जिप सदस्य रमेश राम ने कहा की मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 2024 -25 स्वीकृत 13 लाभुकों को 4 बकरी 1 बकरा एवं इसके साथ मे रोग से बचाव के लिए दवा का भी वितरण किया गया है। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे तथा बिनोद बैठा ने कहा की आशा है कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। बकरी -बकरा को अच्छा से रख रखाव, खान पान कराने की कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दिया। मौके पर चांदनी देवी, जेएसएलपीएस कर्मी सहित आए हुए लाभुक उपस्थित थे।

# चंदवा: सीएचसी व पीएचसी में रोटावायरस टीका की भारी किल्लत

# बच्चों को नहीं लग पा रहा है टीका, परिजन हो रहे परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत प्रखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर सरकार द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इनदिनों रोटा वायरस वैक्सीन नामक जरूरी टिका की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जरूरी दवाओं में शामिल होने के बाजवूद इसकी उपलब्धता सरकारी सीएचसी व पीएचसी में हो इस पर स्वास्थ्य विभाग फेल साबित हो रही है। जिस कारण टिकाकरण दिवस एवं अन्य सामान्य दिनों में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने वाले बच्चो के परिजन टिका को लेकर परेशान देखे जा रहे हैं। कई बच्चों के परिजनों ने बताया कि वे लोग विगत कई माह से बच्चों के टीकाकरण को लेकर अस्पताल आ रहे हैं लेकिन रोटा वायरस टीका की उपलब्धता की कमी होने की बात कह उन्हें बैरन लौटा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों की माने तो चंदवा शहर स्थित स्वास्थ्य केंद्र समेत पूरे प्रखण्ड के टीकाकरण केंद्रों में टीकाकरण दिवस के दिन ही 2 हजार खुराक की आवश्यकता होती है, लेकिन बमुश्किल टिके का 200-300 खुराक की ही उपलब्धता हो पाती है। बता दे कि रोटावायरस का टीका शिशु के लिए काफी जरूरी टीका में शामिल है। यह टिका बच्चों को संक्रमण, उल्टी व दश्त से बचाव को लेकर दी जाती है।

➲ प्रत्येक टीकाकरण दिवस पर चंदवा में 2000 खुराक की है आवश्यकता, उपलब्ध हो रहा है महज दो से 300 टीका

### क्या कहते है विभाग के अधिकारी

इस सम्बंध में पूछे जाने पर लातेहार सिविल सर्जन अवधेश कुमार ने बताया कि वैक्सीन की गुणवत्ता को बेहतर करते हुए राज्य से टिका प्राप्त हो गया है। चूंकि राज्य से टिका मेदिनीनगर पहुंचती है। इसके बाद सदर अस्पताल को मिल पाता है। जल्द ही व्यवस्था को सुदृढ कर सभी केंद्रों तक टिका उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## 14 दिसंबर 2024 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन


बैठक करते अधिकारी।

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही है। गुरूवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला के अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर ज्यादा से ज्यादा वादों का निपटारा राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने की अपील की। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जितना अधिक हो सके वादों का निपटारा कर आम जनता को राहत दिलाने में न्यायालय की सहायता करें। उन्होंने कहा कि वादों के निपटारा में अधिवक्ताओं का अहम योगदान होता है। ऐसे में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल बनाने में अधिवक्ता अहम भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विभिन्न न्यायालयों एवं न्यायालय के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा वादों में वादकारियों को नोटिस कर बुलाएं, आपसी बातचीत के माध्यम से सुलह कराने का प्रयास करें, इसमें अधिवक्तागण का भी सहयोग होगा। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चैरसिया एवं बार एसोसिएशन लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, बृंद कुमार, सुनिल कुमार, पंकज कुमार, युधिसठीर गिरी सहित अनेकों अधिवक्ता मौजूद थे।

## डीसी ने किया योजनाओं के गठन से संबंधित बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सीएसआर मद अन्तर्गत योजनाओं के गठन एवं क्रियान्वयन संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा, वित्तीय वर्ष 2024-25 सीएसआर मद अन्तर्गत प्रस्तावित/कार्य योजना पर चर्चा किया गया। बैठक में मां उग्रतारा मंदिर चंदवा का प्रस्तावित क्षेत्र का विकास, पलामू किला का जीर्णोद्धार कार्य, भारत माता भवन लातेहार का सौन्द्रर्यकरण एवं जिम अधिष्ठापन कार्य, इंडोर स्टेडियम (बैंडमिंटन), लातेहार सौन्दर्यकरण एवं मरम्मति कार्य, तुबेद में पोल्युसन स्प्रींकलर अधिष्ठापन कार्य, जिले के विभिन्न महिला थानों में महिला शौचालय निर्माण, लातेहार जिला अन्तर्गत सुरक्षा के लिए 04 (चार) ड्रोन का क्रय एवं आपूर्ति कार्य, लातेहार जिला के विभिन्न संवेदनशील स्थलों/थानों में आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.वी. क्रय एवं सी.सी.आर का निर्माण, बालूमाथ में पब्लिक लाईब्रेरी निर्माण, बारियातू में पब्लिक लाईब्रेरी निर्माण, लातेहार जिला अन्तर्गत 50 (पच्चास) आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण आदि पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, प्रवीण कुमार गगराई, सुरजीत कुमार सिंह, रामा रविदास, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, समीर कुल्लू, सीएसआर समिति के सभी सदस्य, कोल कंपनियों के अधिकारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार,
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, सिमडेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना अन्तर्गत एग्री क्लीनिक की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। एग्री क्लीनिक के माध्यम से कृषि एवं संबंद्व क्षेत्रों से सम्पूर्ण जानकारी यथा - मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद, किटनाशी सूक्ष्म सिंचांई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति,कृषि उपकरण, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचांई सुविधा, कृषि ज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधी योजना एवं कृषि उपादानों की दर सबंधी सूचनाओं के बारे में किसानों को जानकारी से अवगत कराना है। योजना का संचालन अनुमण्डल स्तर पर एटिक सेण्टर में प्रस्तावित है। चयनित संस्था द्वारा तीन सदस्यीय टीम उपलब्ध कराया जायेगा जिसमें एक कर्मी का न्युनतम योग्यता B.Sc (Agri) तथा अन्य दो कर्मियों का न्युनतम योग्यता स्नातक के साथ कम्पयुटर दक्षता (DCA) अनिवार्य है। योजना का कार्यन्वयन एवं संचालन हेतु वैसे इच्छुक महिला समूह/स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/सहकारी समितियां/गैर सरकारी संस्थाओं (NGO) दिनांक 07.12.2024 तक कृषि क्षेत्र में कम से कम तीन वर्षो का अनुभव प्रमाण-पत्र, पिछले तीन वर्षो का आयकर रिर्टन, पिछले तीन वर्षो का अंकेक्षण प्रतिवेदन, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओ द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ-पत्र, निबंधन प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक कागजात, जिला कृषि कार्यालय, सिमडेगा में आवेदन कर सकते है। चयनित संस्थाओं को उपायुक्त सिमडेगा के साथ एक साल का MOU करना होगा एवं प्रतिवर्ष 7.00 (सात लाख) की राशि सरकार द्वारा देय होगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR.NO.340620 Simdega(24-25):D



STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND
Government of Jharkhand

e-procurement Notice inviting RFP (3rd Call)
for
Engineering, Procurement & Construction (EPC)

Ref No: SHAJ/Tech/CW/Angarha-Rahe Road/2024/670 Date: 28.11.2024

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request for Proposal for Engineering Procurement & Construction basis from eligible bidders for **Construction of H.L. bridge over Gunga nala in 5th km of Angarha-Hahe-Rahe road including ROB**. The approximate cost of the work is Rs. **82.73** Crore.
2. The interested bidders who have experience in execution of similar works and required technical & financial strength may obtain Request for Proposal (RFP) document for Engineering, Procurement & Construction document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in from **04.12.2024 (03:30 P.M.) to 23.12.2024 (upto 12:30 P.M.)**.
The complete RFP Application shall be submitted online by **23.12.2024 (upto 12:30 PM)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website. It will opened on **24.12.2024 (at 03:00 PM)**.
3. The contractors are required to submit non-refundable **Tender Fee** of Rs. 50,000/- (Rs. Fifty thousand only) & **Bid Security (EMD)** of Rs. 0.83 crore (Rs. Eighty Three Lakhs) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.

Sd/-, Member (Technical)
State Highways Authority of Jharkhand, Deen Dayal Nagar
(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)
Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306,
E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com

PR 340641 State Highway Authority of Jharkhand(24-25)#D


# टोरी फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य की माकपा ने लिया जायजा

## रेलवे विभाग और संवेदक की उदासीनता के कारण एफओबी निर्माण कार्य दो माह से है बंद: माकपा

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। टोरी फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य का माकपा ने जायजा लिया। पार्टी के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, नेता अयुब खान, मनु उरांव, ललन राम ने कहा कि रेलवे विभाग और संवेदक की उदासीनता के कारण एफओबी निर्माण कार्य दो माह से बंद पड़ा हुआ है। टोरी रेलवे स्टेशन पर गति शक्ति योजना के तहत फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य नवंबर माह 2023 में शुरू की गई थी, रेलवे प्लेटफॉर्म में तीन स्थानों पर फुट ओवरब्रिज का कॉलम खड़ा कर छोड़ दिया गया है, फुट ओवरब्रिज का कार्य चालु हुए एक वर्ष हो गए हैं लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। रेल मंत्रालय भारत सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना गति शक्ति योजना के तहत टोरी जंक्शन के पश्चिम दिशा में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण इतनी सुस्त होगी ऐसा किसी ने सोंचा नहीं था।स्टेशन से उत्तर दिशा में आई ओ डबलु ऑफिस के पास से दक्षिण दिशा में सरोज नगर हाई स्कूल के तरफ जाने वाली रास्ता के तरफ निर्माण कार्य हो रहा था। फुट ओवर ब्रिज करीब सत्तर मीटर लम्बी और दस फीट चौड़ा बनाने की योजना है। रेलवे विभाग और संवेदक उदासीन नहीं रहती तो करीब छह माह में फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो जाता, फुट ओवरब्रिज नहीं रहने से चंदवा शहर से स्टेशन, शुक्रवार बजार, हरैया, अलौदिया, कामता, कुजरी, भूसाड गांव से आने जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है, रोजाना स्टेशन के उत्तर दिशा से चंदवा के विभिन्न स्कूल से आने जाने वाले बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। माकपा नेताओ ने कहा है कि कार्य शीघ्र नहीं शुरू किया गया तो पार्टी धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएगी।


जायजा लेते माकपा के लोग।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



कार्यालय कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई० पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

अति अल्पकालीन ई० पुर्ननिविदा संख्या- WRD/MID/ Latehar/ F2 - 06/2024-25(2nd call)
पत्रांक- 715 लातेहार/दिनांक-27.11.2024

| क० सं० | ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | वार्ड सं0-12 एवं 13 में नहर पिण्ड से धनेश्वर उरॉव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य, पंचायत-नगर पंचायत, प्रखंड-लातेहार, जिला-लातेहार। | 18.787 | 3 माह | |
| | 02 | वार्ड सं0-13 में जेम्स कुजूर के घर से सतेन्द्र कुमार यादव एवं अवधेश सिंह के घर होते आशीष यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य पंचायत-नगर पंचायत, प्रखंड-लातेहार, जिला-लातेहार। | 34.998 | 3 माह | |
| 2 | | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 02.12.2024 | | |
| 3 | | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.12.2024 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.12.2024 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.12.2024 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।<br>9939182470 | | |
| 7 | | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651- 2214784 | | |

नोटः- केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 340606 Water Resource (24-25)_D

# अर्का जैन यूनिवर्सिटी : छात्रों ने लिया भारत को स्वस्थ राष्ट्र बनाने का संकल्प

■ यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में मना राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अर्का जैन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी पिछले दिनों 63वां राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2024 मनाया गया। इस दौरान कई कार्यक्रम किये गये, जिनमें स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान के साथ-साथ फार्मेसी के विभिन्न पहलुओं पर गतिविधियां हुईं। इस अभियान में फार्मेसी क्लब ने एनसीसी और एनएसएस के सहयोग से भारत को एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

**फार्मेसी के प्रतीक ध्वज के नीचे शपथ :** राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर छात्रों ने फार्मेसी के प्रतीक वाले पवित्र ध्वज के नीचे फार्मासिस्ट की शपथ ली। इसके बाद छात्रों ने आरएक्स पर एक मानव श्रृंखला बनाई, जिससे समाज को यह संदेश दिया गया कि रस्वास्थ्य के बारे में सोचें, फार्मेसी के बारे में सोचें। यह संदेश इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन एफआईपी द्वारा निर्धारित 2024 के राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के थीम से जुड़ा था।

**उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि :** उद्घाटन समारोह का आयोजन कुलपति प्रो (डॉ) ईश्वरन अय्यर, प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो (डॉ) एस एस रजी, रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ जसबीर सिंह धंजल, डीएसडब्लू डॉ अंगद तिवारी और स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन प्रो (डॉ) ज्योतिर्मय साहू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।



फार्मेसी सप्ताह का दीप जला कर उद्घाटन करते धर्मेन्द्र सिंह। इस अवसर पर उपस्थित डॉ रजी व अन्य पदाधिकारी।

डॉ ज्योतिर्मय साहू ने अपने संबोधन में कहा कि फार्मेसी क्षेत्र स्वास्थ्य देखभाल में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देता है। आजकल फार्मेसी न केवल दवाइयों की आपूर्ति और स्वास्थ्य परामर्श का कार्य करता है, बल्कि फार्मेसी में कई स्वास्थ्य सेवाएं भी दे रही हैं, जैसे दवाओं का उपयोग, बीमारियों की रोकथाम, परीक्षण और उपचार, टीकाकरण और स्व-देखभाल सेवाएं।

**फार्मासिस्टों के योगदान की सराहना :** कुलपति और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने फार्मेसी क्षेत्र से जुड़े लोगों के स्वास्थ्य सेवा में योगदान की सराहना की। मुख्य अतिथि, झारखंड राज्य फार्मेसी परिषद के रजिस्ट्रार, प्रशांत पांडे ने फार्मासिस्टों की सराहना कर फार्मेसी पेशेवरों के लिए शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि फार्मेसी पेशे को समर्थन देने वाली नीतियों और समुदायों में दवा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि, पारिस्थितिकीविद् अजीत सिंह ने स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में पर्यावरणीय प्रथाओं को लागू करने पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने खतरनाक रसायनों के उपयोग को कम करने और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के ईसी सदस्य, धर्मेंद्र सिंह ने अपने सत्र में बताया कि फार्मासिस्ट कैसे स्वास्थ्य सेवाओं में पहले संपर्क का बिंदु होते हैं और दवाओं के सुरक्षित उपयोग को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

**औद्योगिक फार्मासिस्टों की भूमिका पर चर्चा :** अरबिंदो फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ विकास नायक ने औद्योगिक फार्मासिस्टों की भूमिका पर प्रकाश डाला। बताया कि औद्योगिक फार्मासिस्ट नई दवाओं के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और शोधकर्ताओं, रसायनज्ञों और अन्य पेशेवरों के साथ मिलकर अच्छे परिणाम पाते हैं।

**विविध कार्यक्रम और प्रतिस्पर्धाएं :** राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के दौरान कई अन्य गतिविधियां करायी गयी। इसमें क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, आधुनिक और शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता, रैंप वॉक, मिनी मैराथन, एकल और युगल गीत प्रतियोगिता, अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया।

**विद्यार्थियों की उपलब्धियां**

इस आयोजन में फार्मेसी के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रमुख विद्यार्थियों में अदिति उपाध्याय, प्रणम्या नागरे, तान्या, साना, रुण्डा, तनिशा और श्रद्धांजलि शामिल थीं। कार्यक्रम का समन्वयन रश्मि तिर्की, सुमंत सेन, आलोक मोहराना, विकास दाश, डॉ. श्वेता, स्निग्धा रानी बेहरा, आशुतोष परिदा और प्रवेश रंजन दाश ने किया।

## स्पीड न्यूज



### विधायक पूर्णिमा ने निकाली आभार यात्रा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू के शानदार जीत पर जनता के समर्थन और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने भाजपा की आभार यात्रा गुरुवार को टेल्को, बिरसानगर एवं साकची पुर्वी के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। आभार यात्रा में नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू मुख्यरूप से शामिल हुई और जनता द्वारा मिले अपार समर्थन और आशीर्वाद हेतु उनका हाथ जोड़कर धन्यवाद और कृतज्ञता व्यक्त किया।

### घायल भाजयुमो नेता अनुराग से मिलीं पूर्णिमा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा दास साहू ने गुरुवार को टेल्को मंडल के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुराग मिश्रा से मुलाकात की। अनुराग मिश्रा छठ महापर्व के खरना की शाम को विद्युत करंट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये थे। लंबे समय तक उनका इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल के आईसीयू और मेडिकल वार्ड में चला था। अनुराग मिश्रा की स्थिति अब तेजी से बेहतर हो रही है। विधायक पूर्णिमा दास साहू ने अनुराग के घर पहुंच उनका हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### वीमेंस यूनिवर्सिटी में प्रतियोगिता शुरू

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी के 2024–2025 की श्रृंखला के तहत बैडमिंटन सिंगल और डबल प्रतियोगिता का आयोजन बिष्टुपुर कैम्पस में स्थित इन्डोर स्टेडियम में हुआ। जिसमें बैडमिंटन सिंगल में172 में बैडमिंटन डबल में 80 छात्राओं ने भाग लिया। जिसका रिजल्ट सभी तक घोषित नहीं किया गया है। इसके बाद 29/11/24 को योगा प्रतियोगिता का आयोजन बिष्टुपुर कैम्पस में किया जायेगा।

### इंटर कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू

**जमशेदपुर।** फर्स्ट इंटर कंपनी वॉलीबॉल का आयोजन 28 नवंबर से 30 नवम्बर तक जे आर डी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित की जा रही है,आज पहले दिन मुकुल विनायक चौधरी चीफ स्पोर्ट्स एवम संजय सिंह वाइस प्रेसिडेंट टाटा वर्कर्स यूनियन के ने की। आज पहले मैच में टाटा स्टील की टीम ने टाइटन होसुर बंगलौर की टीम को दो सीधे सेटों में हराया। स्कोर 25/13 और 25/10 रहा। वहीं दूसरे मैच में टाटा मोटर्स जमशेदपुर की टीम और टाटा स्टील गम्हरिया के बीच खेला गया जिसमें टाटा स्टील गम्हरिया टीम 2/1 से जीती।

### विधायक से मिले टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू से टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने गुरुवार को एग्रिको स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधायक पूर्णिमा साहू को उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और शुभकामनाएं व्यक्त की।

### नेताजी की प्रतिमा गायब नहीं हुई है : विचार मंच

**जमशेदपुर।** नेता जी विचार मंच कदमा के अध्यक्ष भोला नाथ गोस्वामी एवं महासचिव मनोज झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि वर्ष 2010 से कदमा में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी के जयंती का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा रहा है एवं वर्ष 2011 में सुभाष चंद्र बोस जी के प्रतिमा का अधिष्ठापन किया गया है। चूँकि उक्त स्थल मुख्य मार्ग के चौराहे पर है और स्थल पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिसे सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु उक्त सड़क का चौड़ीकरण किया जाना अनिवार्य हो गया था।

# मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप 8 को, टी-शर्ट किया गया लांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड एवं मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ ईस्ट सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 8 दिसंबर 2024 दिन रविवार को प्रातः 6 बजे से जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने जा रही चौथी राज्य स्तरीय एथलीट चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में इस बार अलग से पहली बार 12 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के छात्र-छात्राओं और सभी वर्गों के महिला पुरुष हेतु 2 किलोमीटर और 3 किलोमीटर रोड रेस का भी आयोजन किया गया है। इदोनों ही प्रतियोगिताओं के लिए आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता का टी-शर्ट आज दिनांक 28 नवंबर 2024 दिन गुरुवार को जमशेदपुर के टेल्को स्थित क्लब में समारोह पूर्वक लॉन्च किया गया।



टी-शर्ट लांच करते अतिथिगण।

मौके पर मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन आफ झारखंड के अध्यक्ष विजय सिंह ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया बीते वर्षों के अनुभवों के आधार पर इस वर्ष और बेहतर आयोजित किया जा रहा है। पहली बार एसोसिएशन के द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट दिया जा रहा है। आयोजन समिति का मानना है इस वर्ष राज्य के विभिन्न जिलों से अनुमानन 1000 पुरुष और महिला खिलाड़ी विभिन्न आयु वर्गों में भाग ले रहे हैं। राज्य स्तरीय एक दिवसीय एथलेटिक प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के परिणामों को देखते हुए प्रत्येक आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ मास्टर एथलीटों को माफी द्वारा आयोजित आगामी राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने का मौका मिलेगा। आयोजन समिति के द्वारा प्रतियोगिता से संबंधित लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

इस वर्ष पहली बार सभी आयु वर्गों (जिसमें स्कूली बच्चे भी भाग ले रहे हैं) के लिए विशेष रूप से रोड रेस जूनियर वर्ग में 2 किलोमीटर और सीनियर कैटेगरी में 3 किलोमीटर का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों और उच्चतर विद्यालय के छात्र-छात्रा और मास्टर एथलीट अपने-अपने आयु वर्ग में भाग लेने जा रहे हैं। इस रोड रेस से संबंधित तैयारी भी पूरी कर ली गयी है।

रोड रेस की प्रतियोगिता के प्रथम तीन सफल प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, मेडल के साथ प्रमाण पत्र दिया जायेगा। रोड रेस की प्रतियोगिता सुबह 7:00 बजे प्रारंभ होगी। टी-शर्ट लॉन्चिंग के मौके पर मास्टर एथलीट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव एस के तोमर एसके शर्मा,लाइफ प्रेसिडेंट इंद्रजीत सिंह , अवतार सिंह, हरविंदर सिंह एवं अन्य अधिकारी कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## ठंड से बचाव के लिए छात्रों को स्वेटर व जूते दिये गये

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** बारिस कॉलोनी स्थित बारिस कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक एवं अभिभावक के बीच के बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर एवं स्कूल कमेटी के जन प्रतिनिधि मुख्तार आलम खान खास तौर से मौजूद थे। बच्चों के अभिभावकों से उनके पढ़ाई के सम्बन्ध में मुख्य जानकारी दी गयी। अभिभावकों से अनुरोध किया गया के वो अपने बच्चों को ठंड से बचने की लिए गरम कपड़ों में हे भेजें। अपार आईडी के बारे में भी अभिभावकों को जानकारी दी गई अभिभावकों के बैंक अकाउंट के साथ उनके अभिभावक के आधार कार्ड को जोड़ने को बताया गया जिससे बैंक से जुड़े कार्य अभिभावक द्वारा आसानी से किया जाए। यह बैठक स्कूल प्रबंधक कमरून निसा के अध्यक्षता में हुई। मौके पर ठंड से बचाव के लिए कक्षा एक और दो के छात्रों में स्कूल के दो जोड़े यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, मोजा और दिया गया।

## नव युवम 2024 में दिखा आधुनिक भारत का भविष्य

■ एनटीटीएफ गोलमुरी में दो दिवसीय खेल आयोजित नाइट एवं प्रोजेक्ट एग्जिबिशन का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित आर डी टाटा टेक्निकल इंस्टीट्यूट, एनटीटीएफ, में दो दिवसीय खेल आयोजित नाइट एवं परियोजना प्रदर्शनी का शुभारंभ बुधवार और बृहस्पति को हुआ। अपनी प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आधुनिक भारत का भविष्य, अपने नयी-नयी इन्नोवेशंस के साथ दिखाया। शुभारंभ मुख्य अतिथि टाटा कमिंस लिमिटेड के प्लांट हेड रामफल नेहरा एवं टाटा कमिंस लि. के एचआर लीडर भीकम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन ने बताया कि एनटीटीएफ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल आयोजित नाइट एवं परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की नयी सोच, इनोवेशन व उनके तकनीकी क्षमता को प्रदर्शनी के माध्यम से उभारना और बेहतर भविष्य के लिए, उनकी कल्पनाओं को मजबूती देना है, जिसमें संस्थान का पूर्णरूपेण सहयोग है। 07 स्कूल व कई टेक्नीकल इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी अपनी प्रदर्शनी के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम में गुरु गोविंद हाई स्कूल, कसीडीह हाई स्कूल, चिन्मया विद्यालय स्कूल टेल्को, कसीडीह हाई स्कूल, आदिवासी उच्च विद्यालय, गोलमुरी उत्कल समाज मिडिल- हाई स्कूल शामिल हुए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि यहां एक से बढ़कर एक मॉडल आये हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने माडल को इस तरह से तैयार करें ताकि यह हमारे रोजमर्रा के दैनिक जीवन में इस्तेमाल में लाया जा सके।

## एनएमएल के प्लेटिनम जुबिली एक्सपो का स्कूली छात्रों ने किया विजिट, हुए प्रेरित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** 28 नवंबर 2024 को, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला एनएमएल, जमशेदपुर ने सीएसआईआर-एनएमएल के 75वें वर्ष के अवसर पर छात्रों के लिए प्लेटिनम जुबली एक्सपो विजिट का आयोजन किया। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और शिक्षकों ने वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के बारे में अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक्सपो को देखा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, टाटानगर के 180 छात्रों, भवानीपुर एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज, कोलकाता के 27 छात्रों, एनआईटी जमशेदपुर के 6 छात्रों और श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के 21 छात्रों ने सीएसआईआर-एनएमएल का दौरा किया। उनके साथ संकाय सदस्य भी थे। सुबह उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई।

## चेक बाउंस मामले में कोर्ट से टाटा फायनांस का ग्राहक बाइज्जत बरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गुरुवार को जमशेदपुर जिला व्यवहार न्यायालय में श्री पवन कुमार प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी के कोर्ट ने टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड बनाम थानु महतो के चेक बाउंस केस का फैसला (जजमेंट) हुआ। इस केस के अभियुक्त थानु महतो जो गोमिया के निवासी है, वर्ष 2013 में टाटा मैजिक कामर्शियल वाहन फाइनेंस हेतु आवेदन किया गया था, जिसके बाद टाटा मोटर्स फाइनेंस के द्वारा लोन भी अभियुक्त थानु महतो के नाम से फाइनेंस हो गया और टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा अभियुक्त थानु महतो को न तो वाहन दिया गया और न ही डिलिवरी ऑडर दिया गया। वर्ष 2014 में अभियुक्त थानु महतो के द्वारा टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड के धनबाद ब्रांच में एक आवेदन दिया गया था, जिसमें फाइनेंस कंपनी के द्वारा अनदेखी किया गया। वर्ष 2016 में टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा थानु महतो के विरुद्ध जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में 11,13,420/- का केस किया गया।

# रियल टाइम मॉनिटरिंग और डेटा एनालिटिक्स से प्लांट में पानी की खपत 40 प्रतिशत तक कम

■ स्मार्ट तकनीक के साथ जल प्रबंधन में टाटा स्टील एफएएमडी की अग्रणी पहल

■ जोडा फेरो एलॉय प्लांट में ट्रिटेड वाटर से हो रही बागवानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** वैश्विक जल संकट की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने सतत जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। खनन कार्यों में पानी की खपत को कम करने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए, एफएएमडी नवोन्मेषी और प्रभावी समाधान अपना रहा है, जो सस्टेनेबिलिटी की ओर उसकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

खनन गतिविधियों के लिए अत्यधिक जल उपयोग और जल संसाधनों पर गंभीर दबाव डालने की आलोचनात्मक छवि के बीच, टाटा स्टील ने एक प्रभावी समाधान के रूप में स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणाली लागू की है। इस उन्नत प्रणाली में आईओटी सेंसर, डेटा एनालिटिक्स और स्वचालन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। यह प्रणाली पानी के प्रवाह, डिस्ट्रीब्यूशन और खपत की रीयल-टाइम निगरानी और डेटा संग्रह को सक्षम बनाती है, जिससे असक्षमताओं को दूर करते हुए जल की बर्बादी पर प्रभावी रूप से नियंत्रण किया जा रहा है।



सुकिंदा क्रोमाइट प्लांट का ईटीपी का एरियल फोटो।

कंपनी ने बेंगलुरु स्थित औद्योगिक जल प्रबंधन फर्म फ्लक्सजेन सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी की है और अपने वाटर सर्किट को पूरी तरह से डिजिटल बनाया है। एफएएमडी के बुनियादी ढांचे में रणनीतिक रूप से सेंसर और वाटर मीटर लगाए गए हैं, जो उपयोगी और कार्रवाई योग्य डेटा एकत्र करते हैं। इस प्रणाली के इंटरएक्टिव वेब और मोबाइल एप्लिकेशन रीयल-टाइम जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे समय पर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाना संभव हो जाता है।

## एक नजर में

### पोटका की भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा ने रिम्स जाकर बिरसा मुंडा के वंशज का जाना हालचाल



**जमशेदपुर।** गुरुवार को रांची रिम्स में मीरा मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। कुछ दिनों पूर्व खूंटी में वे दुर्घटना के शिकार हो गये थे, जिससे उनके सिर में गहरी चोट आई थी। चिकित्सों से बात करने के बाद श्रीमती मीरा मुंडा ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### राकेश तिवारी साथियों संग सीएम हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा बने



**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव खरसावा के प्रभारी राकेश तिवारी आज रांची के मोराबादी में मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए रांची से लौट के बाद श्री तिवारी ने बताया कि लाखो की संख्या में जनता ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बनाया एवं इंडिया गठबंधन के सरकार के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नई सरकार नये जोश उमंग नए तेवर के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला होगा। श्री तिवारी के साथ कांग्रेस के नेता एल बी सिंह एवं अन्य नेता गण शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### आलम फाउंडेशन ने 10 वर्षों का सेवा उत्सव मनाया



**जमशेदपुर।** आलम वेलफेयर फाउंडेशन ने अपने 10 गौरवशाली वर्षों की सेवा यात्रा को आशा शम्स एंग्लो इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाया। इस विशेष अवसर पर स्कूल की प्राचार्य निखत परवीन, शिक्षिकाओं और बच्चों की उपस्थिति में केक काटकर समारोह की शुरूआत हुई। प्राचार्य निखत परवीन ने बच्चों को केक खिलाया और सभी ने इस खुशी के पल को मिलकर साझा किया। इस उत्सव के दौरान बच्चों के बीच केक, जूस और बिस्किट का वितरण किया गया, जिससे उनकी मुस्कुराहटें और भी खिल उठीं। फाउंडेशन के अध्यक्ष सैयद तारिक आलम ने फाउंडेशन की अब तक की यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। महासचिव मोहम्मद जमील अहसान ने फाउंडेशन की उपलब्धियों को सराहा और समाज सेवा के प्रति फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में सऊद आलम, नाजिया परवीन, हबीबा खातून, सब्बीर हुसैन, सबी इकबाल व अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### श्रीराम फाइनेंस का प्रेरक कैंपेन टुगेदर, वी सोअर लांच




**मुंबई/ जमशेदपुर।** देश की प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं मे से एक, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने टुगेदर, वी सोअर शिर्षित, एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है। यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। आज, कई भारतीय तो क्या? के सिद्धांत को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में दर्शाना है। संदेश स्पष्ट है, टुगेदर, वी सोअर अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत बनाकर, हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर, अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं। कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं, जो टीमवर्क और दृढ़ता के मूल्यों को दर्शाते हैं, जिसका श्रीराम फाइनेंस भी समर्थन करता है। उनकी उपस्थिति, विकास को प्रेरित करने वाली साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

### टीआरएफ यूनियन समेत कई यूनियन नेताओं ने आरके और गुरमीत को दी बधाई




**जमशेदपुर।** आज टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का सफल चुनाव के बाद विभिन्न संगठनों एवं व्यक्तिव द्वारा टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह को बधाई देने का सिलसिला जारी है। उसी क्रम में टीआरएफ यूनियन से वहां की उपाध्यक्ष बेबी सिंह,जनरल सेक्रेटरी अंजनी सिंह असिस्टेंट सेक्रेटरी नवीन कुमार असिस्टेंट सेक्रेटरी मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष प्रिया महतो, सुशील कुमार, राजीव सिंह, धर्मेंद्र कुमार, डीके सिंह ने टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय आकर अध्यक्ष गुरमीत सिंह महामंत्री आरके सिंह को फूलों का गुलदस्ता देते हुए पुनः तीसरी बार अध्यक्ष एवं महामंत्री के तौर पर निर्वाचित होने के लिए दोनों को बहुत-बहुत बधाई दिया अध्यक्ष महामंत्री ने उन्हें धन्यवाद देते हुए मुंह मीठा करने का अनुरोध किया। दूसरी ओर, टाटा मोटर्स के ग्रामीण विकास विभाग के मजदूरों के यूनियन के महामंत्री के साथ एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें महामंत्री लाल बाबू सिंह विनोद प्रसाद बंटी सिंह परवेज आलम और सुनील बारिक शामिल थे एवं कमिन्स मजदूर यूनियन प्रेसिडेंट दीपेंद्र चक्रवर्ती सुमित कुमार जनरल सेक्रेटरी आई मुरली राजू असिस्टेंट सेक्रेटरी कामेश्वर पांडेय, सुमित कुमार, सुमित कुमार मुखर्जी आदि लोग टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में उपस्थित होकर पुन निर्वाचित अध्यक्ष के तौर पर गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह जी को बधाई एवं शुभकामना दी।

# बाल विवाह के रोकथाम के लिए निकाली गई कैंडल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



कैंडल मार्च में उपस्थित लोग।

**मझिआंव।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा बाल विवाह को रोकथाम के लिए कड़ी मुहीम चलाई जा रही है और जागरूकता को लेकर हर तरह से कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी मुहीम में मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत में बाल विवाह को रोकने के उद्देश्य से पंचायत मुखिया कुमारी छाया के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च जाहरसराय गांव से शुरू हुई और आसपास के कई गांवों में निकाली गई। इस कैंडल मार्च में दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम एनजीओ के तहत किया गया। कैंडल मार्च के दौरान शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। शपथ दौरान यह वादा लिया गया कि वे बाल विवाह रोकने के हरसंभव प्रयास करेंगे, अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय में किसी बालिका का बाल विवाह नहीं होने देंगे और ऐसी किसी भी घटना की सूचना पंचायत, प्रखंड के साथ साथ सरकारी पदाधिकारियों को देंगे। साथ ही इस दौरान सभी लोगों ने बच्चों को अच्छी शिक्षा और सुरक्षा देने के लिए अपनी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, प्रखंड एनजीओ अंजली सिंह, विवेक सिंह, नंदू ठाकुर सहित अन्य कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते बैंकर्स।

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय कक्ष में गुरुवार को बीडीओ देवलाल करमाली के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से महिला स्वयं सहायता समूह के रोजगार सृजन हेतु चर्चा एवं ऋण उपलब्ध कराने विषय पर चर्चा की गई। साथ ही केसीसी ऋण उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुआ। वहीं कल्याण विभाग द्वारा रोजगार सृजन और मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार सृजन हेतु ऋण की उपलब्धता पर भी चर्चाए की गई तथा कौशल विकास हेतु कुटीर उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण एवं कार्यों की जानकारी बताई गई। बैठक के दौरान एलडीएम ने प्रखंड स्तरीय बैंकों को प्रखंड से समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक को लेकर बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि डंडई में अब मनरेगा मजदूरों का मजदूरी का पैसा भुगतान के दौरान 20 रुपए प्रति वर्ष के हिसाब से बीमा के लिए कटेगा। जिससे मजदूर का 2 लाख का बीमा होगा साथ ही जरूरतमंद मजदूरों का नजदीकी बैंक में खाता भी खुलेगा। साथ ही बैंकरो ने बताया है कि कोई भी मजदूर अपना खाता नजदीकी बैंक में आसानी से खुलवा सकते हैं।

# सीएजी रिपोर्ट: बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में 49 प्रतिशत पद रिक्त

एजेंसी



- चार एसडीएच में आपातकालीन ओटी उपलब्ध नहीं
- 2016-22 के दौरान लैब तकनीशियनों की कमी 100 प्रतिशत (औसतन) तक थी
- 10 एसडीएच, आरएच और सीएचसी में से किसी में भी कार्यात्मक रक्त भंडारण इकाई (बीएसयू) नहीं थी
- 132 वेंटिलेटर में से केवल 71 ही कार्यात्मक पाए गए

**पटना।** बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन पर सीएजी ने वर्ष 2016-22 तक की ऑडिट रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्य स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, राज्य औषधि नियंत्रक, खाद्य सुरक्षा विंग, आयुष और स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एमसीएच) में कुल 49 प्रतिशत पद रिक्त है।

बिहार में विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश को पूरा करने के लिए 1,24,919 एलोपैथिक डॉक्टरों की आवश्यकता थी, जिसके मुकाबले केवल 58,144 एलोपैथिक डॉक्टर ही उपलब्ध है। सीएजी के रिपोर्ट के मुताबिक स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित 82 प्रकार के 24,496 पदों में से 35 प्रकार के 13,340 पदों के लिए भर्ती विभाग की ओर से नियुक्त मानव संसाधन एजेंसी के पास जनवरी 2022 तक लंबित थी। रिपोर्ट के मुताबिक सभी नमूना-जांच किए गए चार एसडीएच में आपातकालीन ओटी उपलब्ध नहीं थी, हालांकि इसे भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) के अनुसार प्रत्येक एसडीएच में उपलब्ध कराया जाना था। वर्ष 2016-22 के दौरान 11 नमूना जांच की गई स्वास्थ्य सुविधाओं में पंजीकृत गर्भवतियों में से एक से 67 प्रतिशत को आईएफए गोलियों का पूरा कोर्स नहीं दिया गया। वित्त वर्ष 2016-22 के दौरान 16 नमूना जांच की गई स्वास्थ्य सुविधाओं में रिपोर्ट की गई मातृ मृत्यु के 24 मामलों में से केवल एक मामले (पीएचसी, गोरौल) में मातृ मृत्यु की समीक्षा की गई। परीक्षण जांच की गई 68 स्वास्थ्य सुविधाओं में 19 प्रतिशत से 100 प्रतिशत आवश्यक नैदानिक परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं।

सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि 19 स्वास्थ्य सुविधाओं (पीएचसी से एसडीएच) में, वर्ष 2016-22 के दौरान लैब तकनीशियनों (एलटी) की कमी 100 प्रतिशत (औसतन) तक थी। 25 एम्बुलेंसों के संयुक्त भौतिक सत्यापन से पता चला कि किसी भी एम्बुलेंस में समझौते के अनुसार आवश्यक उपकरण, दवा, उपभोग्य वस्तुएं नहीं थीं। 10 एसडीएच, आरएच और सीएचसी में से किसी में भी कार्यात्मक रक्त भंडारण इकाई (बीएसयू) नहीं थी। आठ स्वास्थ्य सुविधाओं में राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के जारी किए गए जनशक्ति और प्राधिकरण प्रमाणपत्रों की अनुपलब्धता के कारण बीएसयू गैर-कार्यात्मक थे। दवाओं, उपकरणों और अन्य उपभोग्य सामग्रियों की उपलब्धता 2016-22 के दौरान, नोडल एजेंसी यानी बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने केवल 14 से 63 प्रतिशत आवश्यक 387 दवाओं के लिए आपूर्तिकर्ताओं के साथ दर अनुबंध निष्पादित किया, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी दवाएं अनुपलब्ध रहीं।

बिहार सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुरूप कोई व्यापक स्वास्थ्य नीति/योजना तैयार नहीं की है, ताकि प्रत्येक स्वास्थ्य सुविधा में बुनियादी ढांचे/उपकरणों की कमी को दूर किया जा सके। विभाग ने (मार्च 2007 से फरवरी 2010 तक) 399 पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड करने की मंजूरी दी, लेकिन मार्च 2022 तक, निष्पादन एजेंसी (बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड) ने केवल 191 पीएचसी का निर्माण कार्य पूरा किया।

## एक नजर में

### नवादा में बैंक लुटेरे गिरफ्तार, लाखों रुपये बरामद

**नवादा।** नवादा पुलिस ने गुरुवार को एक लुटेरा गिरोह का पदार्फाश किया है। यह गिरोह बैंक से रुपये निकाल कर ले जाने वालों को टारगेट कर उनकी रुपये लूट लेते थे। पुलिस ने गिरोह के 4 लोगों को लूट के लाखों रुपये के साथ पकड़ा है। सभी लुटेरे ओडिशा के जाजपुर और गनजाम जिले के बताए जाते है। बता दें कि पिछले दिनों जिले के परनाडाबर थाना में एक युवक ने बाइक की डिक्की से बैंक से निकाले गए 3 लाख रुपये की चोरी की शिकायत दर्ज करायी थी। वहीं परनाडाबर थाना की पुलिस ने मामला दर्ज कर कांड में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी अभियुक्त को गया जिले के फतेहपुर से गिरफ्तार किया है। शातिर लुटेरों ने पुलिस को बताया है कि वह पहले बैंक से पैसे निकाल कर जा रहे लोगों की रेकी करते हैं और फिर मौका देखकर लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस ने इस मामले में घटना में शामिल लाइनर समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी किया हुआ 2 लाख 85 हजार रुपए बरामद कर लिए है। नवादा पुलिस के हत्थे चढ़े सभी लुटेरे ओडिशा के जाजपुर जिले के कोरई थाना क्षेत्र के पूर्वो गोट निवासी कावडी महेश के पुत्र कावडी चरंजीव, विजय दास के पुत्र अजय दास, गनजाम जिले के सोरडा थाना क्षेत्र के पंचान चौक के इशू राव के पुत्र शंकर राव और टी लक्ष्मण दास के पुत्र टी मारकोनडा शामिल है। पुलिस ने सभी लुटेरों को जेल भेज दिया है।

### दस हजार का इनामी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रघुनाथपूर से एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर कर्ण कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा 10 हजार रुपये इनाम की घोषणा की गई थी। जानकारी के मुताबिक ड्रग तस्करी के मामले में वह पूर्व से अबतक फरार चल रहा था, इस दौरान गुप्त सूचना मिलने के बाद उसे रघुनाथपूर से गिरफ्तार कर लिया गया।

### गैर जिम्मेदार विपक्ष ने अशोभनीय व्यवहार कर सदन को किया शर्मसार : उमेश

**पटना।** बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायकों के विधानसभा में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर जबरदस्ती बैठने का प्रयास संसदीय लोकतंत्र पर काला धब्बा है और लोकतंत्र के मंदिर में इससे दुर्भाग्यपूर्ण कोई घटना नहीं हो सकती है। श्री कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि विपक्ष के निम्नस्तरीय आचरण से सदन की गरिमा को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि गैर जिम्मेदार विपक्ष ने अशोभनीय और अमर्यादित व्यवहार कर सदन सहित पूरे बिहार को शर्मसार किया है। लोकसभा के बाद विधानसभा उपचुनाव में मिली एक के बाद एक करारी हार की बौखलाहट में राजद लोकतांत्रिक मूल्यों को भूल गयी है और अपनी राजनैतिक कुंठा को प्रकट कर रही है।

### रोहतास 55 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिला पुलिस ने जब्त वाहन दिलवाने के नाम पर 80 लोगों से लगभग 55 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार ने आज यहां बताया कि जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में नील कोठी निवासी चरणजीत सिंह ने पवन कुमार नामक व्यक्ति पर अपने भाई को अस्पताल में इलाज को लेकर एक लाख एक हजार रुपए मांग लिया। खुद को पुलिस विभाग का आदमी बताकर व्यवसाई चरणजीत से दोस्ती की। राशि मांगने पर उसे जान मारने की धमकी देने लगा। इस संबंध मे आरोपित सासाराम नगर थाना के शेरगंज निवासी दीनदयाल कश्यप के पुत्र पवन कुमार और उसके निशानदेही पर गिरोह में शामिल नासरीगंज थाना क्षेत्र के धुस निवासी अजय पासवान को गिरफ्तार किया। संयोग से अजय को कुछ घंटे पहले दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया था।

### राज्य में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं : मंगल

**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आज विधानसभा में कहा कि राज्य में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं होगी। श्री पांडेय ने अजय कुमार के अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि एक लाख 75 हजार मीट्रिक टन डीएपी की आवश्यकता के विरुद्ध वर्तमान में एक लाख 34 हजार मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बिहार को एक सप्ताह के भीतर केंद्र से 10 हजार मीट्रिक टन डीएपी मिल जाएगा। इसलिए, किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 77 प्रतिशत डीएपी उपलब्ध है और शेष एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करा दी जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रंका।** थाना क्षेत्र के हाटदोहर गांव निवासी अजय गोड़ की पुत्री आरती कुमारी 18 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार आरती की मां लकड़ी लेने घर से जंगल की ओर गई थी। पिता गाय को भूसा देने गए थे। आरती घर में अकेले थी। खाना बनाकर आरती अकेले अंदर से रुम को बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब आवाज लगाने पर आरती ने दरवाजा नहीं खोला तो दरवाजा तोड़कर देखा तो आरती फंसी के फंदे से झूल रही थी। उसके बाद उसके पिता ने आरती को रंका स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनो को सौप दिया है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**रंका।** थाना क्षेत्र के पूरेगड़ा गांव निवासी जगदीश कोरवा का पुत्र शिव पूजन कोरवा 35 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शिवपूजन कोरवा चिनिया गांव किसी काम से गया हुआ था। चिनिया गांव से वापस अपने घर लौटने के दौरान डोली पखल जंगल के पास हाथियों का झुंड था। हाथी की झुंड ने जब आवाज लगाया तो शिवपूजन कोरवा डर गया जिससे उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### छपरा : ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के पूर्व मध्य रेलवे के गोल्डेनगंज-सोनपुर रेलखंड पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है। राजकीय रेल थाना (सोनपुर) के सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि रेलखंड के बस्ती जलाल गांव के समीप रेलवे लाइन पर एक शव को देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची राजकीय रेल थाना की पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।

# कार-बाइक की भीषण टक्कर में पांच घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


इलाज करते चिकित्सक।

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के करमडीह मोड़ फोरलेन पर कार और बाइक की भीषण टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में कार सवार गढ़वा थाना क्षेत्र के बघौता गांव निवासी धर्मेंद्र प्रसाद (35), उनकी मां शकुंतला देवी (62), पुत्री दीपांजलि कुमारी (17), बाइक सवार रमना गांव निवासी आकाश चंद्रवंशी (32) व गोबिंद कुमार यादव (30) शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कार सवार परिवार शादी समारोह में शामिल होने मेदिनीनगर जा रहे थे। जबकि बाइक सवार युवक शादी के निमंत्रण कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान करमडीह फोरलेन पर दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां से आकाश चंद्रवंशी और धर्मेंद्र प्रसाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# झारखंड के सीएम बनने पर सांसद पप्पू यादव ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**पूर्णिया।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि भाई हेमंत सोरेन जी को चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। यह झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो आदिवासियों, किसानों, मजदूरों और झारखंड की जनता के अधिकारों और विकास के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। आपके नेतृत्व में झारखंड समृद्धि और प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। हम सभी झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में आपके साथ हैं। प्रभु से यही कामना है कि आप स्वस्थ रहें और अपनी ऊर्जा से राज्य को विकास की ओर अग्रसर करते रहें।

## चौथी बार लौवा पैक्स अध्यक्ष बने राजेश कुमार राय



**छपरा।** जिले के लौवां पंचायत का चौथी बार पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए राजेश कुमार राय। श्री राय अपनी जीत पर पंचायत की जनता का धन्यवाद जताया और कहा कि वह जनता के लिए एक बार पुनः काम में जूट जायेंगे। किसान भाईयों के विकास के लिए काम करते रहेंगे। इधर, श्री राय के जीत पर पंचायत में जश्न का माहौल है। लोग पटाखे छोड़कर तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिये।

# सरकार भूमि सर्वे के नियमों में बदलाव के लिए कैबिनेट में जल्द लाएगी प्रस्ताव : डॉ जयसवाल

## सरकार जमीन सर्वे में कुल 13 तरह की छूट देने जा रही है

एजेंसी

**पटना।** भूमि सर्वेक्षण को लेकर चल रहे घमासान के बीच विभागीय मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि भूमि सर्वेक्षण को लेकर बिहार के लोगों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। सरकार भूमि सर्वे के नियमों में बदलाव करेगी और जल्द ही कैबिनेट में इसको लेकर प्रस्ताव लाया जाएगा।

मंत्री दिलीप जायसवाल गुरुवार को विधानसभा के बाहर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। मंत्री जायसवाल ने कहा है कि बिहार का एक भी व्यक्ति जमीन सर्वे से परेशान नहीं होगा। जबतक जनता को सारा कागजात उपलब्ध नहीं करा देंगे, तबतक कोई भी कर्मचारी और पदाधिकारी बिहार की जनता को सर्वे के कारण कोई दिक्कत नहीं देगा। एक नया मसौदा एक सप्ताह के भीतर आ रहा है, जिसमें जनता के हित में सर्वे करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जमीन सर्वे में कुल 13 तरह की छूट देने जा रही है। कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा, इसके बारे में पहले जानकारी नहीं दे सकता लेकिन जिस तरह से जिस तरह से स्मार्ट मीटर का हवा निकल गया, उसी तरह से जमीन सर्वे का भी हवा निकल गया है। विपक्ष का हवा निकल चुका है और वह बेवजह हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम तो चाहते हैं कि नेता की जमीन को सीज कर गरीबों में बांट दिया जाए।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में विधानसभा के भीतर और बाहर विपक्ष का प्रदर्शन

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन विपक्ष ने सदन में स्मार्ट मीटर के मुद्दे को मजबूती के साथ उठाया है और सरकार से इस फैसले को वापस लेने की मांग की। विपक्षी विधायकों ने सदन के अंदर और बाहर प्रदर्शन किया। विपक्ष का कहना है कि बिहार सरकार और केंद्र सरकार ने गुपचुप तरीके से स्मार्ट मीटर वाली कंपनी से डील की है। किसी भी हाल में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रीय जनता दल के विधायक भाई वीरेंद्र ने सदन से निकलने के बाद बताया कि स्मार्ट मीटर जनता को मार रहा है और उनकी जेब को खाली कर रही है। सरकार तमाशा देख रही है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम लोगों ने पहले ही स्मार्ट मीटर का विरोध किया, अब इसका विरोध और भी ज्यादा तेज होगा। विधायक भाई वीरेंद्र ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच बड़ी डील हुई है और इसी डील के तहत स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है।

स्मार्ट मीटर को लेकर विपक्ष के विरोध करने संबंधी एक सवाल पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इनको प्रदर्शन करने दीजिए। सरकार पूरी तरह से स्मार्ट मीटर में जो गड़बड़ी है उसको ठीक भी कर रही है और लोगों को सही दर पर बिजली भी दे रही है। उन्होंने कहा कि इनका लालटेन का तेल खत्म हो चुका है और लालटेन फूट चुका है। उन्होंने जमीन सर्वे को लेकर बड़ा बयान दे दिया है और कहा है कि जो भी अधिकारी कर्मचारी इसमें भ्रष्टाचार करेंगे उनके खिलाफ सरकार ने कठोर कार्रवाई का निर्णय ले लिया है।

# बाढ़ से सुरक्षा संबंधी योजनाओं की अधिकारी हर सप्ताह करें समीक्षा : संतोष कुमार मल्ल

**लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने एवं केंद्र सरकार से लंबित प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए जरूरी निर्देश दिये**

एजेंसी




**पटना।** जल संसाधन विभाग की बाढ़ प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण योजनाओं की जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये। गुरुवार को पटना के सिंचाई भवन के सभागार में आयोजित बैठक में बिहार में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एफएमपी) की प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने एवं केंद्र सरकार से लंबित प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। इसमें जिन महत्वपूर्ण योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई, उनमें कोसी नदी के पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं शीर्ष पर सड़क निर्माण की योजना, अधवारा खिरोई और खिरोई नदी के बाएं एवं दाएं तटबंध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की योजना, खगड़िया शहर सुरक्षा योजना भाग-2, चंदन बाढ़ प्रबंधन योजना, भूतही बलान बायां तटबंध विस्तारित योजना प्रमुख है। बैठक में संबंधित मुख्य अभियंता एवं अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## इमरान, बुशरा समेत 75 पर मामला दर्ज



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, उनकी पत्नी बुशरा बीबी, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और पार्टी के कई अन्य नेताओं के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया है। रावलपिंडी के नसीराबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में इमरान खान की बहन अलीमा खान, उमर अयूब, शेरयार रियाज समेत 75 अन्य लोगों के नाम हैं। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि इमरान खान ने कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों को 22 नवंबर को इस्लामाबाद की ओर मार्च करने के लिए उकसाया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी, महिला से पूछताछ



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को मुंबई पुलिस की टीम ने हिरासत में लिया है।आरोपित महिला से पूछताछ चल रही है। मुंबई पुलिस ने इस धमकी भरे कॉल की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय को भी दी है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई पुलिस सेंट्रल कंट्रोल रूम में एक महिला कॉलर ने फोन कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मारने की योजना बनाई गई है। इसके बाद महिला कॉलर ने फोन कट कर दिया था। इस कॉल की जांच की गई और इस सिलसिले में एक महिला शीतल चव्हाण को हिरासत में लिया गया है। पुलिस महिला से पूछताछ कर धमकी भरे कॉल की सच्चाई जानने का प्रयास कर रही है।

## पुजारी गिरफ्तारी गलतः शेख हसीना

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए उनकी तुरुंत रिहाई की मांग की है। उन्होंने कार्यवाहक सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम रही। आवामी लीग की अध्यक्ष ने कहा ा सनातन धर्म के एक शीर्ष नेता को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है, उन्हें तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। चटगांव में एक मंदिर को जला दिया गया। इससे पहले अहमदिया समुदाय के मस्जिदों, दरगाहों, चर्चों, मठों और घरों पर हमला किया गया, तोड़फोड़ की गई, लूटपाट की गई और आग लगा दी गई।

## अमेरिका में अवैध प्रवेश पर लगेगी रोक : ट्रंप

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज प्रवासियों के अवैध प्रवेश को लेकर मेक्सिको के कदम पर खुशी जताई है। ट्रंप ने सोशल पर लिखा कि मेक्सिको की नई राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम पार्डो के साथ काफी सकारात्मक बातचीत हुई। वह मेक्सिको के जरिये संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवासन रोकने, हमारी दक्षिणी सीमा को प्रभावी ढंग से बंद करने पर सहमत हो गई हैं।

## दिल्ली के प्रशांत विहार में विस्फोट, एक घायल

नयी दिल्ली। रोहिणी में प्रशांत विहार में पीवीआर मल्टीप्लेक्स के पास गुरुवार दोपहर एक विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। हालांकि, यह कम तीव्रता वाला विस्फोट था। वहां पर मौजूद चेतन कुशवाहा

# बांग्लादेश हाई कोर्ट का इस्कॉन पर बैन लगाने से इनकार

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ लगातार जारी हिंसा के बीच वहां के उच्च न्यायालय ने गुरुवार को इस्कॉन पर बैन लगाने से इनकार कर दिया है। देशद्रोह के मामले में बांग्लादेश इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से ही हिंदू समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान ही एक वकील की मौत हो गई, जिसके बाद बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। इससे पूर्व अदालत से अनुरोध किया गया था कि वह स्वतः संज्ञान लेकर बांग्लादेश में इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश पारित करे। अदालत को सूचित किया गया था कि सरकारी

**▶▶ देशद्रोह मामले में इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से हिंदू समुदाय कर रहा है प्रदर्शन**

अधिकारियों ने इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए हैं। वकील ने बुधवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के बारे में कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को पेश किया और अदालत से संगठन पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। अदालत ने अटॉर्नी जनरल से इस्कॉन की हालिया गतिविधियों के संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा था। हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास को इस सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। दास को पहले इस्कॉन से निष्कासित कर दिया गया था।



उनकी गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को झड़पें हुईं, जिसमें सहायक सरकारी वकील एडवोकेट सैफुल इस्लाम की हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को कार्यवाही शुरू होने पर अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति फराह महबूब और न्यायमूर्ति देबाशीष रॉय चौधरी की पीठ के समक्ष यह जानकारी रखी। उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अनीक आर. हक और डिप्टी अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असद उद्दीन ने हाई कोर्ट की पीठ को बताया कि वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या और इस्कॉन की गतिविधियों के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं और इन संबंध में 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पीठ ने उम्मीद जताई कि सरकार कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा बांग्लादेश के लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहेगी।

### भारत ने अल्पसंख्यक की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया

भारत ने मंगलवार को दास की गिरफ्तारी और जमानत नहीं दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की और बांग्लादेश से हिंदुओं और अन्य सभी अल्पसंख्यक समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसके अलावा, बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के एक समूह ने बुधवार को बांग्लादेश सरकार को एक कानूनी नोटिस भेजकर इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की और इसे एक कट्टरपंथी संगठन बताया।

# पाक के कुर्रम में सांप्रदायिक हिंसा जारी, अब तक 100 मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में सांप्रदायिक झड़पों में मरने वालों की संख्या 100 से अधिक हो गई है। यह जानकारी अस्पताल प्रशासन ने गुरुवार को मीडिया को दी। गुरुवार को कुर्रम जिल में वाहनों के एक काफिल पर हुए हमले के बाद हिंसा भड़क उठी। जिले के घनी आबादी वाले बागान शहर में लगभग 200 वाहनों के काफिले पर भारी गोलीबारी की गई। बताया जा रहा है कि काफिले में अधिकतर शिया यात्री थे। हमले में कम से कम 43 लोग मारे गए थे और 16 अन्य घायल हो गए थे। यह काफिला पेशावर और पाराचिनार शहर के बीच यात्रियों को ले जा रहा था, जो कि



अफगानिस्तान सीमा के निकट कुर्रम जिले में है, जहां सांप्रदायिक हिंसा और भूमि विवादों का इतिहास रहा है। इस बीच प्रांतीय सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले का दौरा किया और दोनों संप्रदायों के बीच युद्ध विराम पर सहमति बनी। हालांकि, युद्ध विराम के दौरान भी छिटपुट झड़प जारी रहीं, जिससे मरने वालों की संख्या अब 100 से अधिक हो गई है।



**प्रियंका गांधी ने शपथ के बाद सोनिया और राहुल से लिया आशीर्वाद**

**नयी दिल्ली। वायनाड से नव निर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा में शपथ लेने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, अपनी मां और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी और अपने भाई और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से आशीर्वाद लिया।**

# नौसेना ने परमाणु मिसाइल के-4 का किया सफल परीक्षण

## बंगाल की खाड़ी में अरिघाट से 3,500 किमी. की मारक क्षमता वाली दागी मिसाइल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत ने नौसेना में शामिल की गई परमाणु पनडुब्बी अरिघाट से परमाणु मिसाइल के-4 दागकर सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। पनडुब्बी-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल (एसएलबीएम) का यह परीक्षण विशाखापट्टनम के पास बंगाल की खाड़ी में किया गया। हाल ही में कमीशन की गई आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली परमाणु सक्षम मिसाइल के-4 का परीक्षण भारतीय नौसेना की प्रतिरोधक क्षमताओं का महत्वपूर्ण विकास दर्शाता है। परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट 29 अगस्त को भारतीय नौसेना के बेड़े में



शामिल की गई थी। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी मिलने से नौसेना की समुद्री सामरिक क्षमता मजबूत हुई है। साथ ही भारत को पानी के युद्ध में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल गई है। इसी ताकत को परखने के लिए भारत ने 6,000 टन की पनडुब्बी अरिघाट से अपनी परमाणु सक्षम के-4 पनडुब्बी लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। हालांकि, इस परीक्षण की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन रक्षा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विशाखापट्टनम के तट पर बंगाल की खाड़ी में बुधवार को सुबह अभ्यास के हिस्से के रूप में के-4 मिसाइल को लॉन्च किया गया। ठोस ईंधन से संचालित के-4 मिसाइल की मारक क्षमता 3,500 किलोमीटर है।

इससे पहले के-4 मिसाइल का परीक्षण केवल सबमर्सिबल पोंटून से ही किया गया था, इसलिए नौसेना में शामिल होने के बाद पूरी तरह से चालू पनडुब्बी से यह प्रक्षेपण भारत की नौसेना क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया है। सूत्रों के मुताबिक परीक्षण के परिणामों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया जाएगा, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि मिसाइल अपने मापदंडों पर खरी उतरी या नहीं। बंगाल की खाड़ी में मध्यम दूरी की मिसाइल परीक्षण के लिए भारत ने सार्वजनिक क्षेत्र चेतावनी और एयरमैन को नोटिस (नोटम) जारी किया था। नोटम में कहा था कि भारत 27 से 30 नवंबर के बीच 3,500 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर लक्ष्य को मारने वाली मिसाइल का परीक्षण कर सकता है। नोटम एक तरह का नोटिस है, जो विमान के पायलटों को हवाई मिशनों की सूचना देने के लिए जारी किया जाता है, ताकि उड़ान मार्ग या संभावित खतरों के बारे में सचेत किया जा सके। यह मिसाइल परीक्षण भारत के अपने सामरिक रक्षा रुख को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा था।

# अडाणी व संभल को लेकर दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को भी विपक्ष के हंगामें की भेंट चढ़ गई। दोनों सदनों में अडानी रिश्वत और संभल मामले पर हुए हंगामे के चलते पहले कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में गुरुवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और नांदेड़ सांसद रवीन्द्र चव्हाण ने सदस्यता की शपथ ली। इसके बाद कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोपहर में दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। नतीजतन, कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में ध्वनिमत से वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव को समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की ओर से रखा गया। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा की कार्यवाही नहीं चलने देने के लिए विपक्ष की निंदा की। उन्होंने कहा कि

### लोकसभा व राज्यसभा में नहीं हुआ कोई कामकाज

कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सभी सदस्य विधेयकों पर चर्चा करने और कामकाज को ठीक से चलने देने के लिए राजी हुए थे। हालांकि यहां हंगामा हो रहा है। उन्होंने वक्फ संबंधित समिति का कार्यकाल बढ़ाये जाने के दौरान भी विपक्ष के हंगामा करने की निंदा की। उन्होंने कहा कि सर्वसम्मति से समिति का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर सहमति बनी थी लेकिन प्रस्ताव पर मतदान के दौरान विपक्ष हंगामा कर रहा है। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को संविधान की 75वीं वर्षगांठ का ध्यान दिलाते हुए कहा कि संविधान सभा में भी असहमति थी और बहस हुई हैं लेकिन इस तरह का हंगामा ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के दौरान संविधान सभा में भी बहसें हुईं, असहमति और सहमति भी बनीं लेकिन सभी ने मर्यादित आचरण बनाए रखा। वे विपक्ष को हर मुद्दे पर पर्याप्त समय और अवसर देंगे। इस बीच राज्यसभा में भी कार्यवाही बाधित रही।

## श्रीलंका में बाढ़ से दो लाख से अधिक लोग प्रभावित, चार बच्चे मरे

**कोलंबो।** श्रीलंका में बरसात और बाढ़ से भारी तबाही हुई है। देश के 18 जिलों के 2लाख 30 हजार से अधिक व्यक्ति गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। अब तक चार लोगों की जान जा चुकी है। छह लोग लापता बताए जा रहे हैं। इस दौरान 15 हजार से अधिक प्रभावितों को 165 अस्थायी आश्रयों में स्थानांतरित किया गया है। समाचार पत्र डेली न्यूज की खबर में आपदा प्रबंधन केंद्र के हवाले से खराब मौसम के दौरान हुई जान-माल की क्षति की जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि अब तक आठ घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं और 620 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दौरान बाढ़ में फंसे विदेशी पर्यटकों के एक समूह को सुरक्षित बचा लिया गया। ओलुविल-कलियोडा क्षेत्र में एक पुल ढह जाने से अक्करैपट्टू-कलमुनई सड़क पर यातायात बाधित हो गया है। अंपारा जिले के करैतिवु में बाढ़ की चपेट में आए छह स्कूली बच्चों में से चार के शव कल पुलिस लाइफगार्ड्स और नौसेना और सेना के जवानों ने बरामद किए हैं।

# सुदूर क्षेत्रों में काम करें अधिकारी बदलें देश की तस्वीर : अमित शाह

### गृह मंत्री ने मसूरी में प्रशिक्षु अधिकारियों को दी प्रेरणा

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारियों को देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी अब केवल प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित नहीं है बल्कि देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की भी है। आपके कंधों पर आने वाले वर्षों में देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे विशेष रूप से उन सुदूर और पिछड़े क्षेत्रों में काम करने का प्रयास करें जहां विकास की गति धीमी है। गृहमंत्री ने देश के समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा कि मोदी सरकार हर वर्ग के लोगों का विकास करना चाहती है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए 2047 तक देश को



विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें अधिकारी की भूमिका अहम है, क्योंकि आपको सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करना है। मोदी सरकार देश के हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य कर रही है। देश को स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है।नक्सलवाद और अन्य सुरक्षा चुनौतियों पर चचार्गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद और अन्य सुरक्षा चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद से निपटने के लिए ठोस कदम उठा रही है और इस दिशा में अधिकारी अहम भूमिका निभा सकते हैं।






# ट्रंप की नीतियों की अनिश्चितता से शेयर बाजार में कोहराम

## सेंसेक्स 1190 और निफ्टी 360 अंक लुढ़का

**▶▶ निवेशकों को 1.08 लाख करोड़ रुपये का नुकसान**

**एजेंसी**

**मुंबई।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों और महंगाई आंकड़ों से फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती को लेकर जारी अनिश्चितता से हताश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में गुरुवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1190.34 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,043.74 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 360.75 अंक यानी 1.49 प्रतिशत लुढ़ककर 23,914.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.06 प्रतिशत गिरकर 45,929.80 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,782.58 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4049 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2207 में लिवाली जबकि 1733 में बिकवाली हुई वहीं 109 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां लाल जबकि अन्य चार हरे निशान पर बंद हुई।शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के



निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 443.40 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। बीएसई में रियल्टी, तेल एवं गैस और यूटिलिटीज की 0.63 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान फोकस्ड आईटी 2.35, आईटी 2.26, टेक 2.12, वित्तीय सेवाएं 0.68, हेल्थकेयर 0.51, दूरसंचार 0.65, ऑटो 1.39, बैंकिंग 0.81, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.81 और धातु समूह के शेयर 0.45 प्रतिशत टूट गए।

**इन कंपनियों के शेयर बढ़े :** पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी इंटरप्राइजेज 1.64 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 0.82 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 0.57 प्रतिशत और सिप्ला 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ के टॉप 4 गेनर्स में शामिल हुए।

**इन कंपनियों के शेयर घटे :** दूसरी ओर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 5.10 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.53 प्रतिशत, इंफोसिस 3.53 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 3.36 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस 2.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।